

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 213 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 13 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# पीएसबी ने रचा इतिहास: 1.98 लाख करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा, एनपीए सबसे निचले स्तर पर

## लगातार चौथे साल लाभ में रहे सरकारी बैंक, मजबूत ऋण वृद्धि और डिजिटल सुधारों का दिखा असर

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने वित्त वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1.98 लाख करोड़ रुपये का सर्वकालिक उच्च शुद्ध लाभ अर्जित किया है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब सरकारी बैंक मुनाफे में रहे हैं। बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत ऋण वृद्धि और परिचालन दक्षता में सुधार ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




31 मार्च 2026 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल कारोबार 12.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ बढ़कर 283.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस दौरान कुल जमा राशि 10.6 प्रतिशत बढ़कर 156.3 लाख करोड़ रुपये रही, जबकि सकल अग्रिम ऋण 15.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 127 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

खुदरा ऋण में 18.1 प्रतिशत, कृषि ऋण में 15.5 प्रतिशत तथा एमएसएमई ऋण में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसे वित्तीय समावेशन और छोटे उद्यमों को मजबूती देने की दिशा में बड़ा संकेत माना जा रहा है।

### एनपीए रिकॉर्ड निचले स्तर पर

सरकारी बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 1.93 प्रतिशत रह गया, जबकि शुद्ध एनपीए अनुपात 0.39 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है।

सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 90 प्रतिशत से अधिक का प्रोविजनिंग कवरेज अनुपात बनाए रखा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह बेहतर जोखिम प्रबंधन, विवेकपूर्ण प्रोविजनिंग और मजबूत बैलेंस शीट का परिणाम है।

### विकसित भारत के लक्ष्य में अहम भूमिका

सरकार द्वारा बेहतर शासन व्यवस्था, तकनीकी सुधार, ऋण अनुशासन और औपचारिक बैंकिंग पहुंच बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक असर अब बैंकिंग क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। मजबूत पूंजी, बेहतर लाभप्रदता और सुदृढ़ संस्थागत क्षमता के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अब वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

### वसूली और परिचालन लाभ में भी बढ़ोतरी

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान नए बकाया ऋण में कमी दर्ज की गई और बकाया अनुपात घटकर 0.7 प्रतिशत रह गया। बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली सहित कुल रिकवरी 86,971 करोड़ रुपये रही।

इसी अवधि में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल परिचालन लाभ बढ़कर 3.21 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 11.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

31 मार्च 2026 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल सीआर-एआर (पूंजी से जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात) 16.6 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो नियामकीय आवश्यकता 11.5 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह सुधार आंतरिक संसाधनों, संचित आय और वर्ष 2025-26 में जुटाई गई 50,551 करोड़ रुपये की पूंजी के कारण संभव हुआ।

इसके अलावा लागत-से-आय अनुपात घटकर 49.67 प्रतिशत पर पहुंच गया, जिसे बेहतर लागत प्रबंधन, प्रौद्योगिकी आधारित बैंकिंग प्रणाली और डिजिटल सुधारों का परिणाम माना जा रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आह्वान: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश से जुड़ें, ईंधन व ऊर्जा की बचत करें

सरकारी फ्लीट में 50 प्रतिशत कमी, वर्चुअल बैठकों और वर्क फ्रॉम होम पर जोर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान से जुड़ने की अपील करते हुए ईंधन की खपत कम करने तथा अनावश्यक खर्चों से बचने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सभी नागरिकों को सतर्क रहकर प्रधानमंत्री के संदेश को व्यवहार में उतारना चाहिए।

### सरकारी व्यवस्थाओं में बड़े बदलाव के निर्देश

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के काफिले में वाहनों की संख्या तत्काल 50 प्रतिशत तक घटाई जाए। साथ ही अनावश्यक सरकारी वाहनों को हटाने तथा सभी बैठकों, सेमिनारों, कॉन्फ्रेंस और कार्यशालाओं को अधिक से अधिक वर्चुअल माध्यम से आयोजित करने पर बल दिया गया।

### वर्क फ्रॉम होम और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने तथा "नो व्हीकल डे" मनाने की अपील की।

उन्होंने पीएनजी, मेट्रो, इलेक्ट्रिक वाहन, साइकिल, कार पूलिंग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के अधिक उपयोग पर जोर दिया। औद्योगिक संस्थानों और बड़े स्टार्टअप्स को सप्ताह में कम से कम दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र परिवहन के लिए बसों के समुचित उपयोग तथा आवश्यकता अनुसार परिवहन निगम की बसों के सहयोग की बात कही गई।

### बिजली बचत और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से बिजली की बचत करने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी भवनों, घरों और निजी प्रतिष्ठानों में अनावश्यक बिजली का उपयोग न किया जाए। उन्होंने रात 10 बजे के बाद सजावटी लाइटों के सीमित उपयोग का भी सुझाव दिया।

इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों और विवाह समारोहों में स्वदेशी उत्पादों, ओडीओपी एवं जीआई टैग प्राप्त वस्तुओं को उपहार के रूप में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### सामूहिक प्रयास से ही संभव है लक्ष्य की प्राप्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाकर ही ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सशक्त बनाया जा सकता है।

# कश्मीर यात्रा के लिए पसंदीदा बनी वंदे भारत, यात्रियों की भारी मांग

समाज जागरण

जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ने अपने परिचालन के पहले 10 दिनों में लगभग 45 हजार यात्रियों को सेवा प्रदान की है। जम्मू-कश्मीर कॉरिडोर पर शुरू हुई इस सेवा ने तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, स्थानीय लोगों और व्यापारियों के लिए घाटी तक पहुंच को पहले से कहीं अधिक आसान, तेज और किफायती बना दिया है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून 2025 को ऐतिहासिक 272 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक का उद्घाटन किया था। इसके बाद 30 अप्रैल 2026 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विस्तारित 20 कोच वाली जम्मू-तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### पहले 10 दिनों में 44,727 यात्रियों ने किया सफर

2 मई से नियमित परिचालन शुरू होने के बाद महज 10 दिनों में चारों ट्रेनों ने दोनों दिशाओं में कुल 44,727 यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाया। वहीं, परिचालन के पहले सप्ताह में ही 8 मई तक 28,762 यात्रियों ने इस सेवा का लाभ उठाया।

जम्मू-कश्मीर कॉरिडोर पर फिलहाल वंदे भारत सेवाओं की दो जोड़ियां संचालित हो रही हैं। ट्रेन संख्या 26401 और 26402 मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलती हैं, जबकि ट्रेन संख्या 26403 और 26404 बुधवार को छोड़कर बाकी सभी दिनों में संचालित होती हैं। इससे सप्ताह में अधिकतर दिनों में यात्रियों को चार ट्रेनों की सुविधा मिल रही है।

### यात्रियों की भारी मांग, कई दिनों में लगभग फुल रही ट्रेनें

266 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर यात्रियों की भारी मांग देखने को मिली है। 3 मई को 4,977 यात्री, 8 मई को 4,955, 9 मई को 5,284, 10 मई को 5,657 और 11 मई को 5,024 यात्रियों ने सफर किया। रेलवे के अनुसार, पहले 8 डिब्बों वाली ट्रेनें पूरी तरह भर जाती थीं, लेकिन अब 20 डिब्बों के विस्तार के बाद भी ट्रेनें लगभग पूरी क्षमता से चल रही हैं।

### सप्ताहांत में बढ़ी यात्रियों की संख्या

जिन दिनों केवल एक जोड़ी ट्रेनें चलीं, उन दिनों भी ऑक्यूपेंसी दर 95 प्रतिशत से अधिक रही। 5 मई को यह 95.03 प्रतिशत और 6 मई को 94.79 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं, सप्ताहांत में यात्रियों की संख्या में सबसे अधिक बढ़ोतरी देखने को मिली। शनिवार और रविवार को करीब 11 हजार यात्रियों ने सफर किया। 10 मई को अकेले ऑक्यूपेंसी दर 98.21 प्रतिशत रही, जो इस रूट पर पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है।

### तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत

यह ट्रेन सेवा सिर्फ परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के लिए नई जीवनरेखा बनकर उभरी है। तीर्थयात्री, छात्र, सरकारी अधिकारी और व्यापारी अब बिना रुकावट जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा कर पा रहे हैं। पर्यटक अब वंदे भारत की आरामदायक यात्रा के दौरान चेनाब रेल पुल और अंजी पुल जैसी इंजीनियरिंग की अद्भुत संरचनाओं का आनंद भी ले रहे हैं।

### हर मौसम में भरोसेमंद यात्रा का विकल्प

रेलवे के अनुसार, इस ट्रेन को माइनस 20 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे में बर्फबारी और भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने की स्थिति में भी यह सेवा एक भरोसेमंद विकल्प बनी रहेगी।

### हवाई यात्रा और टैक्सी से सस्ती सुविधा

रेलवे का कहना है कि जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत रूट हवाई यात्रा और सड़क मार्ग की तुलना में काफी किफायती है। चेयर कार का किराया भोजन सहित बजट एयरलाइन टिकट से काफी कम है, जबकि साझा टैक्सी और निजी कैब की तुलना में भी यह अधिक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प साबित हो रहा है।

कश्मीर के पर्यटन सीजन को मिलेगा बड़ा फायदा

ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान शुरू हुई इस सेवा से कश्मीर आने वाले पर्यटकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पर्यटक अब जम्मू तवी से पांच घंटे से भी कम समय में श्रीनगर पहुंच सकते हैं।

डल झील, पहलगाम और गुलमर्ग जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंच अब पहले से ज्यादा आसान हो गई है। रेलवे को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में यात्रियों की संख्या और तेजी से बढ़ेगी।

### जम्मू-कश्मीर को जोड़ने वाली नई जीवनरेखा

जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस सिर्फ यात्रियों को नहीं, बल्कि एक अधिक जुड़े हुए, सुलभ और समृद्ध जम्मू-कश्मीर के सपने को भी आगे बढ़ा रही है। (इनपुटः पीआईबी)

## एम्स नई दिल्ली अब वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है : उपराष्ट्रपति



उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के 51वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एम्स अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुसरण नहीं कर रहा, बल्कि स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि एम्स चिकित्सा नवाचार और स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जो आम लोगों को सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि महामारी प्रबंधन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में ‖एम्स ब्रांड‖ भरोसे और सत्यनिष्ठा का प्रतीक बन गया है।

### वहन करने योग्य शुल्क पर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा की सराहना

सी.पी. राधाकृष्णन ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, एम्स के निदेशक और संकाय सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान शैक्षणिक गुणवत्ता से समझौता किए बिना बड़ी संख्या में मरीजों का कुशल प्रबंधन कर रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स दशकों से ऐसे विशेषज्ञ तैयार कर रहा है, जिनमें चिकित्सा उत्कृष्टता के साथ नैतिकता और सहानुभूति की भावना भी मजबूत है। उन्होंने यह भी कहा कि एम्स के पूर्व छात्र दुनिया भर के प्रतिष्ठित संस्थानों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा रहे हैं।

चयन प्रक्रिया पर उठाए गंभीर सवाल, पारदर्शिता और संस्थागत स्वतंत्रता पर बहस तेज

# सीबीआई चीफ चयन बैठक में हंगामा:

## राहुल गांधी ने जताई आपत्ति, कहा– "मैं रबर स्टैंप नहीं हूं"

नई दिल्ली। देश की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई के नए निदेशक के चयन को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक में भारी राजनीतिक हलचल देखने को मिली। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताते हुए असहमति पत्र (डिसेंट नोट) सौंप दिया।

यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई थी।

### "विपक्ष को रबर स्टैंप नहीं बनाया जा सकता": राहुल गांधी



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में कहा कि विपक्ष के नेता की भूमिका केवल औपचारिक "रबर स्टैंप" की नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सार्थक भागीदारी से वंचित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चयन समिति में विपक्ष की मौजूदगी का उद्देश्य संस्थागत संतुलन बनाए रखना है, लेकिन व्यवहार में इसे प्रभावी भूमिका नहीं दी जा रही।

### चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों से जुड़े आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध नहीं कराए गए। उनके अनुसार, उन्हें बैठक के दौरान ही 69 उम्मीदवारों के रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने को कहा गया, जो व्यवहारिक रूप से संभव नहीं था।

# भारत के लिए 'ऑफर' लेकर आ रहे रूस के विदेश मंत्री ! एनर्जी संकट में फिर दोस्त देगा साथ

## ऊर्जा सहयोग पर भारत-रूस वार्ता, नई दिल्ली में होगी अहम बैठक

समाज जागरण

नई दिल्ली। वैश्विक ऊर्जा संकट और बदलते अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच भारत और रूस के संबंधों में एक बार फिर महत्वपूर्ण कूटनीतिक गतिविधि देखने को मिल रही है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव बुधवार को नई दिल्ली पहुंच रहे हैं, जहां उनकी मुलाकात भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से होगी।

### ऊर्जा क्षेत्र में बड़े प्रस्ताव की उम्मीद

सूत्रों के अनुसार, इस उच्च स्तरीय बैठक में रूस की ओर से भारत को ऊर्जा क्षेत्र में नए सहयोग प्रस्ताव दिए जा सकते हैं। मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच यह वार्ता दोनों देशों के रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### व्यापार और रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

रूस के विदेश मंत्रालय ने इस बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। जानकारी के अनुसार, दोनों देश ऊर्जा सहयोग बढ़ाने, द्विपक्षीय व्यापार को सुदृढ़ करने तथा दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के विस्तार पर विस्तृत चर्चा करेंगे।



### वैश्विक नजरों में अहम बैठक

इस मुलाकात पर केवल भारत और रूस ही नहीं, बल्कि पश्चिमी देशों की भी नजर बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वार्ता के परिणाम वैश्विक ऊर्जा बाजार और कूटनीतिक समीकरणों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

### भारत-रूस संबंधों में नई मजबूती के संकेत

विश्लेषकों के अनुसार, यह बैठक दोनों देशों के ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंधों को और नई दिशा दे सकती है। ऊर्जा क्षेत्र में संभावित सहयोग भारत की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती प्रदान कर सकता है।

# नीट परीक्षा रद्द, छात्र परेशान, सड़क पर संग्राम

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

तीन मई को संपन्न हुई नीट अंडर ग्रेजुएट परीक्षा पर एक बार फिर ग्रहण लग गया है। देशभर के लाखों छात्रों की उम्मीदों पर पानी फिर गया, जब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परीक्षा रद्द करने का ऐलान कर दिया। नीट परीक्षा में करीब 24 लाख परीक्षार्थी बैठे थे। पेपर लीक की खबरों ने पूरे सिस्टम को हिला दिया। राजस्थान से पेपर आउट होने की अफवाहें तेज हैं और विपक्ष ने इसे मोदी सरकार पर सीधा हमला बोल दिया। छात्र सड़कों पर उतर आए, आक्रोश की लहर दौड़ गई। सरकार ने आनन-फानन में नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दे दिया है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर बार-बार ऐसा क्यों हो रहा है? शिक्षा माफिया की साजिशें कब थमेगी? यह कोई नई घटना नहीं। पिछले सालों




में कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। इन घटनाओं ने न सिर्फ छात्रों का भविष्य दांव पर लगा दिया, बल्कि राजनीतिक घमासान भी खड़ा कर दिया। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या परीक्षा प्रणाली में सुधार की बातें बेईमानी साबित हो रही हैं? क्या सरकार भरोसा दिला सकती है कि दोबारा परीक्षा लीक नहीं होगी? बात नीट कांड की शुरूआत कैसे हुई, की जाए तो तीन मई को सुबह नौ बजे शुरू हुई परीक्षा के कुछ घंटों बाद ही सोशल मीडिया पर पेपर के सवाल वायरल हो गए। राजस्थान के सीकर और जयपुर इलाकों से लीक की पुष्टि हुई। तत्पश्चात, पुलिस अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है, जिनमें परीक्षा केंद्र के कुछ कर्मचारी और दलाल शामिल हैं। ये गिरफ्तारियां साजिश के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश कर रही हैं। छात्रों का कहना है कि बिहार, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी पेपर पहले से बिक रहा था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने रद्दीकरण का फैसला लेते हुए नई तारीख जल्द घोषित करने का वादा किया है, लेकिन छात्रों का गुस्सा ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा। दिल्ली, मुंबई और पटना में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। परिवार वाले चिंतित हैं कि दोबारा परीक्षा का बोझ कैसे झेलें।

पिछले सालों के काले अध्याय याद आते हैं, जब परीक्षा प्रणाली पर सेंध लग चुकी थी। 2015 में वाइब्रेंट गुजरात के दौरान आयोजित जीएलओई परीक्षा का पेपर लीक हुआ। सैकड़ों उम्मीदवारों को फायदा पहुंचा। फिर 2021 में बिहार के बीपीएससी परीक्षा का मामला सामने आया, जहां पेपर सॉल्वर गिरोह ने हल्ला बोल दिया। 2022 में यूपीटीईटी का पेपर लीक हुआ, जिसके बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी। उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के आदेश दिए, लेकिन दोषियों को सजा मिलने में देरी हुई। इसी साल फरवरी में रोहिणी परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया। बिहार में नीट पीजी का कांड तो सुर्खियों में रहा। सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप कर परीक्षा स्थगित की। महाराष्ट्र में एमपीएससी का पेपर लीक होने से हड़कंप मच गया। ये घटनाएं बताती हैं कि शिक्षा माफिया का जाल कितना गहरा है। ये गिरोह परीक्षा केंद्रों के अंदरूनी लोगों से सेटिंग कर पेपर हासिल कर लेते हैं और अमीर छात्रों को बेच देते हैं। इन पेपर लीक मामलों पर राजनीति का खेल हमेशा चरम पर रहता है। विपक्ष इसे सरकार की नाकामी बताकर हमला बोलता है। इस बार नीट रद्दीकरण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। राहुल गांधी ने संसद में बहस की मांग की। आप के अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में छात्रों का साथ देते हुए शिक्षा मंत्री पर सवाल उठाए। वहीं भाजपा ने इसे राज्य सरकारों की साजिश बताया, खासकर राजस्थान और बिहार में। 2022 के यूपीटीईटी कांड में सपा ने योगी सरकार को घेरा था, जबकि भाजपा ने विपक्षी राज्यों को जिम्मेदार ठहराया। बिहार में नीट पीजी लीक पर आरजेडी और जदयू ने नीतीश कुमार सरकार पर तीर चलाए। हर बार चुनावी मौसम में ये मामले राजनीतिक हथियार बन जाते हैं। पार्टियां वोट बैंक के लिए छात्र आंदोलनों का फायदा उठाती हैं, लेकिन स्थायी समाधान कोई नहीं देता। यह राजनीतिक नौटंकी छात्रों के दर्द को और बढ़ा देती है। वैसे, पेपर लीक कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला लंबा है, लेकिन नाकाफी। पुलिस अक्सर गिरफ्तारियां तो करती है, मगर सजा मिलना मुश्किल होता है। 2022 के यूपीटीईटी मामले में एसटीएफ ने 15 लोगों को पकड़ा, लेकिन अदालत में केस लंबा खिंच गया। बिहार में 2024 के बीपीएससी कांड में 20 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुईं, कई को जमानत मिल गई। राजस्थान पुलिस ने नीट मामले में अब तक आठ को हिरासत में लिया, लेकिन मास्टरमाइंड फरार हैं। कानून में सख्त प्रावधान हैं। पब्लिक एग्जामिनेशन अथॉरिटी एक्ट 2024 के तहत पेपर लीक पर दस साल की सजा और जुमार्ना है। फिर भी अमल कमजोर है। सॉल्वर गिरोहों पर नकेल कसने के लिए विशेष अदालतें बनाई गईं, लेकिन भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। कई मामलों में अधिकारी ही शामिल पाए गए, जिससे जांच प्रभावित होती है। कार्रवाई दिखावटी रह जाती है। परीक्षा लीक मामले में न्यायपालिका ने कई बार सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी लीक पर केंद्र को फटकार लगाई और निष्पक्ष जांच का आदेश दिया। यूपीटीईटी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परीक्षा रद्द कर दोबारा आयोजित करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि छात्रों का भविष्य दांव पर नहीं लग सकता। 2023 में बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा पर पटना हाईकोर्ट ने हस्तक्षेप किया। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच ने स्पष्ट कहा कि पेपर लीक पारदर्शिता का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल सर्विलांस और सख्त सुरक्षा के निर्देश दिए। लेकिन कोर्ट के फैसले लागू करने में देरी होती है। न्यायपालिका ने कई बार सरकार को केंद्रीय एजेंसी बनाने का सुझाव दिया, ताकि राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार रोका जा सके। कोर्ट छात्रों के हित में खड़ा दिखता है, लेकिन सिस्टम की कमजोरी उजागर करता रहता है।

एनजीओ ने भी इस लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। राइट टू एजुकेशन फोरम और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन जैसे संगठन ने कई पिटीशन दाखिल कीं। 2022 में यूपीटीईटी पीड़ित छात्रों ने एनजीओ की मदद से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ट्रांसपेरेंसी इन एजुकेशन सोसाइटी ने नीट कांड पर रिपोर्ट जारी कर मांग की कि परीक्षा प्रक्रिया में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी इस्तेमाल हो। ये संगठन छात्रों को कानूनी सहायता देते हैं और जागरूकता फैलाते हैं। बिहार में जस्टिस फॉर स्टूडेंट्स एनजीओ ने सॉल्वर गिरोह के खिलाफ स्टिंग ऑपरेशन किए। एनजीओ ने सरकार पर दबाव डाला कि पेपर लीक रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम अपनाया जाए। इनकी सक्रियता से कई मामलों में तेज कार्रवाई हुई, लेकिन संसाधनों की कमी से प्रभाव सीमित रहता है। फिर भी ये सिविल सोसाइटी की आवाज बनते हैं। बहरहाल, लाख टके का सवाल यही है कि यह सिलसिला कब थमेगा? नीट रद्दीकरण ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लाखों छात्रों का एक साल बर्बाद हो गया। शिक्षा माफिया को कुचलने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। राजनीतिक दलों को आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर सुधार पर ध्यान देना चाहिए। न्यायपालिका और एनजीओ की भूमिका सराहनीय है, लेकिन सरकार की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है। अगर अब भी सुधार नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। छात्रों की मेहनत व्यर्थ नहीं होनी चाहिए। उम्मीद है कि इस कांड से सबक लिया जाएगा।

# वैश्विक अस्थिरता और जनभागीदारी का संकल्प

**– महेन्द्र तिवारी**

भारत इस समय ऐसे वैश्विक दौर से गुजर रहा है जहाँ अंतरराष्ट्रीय तनाव, बढ़ती तेल कीमतें और विदेशी मुद्रा पर दबाव जैसी चुनौतियाँ लगातार सामने आ रही हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत जैसे देश, जो अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करते हैं, उनके लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि वे अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करें और राष्ट्रहित में संयम अपनाएँ। उन्होंने लोगों से एक वर्ष तक गैर जरूरी सोने की खरीदारी टालने, पेट्रोल और डीजल का सीमित उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और अनावश्यक विदेशी यात्राओं से बचने का आग्रह किया है।




प्रधानमंत्री की यह अपील केवल एक सामान्य सलाह नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी आर्थिक चिंता छिपी हुई है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। देश अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तब भारत को अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। हाल के दिनों में कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुँच गई है। कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया कि कीमतें 126 डॉलर प्रति बैरल के करीब तक चली गईं।

तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। परिवहन महँगा होता है, वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं और महँगाई का दबाव बढ़ जाता है। भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का उपयोग बहुत बड़े स्तर पर होता है। यदि देश का हर नागरिक थोड़ी भी बचत करे तो करोड़ों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने मेट्रो, रेल, साझा वाहन और विद्युत वाहनों के उपयोग पर जोर दिया है।

सोने की खरीदारी को लेकर की गई अपील भी आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना उपभोक्ता देश माना जाता है। देश में हर वर्ष लगभग 700 से 900 टन सोने का आयात होता है। भारत में घरेलू उत्पादन बहुत कम है, इसलिए लगभग पूरा सोना विदेशों से आता है। इसका भुगतान विदेशी मुद्रा में करना पड़ता है। विवाह और सामाजिक परंपराओं के कारण भारत में सोने की माँग बहुत अधिक रहती है। अनुमान है कि देश में हर वर्ष लगभग 1 करोड़ से 1.2 करोड़ विवाह होते हैं और इनमें बड़ी मात्रा में सोने की खरीदारी की जाती है।

प्रधानमंत्री ने इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों से कहा कि यदि संभव हो तो एक वर्ष तक गैर जरूरी सोने की खरीदारी टाल दी जाए। इसका उद्देश्य परंपराओं को समाप्त करना नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देना है। यदि करोड़ों परिवार थोड़ी भी बचत करें तो इससे देश की विदेशी मुद्रा स्थिति मजबूत हो सकती है। वर्तमान समय में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ना किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय हो सकता है। विदेशी मुद्रा भंडार कम होने से आयात महँगा होता है और मुद्रा पर दबाव बढ़ता है।

प्रधानमंत्री ने केवल ईंधन और सोने की बात नहीं की, बल्कि जीवनशैली में व्यापक बदलाव का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि महामारी के समय अपनाई गई कई व्यवस्थाएँ फिर से उपयोगी हो सकती हैं। उस समय लोगों ने घर से काम करना, ऑनलाइन बैठकों का उपयोग और अनावश्यक यात्राओं से बचना सीखा था। यदि आज फिर से ऐसी व्यवस्थाओं को सीमित रूप में अपनाया जाए तो लाखों लीटर ईंधन बचाया जा सकता है।

भारत जैसे विशाल देश में रोजाना करोड़ों लोग कार्यालयों के लिए यात्रा करते हैं। महानगरों में यातायात जाम के कारण भारी मात्रा में पेट्रोल और डीजल की खपत होती है। यदि कुछ संस्थान सप्ताह में 2 या 3 दिन घर से काम की व्यवस्था करें तो इससे ईंधन बचत के साथ प्रदूषण भी कम हो सकता है। इससे लोगों का समय और धन दोनों बचेंगे। महामारी के दौरान यह व्यवस्था सफल भी रही थी।

प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की भी बात कही। भारत में पिछले कुछ वर्षों में मेट्रो रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, पटना और अन्य शहरों में मेट्रो सेवाएँ लाखों यात्रियों को सुविधा दे रही हैं। यदि निजी वाहनों के बजाय अधिक लोग मेट्रो और बसों का उपयोग करें तो इससे ईंधन की खपत में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। इसके साथ ही प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी संभव है।

उन्होंने किसानों से भी रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग और प्राकृतिक खेती की दिशा में बढ़ने का आग्रह किया। भारत बड़ी मात्रा में उर्वरकों के कच्चे पदार्थ भी आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय संकट के समय इनके दाम तेजी से बढ़ जाते हैं। यदि किसान जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते हैं तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

खाद्य तेल के सीमित उपयोग की सलाह भी इसी आर्थिक सोच का हिस्सा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल आयातकों में शामिल है। पाम तेल और अन्य खाद्य तेलों के आयात पर देश को हर वर्ष अरबों डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। यदि लोग स्वास्थ्य के साथ संयमित भोजन की आदत अपनाएँ तो इससे स्वास्थ्य लाभ के साथ विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

प्रधानमंत्री की अपील के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएँ भी सामने आईं। विपक्ष ने इसे सरकार की विफलता बताया, जबकि समर्थकों ने इसे राष्ट्रीय जिम्मेदारी की भावना से जुड़ी अपील कहा। कुछ लोगों ने यह सवाल भी उठाया कि क्या केवल आम नागरिकों से ही त्याग की अपेक्षा की जानी चाहिए। सामाजिक माध्यमों पर इस विषय को लेकर व्यापक बहस देखने को मिली। हालाँकि इतिहास गवाह है कि संकट के समय देशों ने सामूहिक प्रयासों से कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान कई देशों में ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की बचत के लिए नागरिकों से अपील की गई थी। भारत में भी 1991 के आर्थिक संकट के दौरान विदेशी मुद्रा की स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई थी। उस समय देश के पास केवल कुछ सप्ताह के आयात लायक विदेशी मुद्रा बची थी। बाद में आर्थिक सुधारों और अनुशासित नीतियों के कारण स्थिति में सुधार हुआ।

आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन वैश्विक संकटों का प्रभाव पूरी तरह टाला नहीं जा सकता। यदि तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं और वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होती है तो इसका असर भारत की विकास दर, महँगाई और रोजगार पर पड़ सकता है। ऐसे समय में नागरिकों की छोटी छोटी आदतें भी बड़े परिणाम दे सकती हैं।

यह भी सच है कि केवल नागरिकों से अपील पर्याप्त नहीं होगी। सरकार को भी ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों, विद्युत वाहनों, सौर ऊर्जा, जैव ईंधन और सार्वजनिक परिवहन के विस्तार पर तेजी से काम करना होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सौर ऊर्जा उत्पादन और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यदि यह प्रयास और तेज हों तो भविष्य में आयातित तेल पर निर्भरता कम की जा सकती है।

भारत की अर्थव्यवस्था केवल सरकार की नीतियों से मजबूत नहीं होती, बल्कि नागरिकों की भागीदारी से भी मजबूत बनती है। जब लोग बिजली बचाते हैं, ईंधन की बचत करते हैं, घरेलू उत्पाद खरीदते हैं और अनावश्यक खर्च कम करते हैं, तब उसका सकारात्मक असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। प्रधानमंत्री की अपील इसी सोच को सामने लाती है कि देशहित केवल सीमा पर खड़े सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोग इस विषय को केवल राजनीति के चश्मे से न देखें, बल्कि आर्थिक वास्तविकताओं को समझें। यदि वैश्विक संकट गहराता है तो उसका असर हर परिवार तक पहुँचेगा। ऐसे समय में संयम, बचत और जिम्मेदारी ही सबसे बड़ा समाधान बन सकते हैं। पेट्रोल की एक बूंद की बचत, सोने की एक खरीदारी को टालना और अनावश्यक यात्रा से बचना शायद व्यक्तिगत स्तर पर छोटा कदम लगे, लेकिन 146 करोड़ लोगों का यही छोटा प्रयास देश के लिए बड़ी ताकत बन सकता है।

# भाजपा समग्र हिंदुत्व पर ही लड़ेगी उत्तर प्रदेश की चुनावी लड़ाई

**मृत्युंजय दीक्षित**

पश्चिम बंगाल की विजय से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 2027 की चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। बंगाल से स्पष्ट जनादेश आ जाने के बाद भाजपा की स्थिति मजबूत हो गई है। समाजवादी पार्टी एसआईआर, चुनाव आयोग व ईवीएम के खिलाफ वातावरण बनाने में लग गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बंगाल में टीएमसी की हार के बाद यूपी में विरोधी दल अभी से पराजय का बहाना खोज रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी फ्रंटफुट पर आकर बल्लेबाजी कर रही है। भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय किया है और संगठन को उसी के अनुसार तैयार किया जा रहा है। बंगाल की की ही तरह भाजपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी रणनीति को धार देना आरम्भ कर दिया है।



बंगाल के चुनाव प्रचार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभाओं में भारी भीड़ आ रही थी तथा उनका स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत रहा है। यही कारण है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें आगामी विधान सभा चुनावों के लिए भाजपा का चेहरा घोषित कर दिया है।

बंगाल में नयी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद ही प्रदेश में बहुप्रतिक्षित मंत्रिपिरिषद का विस्तार हो गया है। भाजपा ने इस मंत्रिमंडल विस्तार के सहारे जातीय व क्षेत्रीय संतुलन साधने का प्रयास किया है। सपा की पीडीए की धार को कुंद करने के लिए मंत्रिमंडल विस्तार में पिछड़े और दलित समाज के प्रतिनिधियों को कहीं अधिक प्रतिनिधित्व दिया है। भाजपा ने ओबीसी समाज से तीन और मंत्री बनाने के साथ ही दो को प्रोन्नत भी किया गया है। दलित समाज से भी दो मंत्री बनाए गए हैं। पूरब से पश्चिम तक को साधा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 60 मंत्री हो गए हैं। जिसमें 60 प्रतिशत ओबीसी व दलित समाज है। क्षत्रिय व वैश्य समाज की भगीदारी यथावत है । यूजीसी के कारण सवर्ण समाज की नाराजगी को दूर करने के लिए मनोज पांडेय को मंत्री बनाया है वह सपा से भाजपा में आए थे। मंत्रिपरिषद मे पहली बार वाल्मीकि और पासी समाज के सदस्यों को प्रतिनिधित्व दिया गया है, सपा और बसपा दोनो की ही नजर इस वोट बैंक पर रहती है।

भाजपा ने इस मंत्रिपरिषद विस्तार के माध्यम से समग्र हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने का प्रयास किया है। बिना कोई बड़ा बदलाव किए जिस प्रकार मंत्रिमंडल विस्तार हुआ है और जिन चेहरों को शामिल किया गया है वह बताता है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भरोसे और एकजुटता के संदेश के साथ आगे बढ़ने का निर्णय कर लिया है। मंत्रिमंडल विस्वार में निष्ठा को पुरस्कार व हिंदू एकता का फामूर्ला दिखाई पड़ रहा है। भाजपा ने यह संदेश देने का स्पष्ट प्रयास किया है कि भाजपा ही पूरे हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करती है। लोकसभा चुनाव मे विपक्ष ने भले ही संविधान बदलने और आरक्षण पर भ्रम फैलाकर बढ़त बना ली हो किंतु अब भजपा खुद को ऐसी पार्टी के रूप मे प्रस्तुत कर रही है जो विभिन्न जातियों की भागीदारी के साथ व्यापक हिंदू एकता के भाव से आगे बढ़ रही है।

मंत्री परिषद व संगठन विस्तार के साथ ही अब प्रदेश सरकार अनेक योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण व्यापक सिलसिला आरम्भ करने जा रही है, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अनेक केंद्रीय मंत्री तक शामिल होंगे। अगर बंगाल की ही तरह यूपी का हिंदू एकजूट हो गया तो सपा का पीडीए ध्वस्त हो जाएगा अतः आने वाले समय में सपा हिन्दू समाज को तोड़ने वाले मसले उभार सकती है।

**मृत्युंजय दीक्षित**

# निंदा


*हाँ, निंदा उसी की होती है,*
*जिसमें कुछ बात होती है।*
*जो यहाँ चलता है राह नई,*
*उसी पर दुनिया ठहरती है।*

*जो चुपचाप किनारे पे बैठा,*
*उस पर कौन सवाल करेगा।*
*जो भी लहरों से टकराता है,*
*उसी का तो नाम उछालेगा।*

*यूं भी निंदा के तीर चुभते हैं,*
*मन को घायल कर जाते हैं।*
*हमें वही 'जख्म' सिखाते हैं,*
*कैसे 'मजबूत' बन जाते हैं।*

*जो सह लेता हर ताना-बाना,*
*वह सच में जीना जानता है।*
*हरेक ठोकर से उठकर फिर,*
*नए सफर को पहचानता है।*

*तो फिर निंदा से डरना कैसा,*
*यह तो जीवन की पहचान है।*
*एक बार इसे हंसकर सह ले,*
*दुनियाँ में वो सच्चा इंसान है।*



**संजय एम. तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# "परीक्षा लीक हो रही है... या सरकार ही आउट ऑफ सिलेबस है?"

देश में अब परीक्षा से ज्यादा "पेपर" चर्चा में रहता है।
बच्चे रात-रात भर पढ़ते हैं...
कोचिंग वाले मोटिवेशन देते हैं...
मां-बाप मंदिर में नारियल फोड़ते हैं...
और पेपर?
वो परीक्षा शुरू होने से पहले ही WhatsApp यूनिवर्सिटी से "पीडीएफ बाबा" के आशीर्वाद से प्रकट हो जाता है।
अब हाल ये है कि छात्र एडमिट कार्ड कम, Telegram चैनल ज्यादा चेक करते हैं।
किसी जमाने में बच्चे पूछते थे–
"पेपर कठिन आएगा क्या?"
आज पूछते हैं–
"भैया... लीक कब होगा?"
सरकार हर बार बड़ी गंभीरता से कहती है–
"दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।"
फिर अगले महीने नया पेपर लीक हो जाता है।
लगता है जैसे देश में दो चीजें सबसे तेज दौड़ रही हैं–
एक इंटरनेट...
दूसरा परीक्षा केंद्र से बाहर आता प्रश्नपत्र।
छात्र बेचारा समझ नहीं पा रहा–
तैयारी करे, प्रार्थना करे या "सिस्टम" में कोई जान-पहचान ढूंढे।
अब तो प्रतियोगी परीक्षाओं का नया सिलेबस बनना चाहिए–
गणित
रीजनिंग
करंट अफेयर्स
और "पेपर लीक मैनेजमेंट"
कुछ लोग कहते हैं "युवा देश का भविष्य हैं।"
लेकिन यहां तो भविष्य हर साल "रद्द" हो जाता है।
कभी परीक्षा स्थगित...
कभी पेपर आउट...
कभी जांच समिति...
और अंत में वही पुराना डायलॉग–
"छात्रों को असुविधा के लिए खेद है।"

इतना खेद तो रेलवे को ट्रेन लेट होने पर भी नहीं होता।

सवाल ये नहीं कि पेपर लीक कैसे हुआ...
सवाल ये है कि हर बार भरोसा कैसे लीक हो जाता है?

कभी-कभी लगता है सरकार परीक्षा नहीं करा रही...
युवाओं के धैर्य की "ऑनलाइन टेस्ट सीरीज" चला रही है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जनपद में 20 मई को आयोजित होगा किसान दिवस

## किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय पर होगी बैठक

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 12 मई 2026। जनपद के किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित होने वाला किसान दिवस अब 20 मई 2026, बुधवार को जिला मुख्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा। उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाले किसान दिवस का उद्देश्य किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है। पहले यह आयोजन 13 मई 2026 को प्रस्तावित था, जिसे संशोधित कर अब 20 मई 2026 निर्धारित किया गया है।

उन्होंने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी कृषि संबंधी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखें, ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा यह जानकारी जनहित में प्रसारित की गई है।

# जिला कारागार में लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण, बंदियों को विधिक सहायता पर जोर

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की, बंदियों के अधिकारों पर दी जानकारी



समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 12 मई 2026। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के निदेशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत द्वारा आज जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। निरीक्षण के समय जेलर संजय साही एवं उप जेलर सुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

### 2479 बंदी निरुद्ध, किशोर बैरक का विशेष निरीक्षण

जेल प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में कुल 2479 बंदी निरुद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान किशोर बैरक का विशेष रूप से अवलोकन किया गया तथा वहां निरुद्ध किशोर बंदियों से उनके मामलों और उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी ली गई।

किशोर बंदियों के मुकदमों से संबंधित अभिलेखों का भी परीक्षण किया गया तथा उपलब्ध अधिवक्त-ाओं एवं कानूनी सहायता व्यवस्था की समीक्षा की गई।

### सभी बंदियों को मिल रही कानूनी सहायता

किशोर बंदियों ने बताया कि उन्हें निजी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध कराए गए हैं। इस पर सचिव द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बंदी के अभिलेख में उनके अधिवक्ता का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए।

इसके साथ ही किशोर बैरक में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

### विधिक सहायता केंद्र की भी समीक्षा

जिला कारागार में स्थापित विधिक सहायता केंद्र पर आयोजित जागरूकता शिविर में बंदियों को उनके अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई।

सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक बंदी को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बंदी अधिवक्ता की सुविधा से वंचित न रहे।

### पीएलवी कार्यों की भी समीक्षा

निरीक्षण के दौरान विधिक सहायता केंद्र में कार्यरत बंदी पीएलवी द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। उनके द्वारा संधारित रजिस्टर एवं अभिलेखों के उचित रखरखाव तथा नियमित अद्यतन व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। (सौजन्य सेः सूचना विभाग,

# ढैंचा योजना एवं उर्द मिनीकिट हेतु ई-लॉटरी सम्पन्न

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत कृषकों का चयन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 12 मई 2026। कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित ढैंचा योजना एवं मिनीकिट उर्द योजना के तहत किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई बुकिंग के आधार पर आज ई-लॉटरी का आयोजन किया गया।

जिला कृषि अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि ढैंचा योजना के अंतर्गत 300 लक्ष्य के सापेक्ष 390 बुकिंग तथा मिनीकिट उर्द योजना के अंतर्गत 25 लक्ष्य के सापेक्ष 26 पैकेटों की बुकिंग प्राप्त हुई थी।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

ई-लॉटरी का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संपन्न हुई।

### चयनित किसानों को जल्द मिलेगा बीज

ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित कृषक एक सप्ताह के भीतर संबंधित बीज गोदाम से ढैंचा बीज एवं उर्द मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की योजनाएं किसानों को वैकल्पिक फसल उत्पादन एवं मिट्टी की उ-र्वरता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। (सौजन्य सेः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर)

# बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, अब दफकोड से दर्ज होंगी शिकायतें

## 1912 हेल्पलाइन के साथ नई डिजिटल व्यवस्था शुरू, 4.47 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जनपद के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उपभोक्ता दफकोड स्कैन कर सीधे अपनी शि-ाकायतें दर्ज कर सकेंगे। इस नई डिजिटल सुविधा की शुरूआत जिले में बिजली विभाग द्वारा की गई है।

बिजली विभाग की नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ता अब बिल, मीटर, बिजली कटौती और लाइन संबंधी समस्याओं की शिकायत दफकोड स्कैन कर दर्ज कर सकेंगे। शिकायत दर्ज होने के बाद उपभोक्ताओं को समाधान की जानकारी ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।




### 1912 हेल्पलाइन के साथ QR सिस्टम भी लागू

बिजली विभाग ने पहले से संचालित 1912 हेल्पलाइन के साथ अब दफ आधारित शिकायत प्रणाली भी लागू कर दी है। इस व्यवस्था से शिकायत निस्तारण प्रक्रिया और अधिक तेज एवं पारदर्शी होने की उम्मीद है।

लाखों उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ इस नई सुविधा से लगभग 4.47 लाख बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। विभाग का दावा है कि इससे शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी और उपभोक्ताओं को बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मुख्य अभियंता नोएडा संजय कुमार जैन ने बताया कि यह डिजिटल पहल उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। इससे शिकायत निस्तारण प्रणाली अधिक प्रभावी और समयबद्ध होगी।

# स्पेशल ओलम्पिक्स भारत, उत्तर प्रदेश द्वारा नोएडा में दस दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प का उद्घाटन

## प्रमेथियस स्कूल सेक्टर-131 में आयोजित कार्यक्रम में 15 राज्यों के 70 से अधिक खिलाड़ी शामिल

समाज जागरण/संदीप गर्ग




गौतमबुद्धनगर, 12 मई 2026। स्पेशल ओलम्पिक्स भारत, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमेथियस स्कूल, सेक्टर-131, नोएडा में 11 मई से 20 मई 2026 तक आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प का उद्घाटन समारोह आज सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पेशल ओलम्पिक्स भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने की।

### खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मल्लिका नड्डा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभागी खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि स्पेशल ओलम्पिक्स केवल खेल मंच नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, समावेशिता और समान अवसरों का सशक्त माध्यम है।

### समाज में जागरूकता बढ़ाने की पहल

मुख्य अतिथि लक्ष्मी सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि नोएडा पुलिस स्पेशल ओलम्पिक्स के साथ मिलकर दिव्यांगजन के अधिकारों की सुरक्षा और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग दिव्यांगजन के साथ निरंतर संवाद स्थापित करने और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा।

### आयोजन समिति और स्कूल प्रबंधन का वक्तव्य

स्पेशल ओलम्पिक्स भारत, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला ने कहा कि यह शिविर देश की खेल भावना और समावेशिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, ताकि वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकें।

प्रमेथियस स्कूल के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि देशभर से आए प्रतिभागियों ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### 15 राज्यों से आए खिलाड़ी

इस राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प में 15 से अधिक राज्यों से आए 70 से अधिक खिलाड़ी, प्रशिक्षक, कोच और अधिकारी भाग ले रहे हैं। चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विशेषकर स्पेशल ओलम्पिक्स वर्ल्ड गेम्स के लिए तैयारी करेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र

उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शपथ ग्रहण समारोह तथा प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। (सौजन्य सेः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर)

# नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## अवैध नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश

गौतमबुद्धनगर, 12 मई 2026। कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोऑ-र्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी एवं नशे से संबंधित गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु चल रहे अभियानों और प्रवर्तन कार्रवाइयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्रवाई के निर्देश

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध नशे के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को पूर्ण समन्वय, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अवैध शराब, मादक पदार्थों तथा अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### प्रवर्तन और जनजागरूकता अभियानों की समीक्षा

बैठक में संबंधित अधिकारियों ने विगत माह में की गई प्रवर्तन का-र्रवाई, विशेष अभियानों और जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति से समिति को अवगत कराया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि आबकारी विभाग पुलिस विभाग के सहयोग से निरंतर प्रवर्तन अभियान चला रहा है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



### विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान पर जोर

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अप्रैल माह में किए गए जनजागरूकता अभियानों और प्रवर्तन कार्रवाइयों की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को व्यापक स्तर पर चलाकर विशेष रूप से यु-वाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं स-ार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के आसपास गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त निगरानी और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में सहायक आयुक्त राज्य कर विभाग शिखा सिंह, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की श्वेता खुराना, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के उप निर-ीक्षक कन्हैया लाल गुप्ता, पुलिस विभाग के निरीक्षक अरविंद कुमार, डीआरएस विभाग से दीपक सहित आईबी, वन एवं आबकारी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्य सेः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर)

# थाना जारचा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद

## जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को मिली सफलता, एक अन्य आरोपी पहले ही हो चुका है गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग




गौतमबुद्धनगर। थाना जारचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 को वादी द्वारा थाना जारचा पर सूचना दी गई थी कि अभियुक्तगण ने अपने भाइयों के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से हमला किया तथा मारपीट करते हुए धमकी दी थी। इस सूचना के आधार पर थाना जारचा में मुकदमा संख्या 72/2026 धारा 109(1), 115(2), 352, 351(2), 131 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया था।

थाना जारचा पुलिस ने वांछित अभियुक्त अनुज पुत्र स्व. सर्वेश कुमार, निवासी ग्राम धनपुरा, थाना सिकन्द्राबाद, जनपद बुलंदशहर (उम्र 28 वर्ष) को ग्राम दयानगर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है तथा उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में 5 से अधिक संगीन आपराधिक मुकदमे पहले से पंजीकृत हैं।

### घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी भी बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक अन्य अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा आगे की विधिक का-र्रवाई की जा रही है।

# नोएडा में घर में चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, नकदी, गहने व उपकरण बरामद

नोएडा। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से नकदी, गहने और चोरी के उपकरण बरामद किए गए हैं।

### जीआईपी गेट के पास से गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार अभियुक्त आकिल पुत्र अख्तर को जीआईपी गेट नंबर-02 के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध थाना सेक्टर-20 में मुकदमा संख्या 79/2026, धारा 305ए/331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था।

### गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया:

₹1,28,000 नकद (500-500 रुपये के 256 नोट) पीली धातु की गांठ (वजन लगभग 15.08 ग्राम) लोहे का रिंच और संडासी (चोरी के उपकरण) 01 अवैध चाकू पूछताछ में खुलासा पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर 08 मार्च 2026 की रात सेक्टर-29 स्थित एक मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी, जिसमें नकदी और गहने शामिल थे।

# थाना दादरी पुलिस की कार्रवाईः हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, फॉर्च्यूनर कार बरामद

## 20 वर्षीय युवती की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता




समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। थाना दादरी पुलिस ने हत्या के गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है तथा घटना में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार वादिया द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरोप है कि अभियुक्तगण ने वादिया की 20 वर्षीय पुत्री मोनीका की हत्या कर दी थी। इस संबंध में थाना दादरी में मुकदमा संख्या 202/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनांक 12 मई 2026 को मामले में संलिप्त अभियुक्त अनुज चौहान पुत्र हरेंद्र चौहान, निवासी ग्राम घोड़ी बछेड़ा, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर (उम्र लगभग 20 वर्ष) को ग्राम हजरतपुर नहर के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर कार बरामद की गई है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एक अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक अन्य अभियुक्त को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में आगे की विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है तथा मामले की जांच जारी है।

# नोएडा साइबर क्राइम का बड़ा खुलासाः फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 02 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, क्रेडिट कार्ड डाटा से कर रहे थे साइबर फ्रॉड

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना फेज-1 नोएडा पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह खुद को बैंक क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताकर आम लोगों से धोखाधड़ी कर रहा था।

### कॉल सेंटर से चल रहा था संगठित साइबर फ्रॉड

पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर सेक्टर-2 स्थित बिल्डिंग नंबर सी-90 की चौथी मंजिल पर संचालित फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी की गई। यहां से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विकास कुमार और सूरज के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी खुद को एक्सिस बैंक, एयू




बैंक और अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताते थे। ये लोग उपभोक्ताओं को ङउ अपडेट और पॉइंट रिडीम करने का झांसा देकर मोबाइल में अढङ फाइल इंस्टॉल कराते थे। यह फाइल देखने में बैंक एप जैसी होती थी, जिसके जरिए आरोपी क्रेडिट कार्ड की जानकारी, कार्ड नंबर और CVV प्राप्त कर लेते थे।

### ओटीपी तक पहुंच और ऑनलाइन ठगी

APK फाइल के माध्यम से ट्रांजैक्शन का OTP भी आरोपियों के पास पहुंच जाता था। इसके बाद आरोपी Blinkit और Zepto जैसे प्लेटफॉर्म से गोल्ड और सिल्वर क्वाइन खरीदते थे। डिलीवरी अक्सर किसी भी रैंडम पते पर कराई जाती थी और बाद में इन क्वाइन को बेचकर अवैध लाभ कमाया जाता था।

### 20 से अधिक शिकायतें दर्ज

पुलिस के अनुसार, आरोपियों से जुड़े मोबाइल नंबरों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर 20 से अधिक साइबर ठगी की शिकायतें विभिन्न राज्यों से दर्ज हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने 03 मोबाइल फोन, 02 पीली धातु (सोने जैसे) सिक्के और 02 सफेद धातु (चांदी जैसे) सिक्के बरामद किए हैं। अभियुक्त विकास कुमार शातिर किस्म का अपराधी है और उसके विरुद्ध पहले भी कई संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### आरोपियों का विवरण

विकास कुमार, उम्र 31 वर्ष, निवासी गाजियाबाद (वर्तमान पता कैलाशपुरम गोविंदपुरम, कविनगर)

सूरज, उम्र 20 वर्ष, निवासी हाथरस (वर्तमान पता न्यू अशोक नगर, दिल्ली)

कानूनी कार्रवाई जारी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 318(2), 318(4) बीएनएस तथा धारा 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस की कार्रवाईः 01 अभियुक्त गिरफ्तार, हाथी की मूर्ति व अवैध चाकू बरामद

## जेपी फ्लाईओवर के पास से पकड़ा गया आरोपी, चोरी/अवैध सामग्री रखने का मामला दर्ज

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से ब्रास धातु की लगभग 25 किलोग्राम वजनी हाथी की मूर्ति तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त दीन मोहम्मद उर्फ दीनू पुत्र बुंदू खान को जेपी फ्लाईओवर के पास से पकड़ा गया। उसके विरुद्ध थाना सेक्टर-39 में दर्ज मुकदमा संख्या 207/26, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त दीन मोहम्मद उर्फ दीनू, निवासी नूर गार्डन कॉलोनी, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ का रहने वाला है। वर्तमान में वह बी-185, एसके-2, सेक्टर-93, थाना फेज-2, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई गई है।



### पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से बरामद कियाः

ब्रास धातु की हाथी की मूर्ति (लगभग 25 किलोग्राम वजन) एक अवैध चाकू अतिरिक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज पुलिस ने मामले में धारा 303(2), 317(2) बीएनएस तथा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद मूर्ति चोरी की है या किसी अन्य अपराध से संबंधित है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# ग्राम जयरोही हयातनगर में निकली पीडीए विजय संकल्प रैली

## समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता लड्डन मियां ने किया संबोधित

**समाज जागरण**

चंदौसी। चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जयरोही हयातनगर में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता लड्डन मियां उपस्थित रहे। आगमन पर समाजवादी पार्टी के नेता उमेश चंद्र दिवाकर ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।



रैली को संबोधित करते हुए लड्डन मियां ने कहा कि यदि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक निःशुल्क विद्युत उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक महिला को प्रतिवर्ष 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव किसानों, श्रमिकों, पिछड़ों तथा वंचित वर्गों के हितों के लिए कार्य करती रही है।
उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है तथा आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को समर्थन देकर नई सरकार बनाएगी।
रैली के उपरांत समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा ग्रामीणों के घरों पर पार्टी के ध्वज लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प भी लिया।
कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शोभित काका, सर्वेश कुमार, रविन्द्र पाल सिंह, अतेंद्र कुमार, सुमित यादव, रामबाबू दिवाकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# असमोली क्षेत्र में तीन किसानों के नलकूपों से स्टार्टर, केबल सहित सामान चोरी

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली थाना क्षेत्र में नलकूपों पर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला गांव गरवारा का है, जहां अज्ञात चोरों ने तीन किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए स्टार्टर, केबल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
गांव गरवारा निवासी अकील अहमद पुत्र कदीर अहमद, जियाउल हसन पुत्र सिब्ते हसन तथा मशकूर पुत्र मुख्तियार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात अज्ञात चोर उनके खेतों पर लगे



नलकूपों से स्टार्टर, केबल तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद किसानों ने थाना असमोली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।
बताते चलें कि असमोली क्षेत्र में नलकूपों से लगातार हो रही चोरियों से किसान काफी परेशान हैं। चोरी की घटनाओं के चलते किसानों को सिंचाई कार्य में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी गांव बुकनाला तथा डौडी में नलकूपों से चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों में भय और आक्रोश का माहौल है।

# पंचायत सहायक की लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

## ग्राम सचिव के कैंप में अनुपस्थित रहने पर भी सीडीओ ने दिए कठोर कार्रवाई के निर्देश

**समाज जागरण**

संभल। जनसामान्य एवं अधिकारियों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने विकास खंड गुन्नौर की ग्राम पंचायत गंगावास के पंचायत सहायक अंशु यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोप है कि पंचायत सहायक द्वारा ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी बनाने में लापरवाही बरती जा रही थी। साथ ही आमजन एवं अधिकारियों के फोन कॉल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा था तथा पंचायत घर पर नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित नहीं की जा रही थी।
मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबंधित पंचायत सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि ग्राम पंचायत के नियमानुसार प्रस्ताव पारित कर उन्हें सेवा से मुक्त किए जाने की कार्रवाई पर भी विचार किया जाए।
इसी क्रम में उप जिलाधिकारी गुन्नौर द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील स्तर पर आयोजित कैंप में ग्राम गंगावास के ग्राम सचिव वरन सिंह अनुपस्थित रहे। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को ग्राम सचिव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।
मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी की प्रगति के आधार पर ही ग्राम पंचायत सचिव का वेतन तथा पंचायत सहायक का मानदेय आहरित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री कैंप में उपस्थित नहीं होंगे अथवा कार्यों में लापरवाही बरतेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिलाधिकारी ने गंगा बैराज के बांये अफलक्स बंध पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गंगा बैराज के बांये अफलक्स बंध पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का विस्तृत रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया



कि बांध को बनाने के लिए एंटी कंक्रीट ब्लॉक का इस्तेमाल किया जा रहा है , यह ब्लॉकों कटाव को रोकने में उपयोगी होते है। उन्होंने बताया कि बायें अफलक्स बंध के कि०मी० 4.000 से कि०मी० 4.350 के मध्य कटाव निरोधक कार्यों के निर्माण लगभग पूर्ण कर लिए गए है।
जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाए। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण एवं जनसुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि बाढ़ सुरक्षा से संबंधित सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण किए जाएं, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में किसी प्रकार की जनहानि अथवा संपत्ति की क्षति की संभावना न होने पाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा कटान संभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तैयारियों को पूर्ण रखें।
इस अवसर पर सिंचाई विभाग, वन विभाग, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# तेज आंधी और बारिश से असमोली क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित, यातायात बाधित

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली-मढ़न मार्ग तथा मढ़न-गुमसानी मार्ग पर तेज हवा और बारिश के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। सड़क पर पेड़ गिरने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
वहीं तेज हवा के दौरान पेड़ हाईटेंशन लाइन के तारों से टकरा गए, जिससे बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई। टांडा कोठी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों की बिजली सप्लाई एहतियातन



बंद कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद संबंधित विभागों की टीम रास्ता साफ कराने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई है। देर शाम तक बिजली आपूर्ति का कार्य चलता रहा लगभग 10 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

# तेज आंधी-बारिश से तीन मंजिला मकान की छत और दीवार गिरी, एक घायल

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव नरैठा मोहम्मदपुर में मंगलवार को तेज आंधी और बारिश के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव निवासी आबिद पुत्र रसीद के तीन मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल की छत और दीवारें पानी के अधिक दबाव और तेज तूफान के कारण भरभराकर गिर गईं।
मकान की तीसरी मंजिल की दीवारों की ईंटें पड़ोसी फिरोज पुत्र इकबाल, बाबू पुत्र शब्बीर हुसैन तथा आसिफ व हनीफ पुत्रगण रशीद के मकान की छत और घर के अंदर जा गिरीं। घटना के समय गांव में फेरी करने आए मो. उमर पुत्र शराफत हुसैन



निवासी ग्राम शेखुपुरा खैया थाना डिडौली जिला अमरोहा भी तेज बारिश और आंधी के कारण वहीं रुक गए थे। इसी दौरान उन्हें सिर में हल्की चोट लग गई।
घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल मो. उमर को उपचार के लिए अपने साथ ले गए। हादसे में अन्य कोई घायल नहीं हुआ।
सूचना पर चौकी प्रभारी मंसूरपुर माफी उप निरीक्षक रोहित मलिक थाना असमोली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था संभाली। चौकी प्रभारी ने बताया कि एक व्यक्ति को हल्की चोट आई है तथा बड़ा हादसा होने से टल गया।

# माता-पिता के बाद अब किशोरी की मौत से टूटा परिवार, गांवड़ी महावतपुर में 15 वर्षीय सृष्टि ने फंदा लगाकर दी जान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। थाना क्षेत्र के ग्राम गांवड़ी महावतपुर में सोमवार रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। गांव की 15 वर्षीय किशोरी सृष्टि पुत्री स्वर्गीय मोहित कुमार ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर थाना स्योहारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार सृष्टि लंबे समय से पारिवारिक परेशानियों और कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रही थी। ग्रामीणों के मुताबिक किशोरी के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था, जिसके बाद वह अपने छोटे भाई के साथ चाचा के संरक्षण में रह रही थी। बताया जाता है कि उसका छोटा भाई मानसिक रूप से कमजोर है और दोनों बच्चों



की जिम्मेदारी उनके चाचा ही संभाल रहे थे। ऐसे में सृष्टि की अचानक हुई मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।
सोमवार रात जब परिजनों ने सृष्टि को कमरे में फंदे पर लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गांव में हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध नजर आया और लोगों की आंखें नम दिखाई दीं।
ग्रामीणों का कहना है कि सृष्टि स्वभाव से शांत और सरल थी। माता-पिता की मौत के बाद उसने कम उम्र में ही जीवन के कई दुख देखे थे। हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं, लेकिन पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।
सूचना पर पहुंची थाना स्योहारा पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है।
इस दर्दनाक घटना के बाद गांवड़ी महावतपुर में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता को पहले ही खो चुकी किशोरी की मौत ने हर किसी को भावुक कर दिया है और गांव में लोग परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# साहनपुर मे डॉक्टर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया

**समाज जागरण**

जनपद बिजनौर साहनपुर मे आधुनिक शिक्षा की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए आज ह्लडॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम डिजिटल लाइब्रेरीह्व का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में एसडीएम नजीबाबाद आशुतोष जायसवाल, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं समाजसेवी डॉ राखी आनंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर एसडीएम नजीबाबाद ने नगर पंचायत साहनपुर द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी से क्षेत्र के छात्रों को आधुनिक शिक्षा और कंप्यूटर आधारित अध्ययन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे युवाओं का भविष्य मजबूत होगा।
चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि नगर पंचायत साहनपुर लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जीजीआईसी कॉलेज की सौगात देकर क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा नगर में तिरंगा फ्लैग लगवाने, गार्डन निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, 125 से अधिक सड़कों का निर्माण, डिजिटल वेलकम बोर्ड, फ्रीजर स्थापना, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, सफाई व्यवस्था के लिए नई गाड़ियों की खरीद एवं मैनुअल लाइब्रेरी जैसी अनेक विकास योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शासन से स्वीकृति मिलने पर आगे भी नई योजनाओं को लागू कराया जाएगा।
समाजसेवी डॉ राखी आनंद अग्रवाल ने डिजिटल लाइब्रेरी की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा एवं आधुनिक तकनीक से जुड़ी पढ़ाई में काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इस्लाम ने की कार्यक्रम सरफराज अंसारी में राहतपुर प्रधान मुस्तफा, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, साबू मकरानी, अलीपुर प्रधान आसिफ, पूर्व प्रधान नफीस अहमद, भूरे प्रधान, फि रासत हुसैन, डॉ इस्लाम, अशोक कुमार, प्रशांत महासागर, ललित कुमार, नगर पंचायत साहनपुर के सभासदगण, शद्दन खान, इकबाल अहमद, फुरकान अहमद, वकार अहमद, दीपक, मुजफ्फर हुसैन, आबिद, चांद मौलाना सलीम, मास्टर शाहनवाज, इरशाद, भागूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल हई, शमशीद, रिजवान खान, नईम अहमद, डॉ नसीम शाहबाज खान, मास्टर फराहीम ,असलम अंसारी, नौशाद सरवरी, नदीम सलमानी, जाफर, कफील अंसारी छोटे उस्ताद, सय्यद इरशाद, वीरेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

चंदौसी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह संस्थागत ऑडिटोरियम में अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद चन्दौसी की अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने प्रशिक्षार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। दोनों अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।
कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में पूजा, यशिका, मोनी सिंह, शिवानी कश्यप, झलक शर्मा, काजल एवं शोभा भारती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गायत्री, शिवानी मीना एवं अंशिका ने द्वितीय



तथा पल्लवी पाल, सलोनी, हिमांशु, दीपांशु, रमन कुमार एवं आदित्य हिन्दवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम एवं मानव शक्ति का कुशल प्रबंधन विषयक निबंध प्रतियोगिता में झलक शर्मा प्रथम, शिवानी कश्यप द्वितीय एवं उमा शंकर तृतीय स्थान पर रहे। ह्लहमारा संविधानह्व विषयक भाषण प्रतियोगिता में सुभाष कुमार ने प्रथम, नन्दनी ने द्वितीय तथा दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट जॉब मेकिंग प्रतियोगिता में विद्युतकार, वायरमैन, फिटर एवं ई०पी०डी० ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों द्वारा उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए गए। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर पुरुष वर्ग में उमाशंकर प्रथम, अजय द्वितीय एवं शक्ति सिंह तृतीय रहे। 100 मीटर महिला वर्ग में प्रीति प्रथम, तनिष चैधरी द्वितीय एवं सलोनी तृतीय स्थान पर रहीं।
200 मीटर पुरुष वर्ग में सचिन प्रथम, ललतेश द्वितीय एवं रवि कुमार तृतीय रहे, जबकि 200 मीटर महिला वर्ग में तनिष चैधरी प्रथम, सलोनी द्वितीय एवं नीरज तृतीय स्थान पर रहीं। शॉटपुट पुरुष वर्ग में रमन कुमार प्रथम, पंकज यादव द्वितीय एवं अंशुल मौर्य तृतीय रहे। महिला वर्ग में स्वाति यादव प्रथम, पारुल द्वितीय एवं तनिष चैधरी तृतीय स्थान पर रहीं।
लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में ललतेश प्रथम, अजय द्वितीय एवं राघव यादव तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में तनिष चैधरी प्रथम, अनु द्वितीय एवं प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं।
खो-खो पुरुष वर्ग में कन्हैया वार्ष्णेय, आकाश कुमार, रमन कुमार, सोहिल शर्मा, अभिजीत शंखधार, अंकित यादव, लिंकन यादव, तुषार, राजेश, शिवम यादव, प्रशान्त कुमार एवं अमनपाल की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में नीतू, शिवानी, सलोनी, नेहा, रौनक, गायत्री, पल्लवी पाल, अनीता, पारुल, रिंकी, दीक्षा एवं प्रिया वघेल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की।
रस्साकशी पुरुष वर्ग में रोहित, तुषार, अनमोल, राहुल, विनीत, ओमेन्द्र, दीनानाथ एवं सचिन शर्मा की टीम विजेता रही, जबकि महिला वर्ग में चंचल, विनिता, अन्नू, निधि, राधिका भारती, ज्योति, रितु एवं मानसी बघेल की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में रोहित, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, जोगेश, विनीत, तुषार, राहुल, विशाल एवं अंशुल कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रिया वघेल, तनिष चैधरी, खुशी, लकी, पल्लवी पाल, रौनक, सलोनी एवं अंशिका वार्ष्णेय की टीम विजेता रही।
कार्यक्रम का संचालन कीर्तिपाल शर्मा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्य देशक मुकेश कुमार गौतम, अशोक कुमार, अनिल कुमार एवं राखी, मनोज कुमार, पंकज कुमार, धीरज सक्सेना एवं दीपमाला, सुधीर सिंह एवं शिवम, उपेन्द्र सिंह, योगेन्द्र स्वरूप, मुकेश कुमार, संजीव सक्सेना, कुलदीप गोपाल, सुधाकर मिश्रा एवं श्री अजय कुमार का विशेष योगदान रहा। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत सांकेतिक जिलाधिकारी बनीं राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज की कु. सृष्टि चौहान

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद*बिजनौर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज की 11वीं कक्षा की मेधावी छात्रा कु. सृष्टि चौहान पुत्री श्री सीताराम चौहान, निवासी ग्राम मानियावाला गढ़ी, विकासखंड अफजलगढ़ को एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर कु. सृष्टि चौहान ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा जनसुनवाई, कार्यालय संचालन एवं विभागीय कार्यप्रणाली को निकट से समझा। जिलाधिकारी द्वारा उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारियों एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी अवगत कराया गया।



सांकेतिक जिलाधिकारी कु. सृष्टि द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में महिला जनसुनवाई में आयी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी शिकायतें पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित, मजबूत और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं खुद को कमजोर न समझें और स्वयं को शिक्षित एवं सशक्त बनाते हुए देश और समाज के निर्माण अपनी भूमिका निभाएं।
इस अवसर पर आईसीडीएस रविता राठी, प्रधानाचार्या राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज संध्या शर्मा आदि मौजूद थे।

# गुन्नौर खेत पर काम करने से इंकार करने पर दो बहनों पर कहर, एक की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास में खेत पर अकेले काम करने से मना करना दो सगी बहनों को भारी पड़ गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने दोनों बहनों के साथ मारपीट की, जिसमें एक महिला का सिर जलते चूल्हे में झोंक दिया गया, जबकि दूसरी को जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया गया। उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गंगावास निवासी सुर्मिला पत्नी अजयपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी और उसकी छोटी बहन उर्मिला की शादी सगे भाइयों अजयपाल और खेमसिंह के साथ हुई है। दोनों बहनें एक ही घर में रहती थीं। आरोप है कि रविवार सुबह परिवार के लोगों ने सुर्मिला पर खेत में अकेले काम करने का दबाव बनाया। मना करने पर पति अजयपाल, देवरानी-जेठानी सहित अन्य परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

# भुगतान समेत विभिन्न मांगों को लेकर आशा और आशा संगिनी कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। आशा आशा संगिनी कर्मचारी संगठन जनपद सम्भल की ओर से सोमवार को विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन पदाधिकारियों ने लंबित भुगतान और प्रोत्साहन राशि जारी कराने की मांग उठाई। यह ज्ञापन असमोली सीएचसी में प्रदर्शन कर संगठन की जिलाध्यक्ष नीतू सिंह के नेतृत्व में थाना असमोली प्रभारी



मोहित चौधरी को दिया गया है ज्ञापन में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया कि आशा और आशा संगिनी कर्मचारियों का कई मदों का भुगतान लंबे समय से लंबित चल रहा है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मार्च 2025 से लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान, अन्य मदों में बकाया धनराशि जारी कराने तथा आशाओं को मिलने वाली मासिक धनराशि का भुगतान कराए जाने की मांग की गई। इसके अलावा एक वर्ष से लंबित विभिन्न भुगतानों को शीघ्र जारी करने और फंड की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई।
संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आशा और आशा संगिनी कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।
इस दौरान संगठन की कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# तहसील परिसर में नई सड़क पर अवैध पार्किंग के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर व समाजसेवी मोहित चौहान के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन; कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी

**समाज जागरण**



बड़ौत। तहसील परिसर में डेढ़ करोड़ की लागत से बनी नई सड़क पर अवैध पार्किंग के खिलाफ सोमवार को अधिवक्ताओं ने सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट एवं समाजसेवी मोहित चौहान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपकर अवैध पार्किंग हटाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह को अवगत कराते हुए कहा कि तहसील परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क का नव निर्माण कराया गया था। लोगों ने इस सड़क पर अपनी गाड़ियां खड़ी करनी शुरू कर दी हैं और इसे अवैध पार्किंग का अड्डा बना दिया है, जबकि बराबर में गाड़ियां खड़ी करने का मैदान खाली पड़ा हुआ है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से यहां से अवैध पार्किंग का अड्डा खत्म कर गाड़ियों को हटाने की मांग की है। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने इस पर संज्ञान नहीं लिया तो अधिवक्ता तहसील परिसर में इस-के खिलाफ धरना देंगे। प्रदर्शन करने वालों में समाजसेवी मोहित चौहान, आकाश कुमार, संजीव पाल, विक्रांत राठी, मनोज दांगी, सचिन चौहान, संजीव तोमर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रटौल में जमीयत उलेमा तहसील खेकड़ा की बैठक, मदरसों-मस्जिदों के संरक्षण व शिक्षा पर मंथन

## मौलाना आरिफुल हक की अध्यक्षता में हुई बैठक, रक्तदान शिविर, वक्फ पोर्टल व जनगणना पर हुई चर्चा; 21 मई को कौताना में लगेगा अगला रक्तदान कैंप

**समाज जागरण**



चांदीनगर। मदरसा अबू बक्र सिद्दीक रटौल में शुक्रवार को जमीयत उलेमा तहसील खेकड़ा की महत्वपूर्ण एवं व्यापक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उलेमा-ए-कराम, मस्जिदों के इमाम, जमीयत के जिम्मेदारान और विभिन्न विभागों के कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा, वर्तमान परिस्थितियों पर विचार-विमर्श और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन दीनि तालीमी बोर्ड जिला बागपत के अध्यक्ष हजरत मौलाना आरिफुल हक ने किया। उन्होंने जमीयत उलेमा की दीनि, सामाजिक और राष्ट्रीय सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी जिम्मेदारों को आपसी एकता, ईमानदारी और सक्रिय प्रयासों के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। बैठक की शुरूआत मौलाना आरिफुल हक की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इसके बाद कारी साजिद हकी ने नात-ए-रसूल प्रस्तुत की। कारी साबिर ने मदरसों एवं मस्जिदों के संरक्षण पर रिपोर्ट प्रस्तुत की और दीनि संस्थानों की सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। मुफ्ती शाह आलम मजाहिरी ने समाज में बढ़ती बुराइयों और नैतिक गिरावट पर चिंता जताते हुए सुधारात्मक गतिविधियों को मजबूत करने पर बल दिया। कारी मोहम्मद साजिद हकी ने बताया कि गांवों-कस्बों में बच्चों को दीनि शिक्षा से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है। मुफ्ती एहसान कासमी ने बताया कि मानव सेवा के उद्देश्य से अब तक 23 रक्तदान शि-विरों के जरिए 1300 लोगों को खून दिया जा चुका है। अगला कैंप 21 मई को कौताना में लगेगा। मुफ्ती अमजद मुफ्ताही ने सही इस्लामी आस्था की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। कारी साबिर ने जनगणना में सही जानकारी दर्ज कराने की अपील की ताकि समुदाय का सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। मौलाना अबुल हसन नदवी ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण और संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉक्टर शकील ने भी विचार रखे। बैठक के अंत में मोहतमिम मुफ्ती तैयब ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज ऐसे संस्थान बहुत कम हैं जहाँ दीनि और दुनियावी दोनों प्रकार की शिक्षा एक साथ दी जाती हो। नई पीढ़ी को इस्लामी संस्कारों के साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने पर बल दिया। अंत में कारी अब्दुल शकूर ने दुआ कराई और बैठक संपन्न हुई।

# हंसराज विश्वकर्मा के राज्यमंत्री बनने पर विश्वकर्मा समाज में हर्ष, भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

## विनोद पांचाल के आवास पर जुटे कार्यकर्ता; प्रदेश अध्यक्ष बोले: बूथ स्तर से शुरूआत करने वाले हंसराज ने बढ़ाया समाज का मान

**समाज जागरण**



बड़ौत। हंसराज विश्वकर्मा को योगी सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने पर विश्वकर्मा समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। नगर के गुराना रोड स्थित भाजपा नेता व विश्वकर्मा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद पांचाल के आवास पर भाजपाइयों व विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एकत्र होकर मिठाई बांटी एवं एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वकर्मा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद पांचाल ने कहा, "बूथ स्तर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले हंसराज विश्वकर्मा जी ने संगठन के दिए हर दायित्व का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया है। उन्हें योगी सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व मिलना पूरे विश्वकर्मा समाज का मान बढ़ाने वाला है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख में सदैव खड़े रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, जिला मंत्री दीपक भारती, राजेंद्र पांचाल, कंवरपाल पांचाल, श्रीपाल विश्वकर्मा, विकास पंचाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने गौ-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर दिए निर्देश:गर्मी में गोवंशों की देखभाल में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**समाज जागरण**

बागपत। डीएम अस्मिता लाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी गौ आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए पर्याप्त छाया, स्वच्छ पेयजल और चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गोवंशों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर निर-ीक्षण की व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गौ आश्रय स्थलों पर चारा, भूसा और अन्य आवश्यक सामग्री का स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट किया जाए। साथ ही, सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुसार गौ संरक्षण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापर-वाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने की चेतावनी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार उपाध्याय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी और जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# किन्नर समाज डीएम कार्यालय पहुंचा:बाहरी लोगों पर उत्पीड़न और धमकी के आरोप लगाए

**समाज जागरण**

बागपत। खेकड़ा क्षेत्र से किन्नर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय पहुंचा। उन्होंने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किन्नर समाज के सदस्यों ने आरोप लगाया कि दूसरे क्षेत्रों से आने वाले कुछ लोग उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। ये बाहरी लोग उनके कार्यक्षेत्र में जबरन दखल देते हैं और विवाद पैदा करते हैं। किन्नर समाज की सदस्य मीनाक्षी, निक्की, नरगिस और चाहत ने बताया कि वे लंबे समय से खेकड़ा क्षेत्र में अपना पारंपरिक कार्य कर रही हैं। हालांकि, कुछ बाहरी लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें मारपीट की धमकी दी जाती है और मानसिक रूप से प्रता-ड़ित किया जाता है। पीड़ितों ने बताया कि इस विवाद के कारण उनके बीच डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से किन्नर समाज के सदस्यों को आश्वासन दिया गया कि पूरे मामले की जांच की जाएगी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और जांच के निर्देश जारी किए हैं। डीएम अस्मिता लाल ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# चौधरी केहर सिंह पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में विश्व नर्सेस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## केक काटकर मनाया फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिवस; डॉ. मनीष तोमर बोले: नर्सिंग स्टाफ डॉक्टर से भी महत्वपूर्ण, 2026 की थीम 'हमारी नर्स हमारा भविष्य'

**समाज जागरण**



बड़ौत। नगर के कोताना रोड स्थित चौधरी केहर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एण्ड हॉस्पिटल में मंगलवार को विश्व नर्सेस दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर केक काटकर दुनिया की प्रथम नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सचिव डॉ. मनीष तोमर ने विश्व की प्रथम नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर तथा चित्र पर तिलक लगाकर किया। डॉ. मनीष तोमर ने नर्सिंग स्टाफ को डॉक्टर से भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि "डॉक्टर के बाद नर्सिंग स्टाफ ही मरीज को विश्वास दिलाता है कि समय से दवाई खाने और परहेज रखने से आप स्वस्थ हो जाएंगे। आज देश ही नहीं विदेशों में भी नर्सिंग सेवा देने के भरपूर अवसर हैं। इसमें नियमितता अति आवश्यक है। डॉ. गीतांजलि तोमर ने फ्लोरेंस ना-इटिंगेल के चित्र के सामने पुष्प अर्पित किए और नर्सिंग का प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार लाम्बा ने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को सेवाभाव और अपने काम के प्रति सजगता एवं समर्पण को व्यक्तित्व में शामिल करने को कहा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2026 की थीम 'हमारी नर्स हमारा भविष्य है, जो जीवन बचाने में सहयोग करती है' है। यह व्यवसाय समाज में सम्मान और पहचान दिलाता है। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से काम करें, रोगी के साथ अपनत्व और प्यार से बातें करके उनको ठीक करने में मदद करें। संस्था की उपप्राचार्या दुष्यंता जोगी ने नर्स को निस्वार्थ सेवा की मूर्ति बताते हुए चिकित्सा की रीढ़ कहा। उन्होंने कहा कि नर्स डॉक्टर और मरीज के मध्य की कड़ी है, जो मरीजों की देखभाल करके समय से दवाई देती हैं।संस्थान में जीएनएम व बीएससी नर्सिंग में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का सत्कार किया। इस अवसर पर डॉ. डिंपी, मंजू कुमारी, प्रतिभा शर्मा, तनिष्का रुहेला, पल्लवी राठी, रितिका राठी, शहरोज, उज्जवल, मोहित कुमार, आशीष कुमार, सोनू, शिवम, जसवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं को मिला उषा गुप्ता स्मृति पुरस्कार, मान्या व तनु को 5100-5100 रुपये

## कक्षा 6 से 11 तक की टॉपर्स परी, जेबा, कशिश, शबाना, इच्छा व परी त्यागी को भी 1100-1100 रुपये व सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**समाज जागरण**



अग्रवाल मंडी टटीरी। मंगलवार को वैदिक कन्या इंटर कॉलेज अग्रवाल मंडी टटीरी में कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय उषा गुप्ता एवं उनके पति स्वर्गीय एच.सी.एल. गुप्ता की पावन स्मृति में उषा गुप्ता स्मृति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। उनके सुपुत्र जनता वैदिक महाविद्यालय बड़ौत के प्रोफेसर डॉक्टर देवेश गुप्ता द्वारा कक्षा 10 की कुमारी मान्या सुपुत्री संजय त्यागी एवं इंटर की कुमारी तनु सुपुत्री पवन कुमार को सुप्रसिद्ध समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता एवं पंकज गुप्ता के करकमलों से 5100-5100 रुपये नगद एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित कराया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 की कुमारी परी, कक्षा 7 की कुमारी जेबा, कक्षा 8 की कुमारी क-शिश, कक्षा 9 की कुमारी शबाना, कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की कुमारी इच्छा अग्रवाल व कक्षा 11 कला वर्ग की कुमारी परी त्यागी को भी प्रत्येक को 1100-1100 रुपये के पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कॉलेज प्राचार्य गायत्री वर्मा ने डॉक्टर देवेश गुप्ता का आभार व्यक्त किया। अभिमन्यु गुप्ता ने सभी प्रथम आने वाली छात्राओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में पूजा मायर, निरुपमा शर्मा, मंजू लता, सुमन लता, प्रतिभा सिंह, संगीता देवी, शिल्पी बंसल, संगीता तोमर, इंदिरा वत्स, विनेष रानी, अशोक यादव, सचिन कुमार, वाला देवी सहित 1000 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सुनील मित्तल भट्टे वाले बने व्यापार मंडल बड़ौत के संरक्षक

**समाज जागरण**

बागपत। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बड़ौत की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जिलाध्यक्ष अरुण तोमर (बॉबी) की विशेष संस्तुति एवं नगर अध्यक्ष मुदित जैन की संस्तुति पर बड़ौत निवासी सुनील मित्तल (भट्टे एवं पेट्रोल पंप वाले) को बड़ौत नगर कमेटी में (संरक्षक) पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि आप व्यापारी समाज के उत्थान एवं सम्मान के लिए निरंतर कार्य करते रहेगे तथा समाज के समस्त वर्गों को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेगे। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि आप व्यापारी समाज को एक नये आयाम पर ले जाने का कार्य करेंगे। बैठक में नगर अध्यक्ष मुदित जैन को जिम्मेदारी दी गयी की वह 15 दिन के अन्दर अपनी कार्यकारिणी का लेटर हेड देकर सुनील मित्तल को संरक्षक पद से सम्मानित करकर संगठन को आगे की और बढ़ाये। बैठक मे अरुण तोमर बॉबी,मुदित जैन, संदीप गर्ग,सुनील मित्तल, राजीव गर्ग, एडवोकेट आकाश बंसल, हर्ष आर्य, पप्पन गर्ग,उत्सव जिंदल आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



# प्रचंड गर्मी में महंत गुरू सुरेश भगतजी की पूर्ण हुई 10 वें दिन की तपस्या

**समाज जागरण**

बागपत। गुरू गोरखनाथ आश्रम सांकरोद के महंत गुरू सुरेश भगतजी ने आश्रम परिसर में प्रचंड गर्मी के बीच अपनी 10 वें दिन की तपस्या पूर्ण की। मंगलवार की तपस्या पूर्ण करने के उपरान्त गुरू सुरेश भगतजी ने दर्शनों के लिए आये श्रद्धालुओं से वार्ता की। श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए गुरू सुरेश भगत जी ने बताया कि जेठ माह का यह महीना सूर्य की प्रचंड गर्मी का प्रतीक है। इस माह में सूर्यदेवता सबसे अधिक शक्तिशाली होते है। जेठ के माह में तपस्या करना अत्यन्त कठिन जरूर होता है, लेकिन आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस महीन में की गयी तपस्या साधक को मानसिक और आध्यात्मिक रूप से निखारती है। सूर्य देव की यह तपन शरीर को शुद्ध करती है और मन को शांत करती है। गुरू सुरेश भगत जी ने कहा कि बालाजी और गुरू गोरखनाथ जी का ध्यान करते हुए तपस्या में कोई पीड़ा नही हो रही है, बल्कि आनन्द की अनुभूति हो रही है। गुरू सुरेश भगत जी ने अपने भक्तो से कहा कि प्यासों को पानी पिलाना, घड़े का दान करना, ठंडे पेय पदार्थो का दान करना इस जेठ माह में बहुत ही पुण्यकारी माना जाता है। उन्होने सभी लोगों से जेठ के इस पवित्र महिने में प्यासों को पानी पिलाने का आहवान किया। इसके साथ-साथ उन्होने परमपिता परमेश्वर से सभी के कल्याण की कामना की।



# डॉ. के. विक्रम राव की पुण्यतिथि पर यूपी प्रेस क्लब में संगोष्ठी, हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**




लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब में मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार व इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। "हिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्ष" वर्तनी, शीर्षक और भाषा विषय पर हुई संगोष्ठी में प्रदेश और देश के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकारों सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने स्वर्गीय राव को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने पत्रकारिता की भाषा सम्बंधित कमियों को रेखांकित किया और इसमें सुधार के लिए सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में पत्रकारिता, राजनीति, समाज सेवा और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने मीडिया कवरेज में भाषा, वर्तनी और शीर्षक के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए नए पत्रकारों के प्रशिक्षण पर जोर दिया। अखबारों की भाषाई गिरावट पर चिंता जताते हुए डॉ. राव की पत्रकारिता और भाषाई पक-ड़ पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्त-ाओं ने कहा कि राव की लेखनी और उनकी अंतिम समय तक पढ़ने-लिखने की आदत बनी रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रेमकान्त तिवारी ने किया। कार्यक्रम में आईएफडब्लूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल मिश्रा, यूपीडब्ल्यूजेयू के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सलाहकार एचएन शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद व बीजेपी नेता अशोक बाजपेई, सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, पीएन द्विवेदी, भारत समाचार के एडिटर इन चीफ बृजेश मिश्रा, डॉ. राव की पत्नी डॉ. के. सुधा राव, राव साहब के पुत्र व पत्रकार के. विश्वदेव राव, पद्मश्री डॉक्टर अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी, गोविन्द पंत राजू, योगेश मिश्रा, रतन मणिलाल, प्रद्युमन तिवा-री, नवल कांत सिन्हा, टीएन मिश्रा, शिव शरण सिंह, मसूद हसन, राम कृष्ण बाजपेयी, सुल्तान शाकिर हाशमी, भारत सिंह, मत्स्येन प्रभाकर, संजोग वाल्टर, राजेंद्र द्विवेदी, शिल्पी सेन, अमिता पारुल, श्रुति गुप्ता, इस्माइल मैन, सर्वेश अस्थाना, मनीष मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ला, तनवीर फातिमा, राजवीर यादव, अविनाश शुक्ला, मुकुल मिश्रा, श्याम कुमार, हरी अरोड़ा, संदीप पांडे, विवेक त्रिपाठी, अनिल सैनी, जुबेर अहमद, जितेंद्र त्रिपाठी, महिमा तिवारी, अभिषेक पांडेय, अंकित श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, एसएन सिंह, शिव विजय सिंह, पवन सिंह, उबैदुल्लाह नासिर, नितिन श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गुन्नौर में पुलिस व होमगार्ड पर हमलों से बढ़ी चिंता, एक सप्ताह में दूसरी घटना

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली नगर कस्बे में पुलिस और होमगार्ड जवानों के साथ अभद्रता एवं मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आने से कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। बीते एक सप्ताह के भीतर पुलिस व पिकेट ड्यूटी पर तैनात जवानों के साथ मारपीट की यह दूसरी घटना है। ताजा मामले में वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक दरोगा सहित पुलिस टीम से भिड़ गया, जबकि इससे पहले नेहरू चौक पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड जवानों के साथ हाथापाई की गई थी।

जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम गुन्नौर कोतवाली से कुछ दूरी पर गोठना जाने वाले तिराहे पर उपनिरीक्षक सुभाष तोमर अपने हमराही सचिन कुमार और अमन कुमार के साथ वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान भोजपुर गांव निवासी विनोद यादव पुत्र महीपाल यादव अपनी पैशन प्रो बाइक से वहां पहुंचा। पुलिस टीम ने पूछताछ के लिए उसे रोका तो वह उग्र हो गया और गाली-गलौज करने लगा।

आरोप है कि पुलिसकर्मियों द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर युवक ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए हाथापाई शुरू कर दी। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह भीड़ का फायदा उठा-कर मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि आरोपी विनोद यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। 4 मई को होमगार्ड जवानों से हुई थी मारपीट इससे पहले 4 मई की रात नेहरू चौक पर पिकेट ड्यूटी के दौरान होमगार्ड धर्मपाल सिंह और रामौतार के साथ भी अभद्रता और मारपीट की घटना हुई थी। आरोप है कि रात करीब 11 बजे शराब के नशे में पहुंचे एक युवक ने राहगीरों से विवाद शुरू कर दिया। जवानों द्वारा समझाने पर वह भड़क गया और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए दोनों होमगार्ड जवानों के साथ हाथापाई करने लगा।

आरोप है कि युवक ने होमगार्ड धर्मपाल सिंह का डंडा भी छीन लिया था। मारपीट में दोनों जवान घायल हो गए थे। पुलिस ने उस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की थी। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से पुलिस और होमगार्ड जवानों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक में रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट और तीन तलाक देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

गांव अकबरपुर सुन्हेटी निवासी हदीशा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका निकाह दस मार्च 2020 को गांव मन्नामाजरा निवासी सुफियान के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और बाइक की मांग करता था। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। इसी के चलते उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह अपने मायके में रह रही थी। आरोप है कि चार नवंबर 2025 को उसका पति सुफियान के अलावा सालिम, मुनफेद, असलम, जमीला, शबाना व उसका ननदोई मायके पहुंचे तथा उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने गले में चुनरी डालकर हत्या का प्रयास भी किया। शोर-शराबा होने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि बाद में पति ने फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने तमंचा व कारतूस समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसआई यशपाल सिंह सोम टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान भूरा की ओर जाने वाले रजवाहा पटरी पर एक संदिग्ध दिखाई दिया, जिसे पक-ड़कर तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अहसान उर्फ सन्ना निवासी गांव भूरा बताया। मामले में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# मामूली कहासुनी के बाद पत्नी को मेज पर लिटाकर तलवों पर डंडों से पीटा, दूधमुंहा पुत्र छीनकर घर से निकाला

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र की एक वि-वाहिता ने जम्मू कश्मीर निवासी अपने पति और ससुराल पक्ष पर बेरहमी से मारपीट करने तथा दूधमुंहे बेटे को जबरन छीन लेने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा गुन्नौर निवासी रूबी नाज पत्नी अशरफ अली ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी 27 नवंबर 2022 को मोहल्ला जलेपुरा निवासी अश-रफ अली से हुई थी। विवाह के बाद वह पति के साथ जम्मू चली गई थी, जहां 8 जनवरी 2024 को उसने पुत्र को जन्म दिया। कुछ समय बाद वह मायके आ गई थी। बाद में आपसी सहमति के बाद वह फिर ससुराल चली गई।

पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद पति अशरफ, ननद आरफा और यासमीन उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रता-ड़ित करने लगे। 25 अप्रैल 2026 को मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। आरोप है कि उसे मेज पर लिटाकर तलवों पर डंडों से पीटा गया।

# बाइक की टक्कर से 10 वर्षीय किशोर घायल, पैर में फ्रैक्चर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे की बड़ी नहर पटरी पर एक निजी डॉक्टर के यहां से दवाई लेने जा रहे पिता-पुत्र को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में 10 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी साबीर ने बताया कि वह अपने 10 वर्षीय पुत्र साहवेज के साथ कस्बे की बड़ी नहर पटरी स्थित एक निजी डॉक्टर के यहां दवाई लेने जा रहा था। जैसे ही वह



नहर पटरी पर पहुंचे, तभी कस्बे का एक युवक तेज गति से बाइक लेकर आया और पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में उसका 10 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी धक्का-मुक्की करते हुए मौके से फरार हो गया। परिजन घायल किशोर को लेकर शामली के एक निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसके पैर की हड्डी फ्रैक्चर होने की पुष्टि की।पीड़ित पिता ने पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# शादी से एक दिन पहले प्रेमी संग फरार हुई युवती

## पिता ने दर्ज कराया मुकदमा, शादी की तैयारियों के बीच परिवार में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शादी से एक दिन पूर्व अपने प्रेमी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में फरार हो गई। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी तय हो चुकी थी और घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं। परिजनों के अनुसार, शादी से ठीक एक दिन पहले युवती अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में परिजनों को जानकारी मिली कि उसकी पुत्री थाना भवन क्षेत्र के गांव यारपुर निवासी अंशुल पुत्र जयकुमार के साथ चली गई है।पीड़ित पिता ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि आरोपी युवक काफी समय से उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा रहा था। आरोप है कि युवक शादी की नीयत से उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी युवक ने युवती को किसी अनहोनी में भी फंसा सकता है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर युवती और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

# श्री विश्वकर्मा सभा रजि की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय श्री विश्वकर्मा विराट संघ एवं श्री विश्वकर्मा सभा रजि शामली के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार देर शाम समाज के गणमान्य लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के उत्थान पर चर्चा की गई और प्रदेश सरकार द्वारा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाये जाने पर लडडू वितरित किए।



सोमवार देर शाम शहर के बुढाना रोड स्थित महेश धीमान के प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय श्री विश्वकर्मा विराट संघ एवं श्री विश्वकर्मा सभा रजि शामली के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल पांचाल ने कहा कि समाज के सभी गणमान्य लोगों को समाज के उत्थान के लिए आगे आकर कार्य करना चाहिए, जिससे समाज मजबूत हो सके और कमजोर तथा निर्धन लोगों की मदद की जा सके। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में विश्वकर्मा समाज की ओर से हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया है, जिससे पूरे समाज में हर्ष का माहौल है। उम्मद है कि अब समाज के लोगों को आगे बढने का मौका मिलेगा। युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होगे। प्रदेश सरकार स्तर पर आने वाली समस्याओं का अब आसानी से समाधान हो सकेगा। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री ने पहली बार विश्वकर्मा समाज के एक चेहरे को अपने मंत्रिमंडल में स्थान देकर समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। सभा में जनपद शामली के विश्वकर्मा समाज के लोगों तथा दोनों संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। सभा में महेश धीमान, वेदप्रकाश आर्य, सुधीर धीमान, मुकेश जांगिड, विरेन्द्र जांगिड, प्रमोद विश्वकर्मा, मनीष पांचाल, पंकज विश्वकर्मा, रघुवीर आर्य आदि मौजूद रहे।

# दो युवकों पर तमंचे के बल पर किशोरी को घर से उठाकर दुष्कर्म करने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव कसेरवा खुर्द निवासी कक्षा 11 की छात्रा ने गांव के ही दो युवकों पर तमंचे के बल पर घर से उठाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना 112 नंबर पर देने के बावजूद अब तक न तो मेडिकल कराया गया और न ही मुकदमा दर्ज किया गया।



गांव कसेरवा खुर्द निवासी एक छात्रा ने परिजनों व ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पर जाकर दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि 7/8 मई की रात करीब दो बजे वह घर में उठकर शौचालय गई थी। वापस कमरे में लौटते समय जीने के पास गांव निवासी दो लोगों ने उसका हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसका मुंह दबाकर कनपटी पर तमंचा लगा दिया और जबरन अपने मकान में ले गया, जहां पहले से एक युवक मौजूद था। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर मारपीट की गई तथा कपड़े फाड़ दिए गए। आरोप है कि उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपियों ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि शोर मचाने पर उसकी भाभी समेत परिवार की महिलाएं मौके पर पहुंचीं और उसे घर लेकर आईं। बाद में परिवार ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर जांच पडताल भी की। पीडितों ने आरोप लगाया कि पुलिस को तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने न तो छात्रा का मेडिकल कराया और न ही मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को मामले में जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# बहुजन मुक्ति पार्टी केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में देशभर में चलाएंगी आंदोलन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में देशभर के 625 जिलों में चरणबद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा की गई है। इसी क्रम में शामली में भी डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगें उठाई गईं। पार्टी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के चलते देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट लगातार बढ़ रहा है। ज्ञापन में स्मार्ट मीटरों को अपारदर्शी बताते हुए कहा गया कि इनके माध्यम से उपभोक्ताओं पर अत्यधिक बिजली बिल थोपा जा रहा है। स्मार्ट मीटरों के कारण लोगों के रोजगार प्रभावित हो रहे हैं तथा निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। ज्ञापन में घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों, गैस





एजेंसियों में लंबी लाइनों और कथित कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि महंगे पेट्रोल-डीजल ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा और व्यापारियों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर डाला है। बहुजन मुक्ति पार्टी ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों की जगह पारदर्शी मीटर लगाए जाएं, उपभोक्ताओं से वसूले गए अतिरिक्त बिजली बिल वापस किए जाएं तथा गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी की जाए। पार्टी ने घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपये तथा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 700 रुपये में उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। पार्टी द्वारा घोषित आंदोलन के तहत 20 मई को महंगी गैस के विरोध में चूल्हा जलाओ आंदोलन तथा 31 मई को पेट्रोल-डीजल कीमतों के विरोध में आंदोलन डीएम कार्यालय पर किया जाएगा। इस दौरान अरविन्द कुमार, उदयपाल, अशोक कुमार, तरूण गौतम आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा हड़पने का आरोप, मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर उसका ई-रिक्शा हड़पने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को गांव डूंडूखेड़ा निवासी सीताराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। ई-रिक्शा ही परिवार की आय का मुख्य साधन



है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उनका ई-रिक्शा अपने कब्जे में ले लिया और अब उसे वापस करने से इंकार कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने आरोपी से ई-रिक्शा लौटाने की बात कही तो उसने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। ई-रिक्शा न मिलने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा वापस दिलाने की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है।जांच कराई जा रही है। जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# खन्द्रावली हत्याकांड में शामिल युवती गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक युवक की प्रेमिका व हत्याकांड की आरोपी युक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई कार्य जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी आशु पुत्र वीरेंद्र विगत 1 में को शामली से अपने गाव खन्द्रावली आ रहा था जैसे ही वह गांव के निकट भाग्य के पास पहुंचा तो घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर पहुंची पीआरवी टीम ने घायल को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत सिर में गोली लगने से होना पाया गया। परिजनों ने चौकी के सामने हंगामा करते हुए हत्याकांड




अभियुक्त मोहित उर्फ शंकर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए आरोपियों ने एक युवती का नाम पुलिस के समक्ष उजागर किया था। पुलिस ने मंगलवार का खुलासा कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी.मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड का खुलासा करने के लिए स्वाट, सर्विलांस टीम और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो मई को अभियुक्त आकाश कुमार निवासी मोहल्ला गड़रियान, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया था। इसके बाद पांच मई को 25 हजार रुपये के इनामी को अभियुक्ता मंजू पुत्री सतपाल उर्फ सत्यपाल निवासी ग्राम खन्द्रावली को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार युवती मृतक आशु के साथ फोन पर बात करती थी और मुख्य अभियुक्त शंकर उर्फ मोहित से भी बात कर रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि हत्याकांड की जांच जारी है तीन आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है मामले की जांच की जा रही है हत्याकांड में जो भी आरोपी शामिल होगा उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना की समीक्षा के लिए गठित डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई।



बैठक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में चयनित समितियों के कम्प्यूटरीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रथम चरण में अवशेष बची इसोपुर खुरगान समिति का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रथम एवं द्वितीय चरण की समितियों में ईआरपी और डायनामिक डेटा एंट्री कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान सिस्टम इंटीग्रेटर की खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने चेतावनी जारी करने तथा मामले से नाबार्ड एवं शीर्ष स्तर को अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सहकारी बैंक के एआर कोऑपरेटिव जनपद शामली, सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला प्रबंधक नाबार्ड, एनआईसी के जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी तथा बीएसएनएल के प्रतिनिधि अधिकारी मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोप, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होने अस्पताल संचालक डॉक्टर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।



मंगलवार कोा क्षेत्र के ग्राम मानकपुर निवासी रामचरण सिंह व रजनीश सिंह ने किसान नेता विनोद निर्वाल और ग्रामीणों के साथ सीएमओ कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने सीएमओ को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गर्भवती महिला का उपचार पहले से कैराना रोड स्थित हॉस्पिटल में द्वारा किया जा रहा था। आरोप है कि 11 अप्रैल की रात करीब 9 बजे महिला को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 11 बजे डॉक्टर ने जांच कर दवाइयां शुरू कर दीं। परिजनों के अनुसार रात करीब 1 बजे डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन करना पड़ सकता है, लेकिन अस्पताल में सर्जन उपलब्ध नहीं है। इस पर परिजनों ने महिला को किसी अन्य अस्पताल रेफर करने की बात कही, लेकिन डॉक्टर ने एक बार और प्रयास करने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद 12 अप्रैल को प्रसव कराया गया और परिजनों से दो यूनिट ब्लड भी मंगाया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। इसके बाद सुबह करीब 4 बजे उसे पानीपत स्थित प्रेम हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने बताया कि प्रसव में लापरवाही के चलते बच्चेदानी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे तत्काल निकालना पड़ेगा। परिजनों ने बताया कि महिला की जान बचाने के लिए करीब 18 यूनिट ब्लड व प्लाज्मा की व्यवस्था करनी पड़ी। ऑपरेशन के बाद महिला की बच्चेदानी निकाल दी गई और वर्तमान में उसका उपचार प्रेम हॉस्पिटल पानीपत में जारी है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# इकरा हसन के आवास के बाहर दिया धरना

## — महिला आरक्षण का विरोध कर सांसद पर महिलाओं के अपमान का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) महिला आरक्षण का विरोध करने में भाजपा महिला कार्यकर्ता महिलाओं के साथ सांसद इकरा हसन के आवास के बाहर धरने पर बैठ गई। इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए सांसद पर महिला हितों की अनदेखी और अपमान का आरोप लगाया। हालांकि, कुछ समय के बाद धरना समाप्त हो गया।

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे भाजपा विधानसभा संयोजक सुधा तोमर और कांधला मंडल संयोजक प्रतिभा उर्फ सिमरन के नेतृत्व में महिलाएं सांसद के आवास पर पहुंचीं। महिलाओं ने आवास के सामने दरी बिछाकर धरना शुरू कर दिया और महिला आरक्षण के समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान बबीता चौहान ने कहा कि सांसद इकरा हसन खुद एक महिला हैं और महिलाओं के समर्थन से ही संसद तक पहुंची हैं, लेकिन महिला आरक्षण और अधिकारों के मुद्दे पर वह विपक्ष के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह महिलाओं की भावनाओं के विपरीत है। प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कहा



कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं और उन्हें बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। वहीं, सुधा तोमर ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष का रवैया महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से पीछे धकेलने वाला है। धरने के दौरान महिलाओं ने 'फूल नहीं चिंगारी है, हम भारत की नारी हैं' तथा 'जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा' आदि नारे भी लगाए। कुछ समय के पश्चात धरना समाप्त हो गया। इस दौरान गीता, ममता, बीना, मीनू, सुनीता, मोनिका, मंजू, पूजा, रजनी, सुमन, शीला, सरोज आदि मौजूद रहीं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने एक सप्ताह पूर्वक थाने पर तहरीर देकर बताया था कि कस्बा निवासी राहुल ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है आरोपी युवक पूर्व से ही शादीशुदा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर




नगर के मोहल्ला खेल स्थित शिव मंदिर के पास निवासी राहुल पुत्र महिपाल के खिलाफ विगत सात मई मुकदमा दर्ज कर लिया था।आरोप है कि जब किशोरी ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर महिला अपराधों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। और मंगलवार को आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि महिला व बालिकाओं के साथ किसी भी तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किशोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सीएचसी शामली में विशाल भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंगलवार को सीएचसी शामली में



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व हनुमान धाम पर विशेष पूजा अर्चना की गई और श्री हनुमान की आरती में भाग लिया गया। जहां श्री हनुमान को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ गया किया। इस अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार, सर्जन डॉ. मनीष राठी, डॉ. दीपक चौधरी, एनेस्थेटिस्ट डॉ. तिलक, पैथोलॉजिस्ट डॉ. तरुण चौधरी, फिजिशियन डॉ. सचिन मलिक, डॉ. शशिकांत, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. रामनिवास, कासिम, अंकित कुमार, अंकुर कुमार सहित समस्त स्टाफ का आर्थिक सहयोग रहा। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल के पावन अवसर पर सेवा एवं धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भावना का संदेश मिलता है।

# युवक की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में युवक की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसपी से मुलाकात की। उन्होने पुलिस पर मामले में कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।



मंगलवार को झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा निवासी दर्जनों ग्रातीणों ने एसपी एनपी सिंह से मुलाकात की। उन्होने बताया कि गत 4 मई को गांव के ही गोविन्द सैनी पुत्र सुखवीर सिंह अपने घर पर सोया हुआ था। अगले दिन 5 मई को सुबह गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक टयूवैल पर पडी मिली। युवक का शव कुए के अंदर सला हुआ पाया गयाा है। जिसकी रिपोर्ट थाना झिंझाना में परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने न तो घटना का खुलासा किया और नही ही अभी तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है। उन्होने एसपी से मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही कर घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों के पकडे जाने की मांग की है। उन्होने बताया कि उक्त घटना को लेकर समाज में रोष व्याप्त है और परिवार के लोग भी डरे हुए है। इस अवसर पर आशु, सुखपाल, उदयवीर, महक सिंह, दीनमाल, सरोज पूर्व प्रधान, जनेश्वर आदि मौजूद रहे।

# जेठ-जेठानी पर मारपीट का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक विवाहिता ने अपने जेठ और जेठानी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला आलकलां निवासी हिमांशी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी दो फरवरी 2025 को पानीपत के गांव जसौली निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि उसके जेठ अजय और जेठानी रेनू ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि उसने फोन कर घटना की जानकारी अपने मायके वालों को दी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# साइबर ठगी के रुपये खातों में भिजवाए, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। जन सेवा केंद्र संचालक के बैंक खातों में साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर कर नकद रुपये ले लिए गए। खाते फ्रीज होने पर मामले का पता चला। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के मोहल्ला खैलकलां निवासी उमरदराज ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह जन सेवा केंद्र संचालक है। आरोप है कि 16 दिसंबर 2025 को जुवेद नामक एक युवक उसकी दुकान पर आया और उसके चार अलग-अलग बैंक खातों में 49 हजार, 23 हजार 600, 10 हजार और 6 हजार 346 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। इसके बाद आरोपी उससे कुल 86 हजार 947 रुपये नकद लेकर चला गया। पीड़ित ने बताया कि आठ अप्रैल 2026 को उसके चारों बैंक खाते फ्रीज हो गए। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी ने साइबर ठगी की रकम उसके खातों में ट्रांसफर कराई थी और बदले में उससे नकद रुपये ले लिए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी जुवेद इससे पहले भी दो अन्य जन सेवा केंद्र संचालकों के साथ इसी प्रकार की ठगी कर चुका है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। गांव सहपत निवासी योगेश ने मुकदमा दर्ज कराया कि अपने बेटे यश को ताऊ के लड़के विकास को बुलाने के लिए भेजा था। आरोप है कि इसी दौरान विकास और विशाल ने उसके बेटे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल में आयोजित हुआ फेयरवेल समारोह "स्मृति-2026"

## ऋषब पांडेय को मिस्टर फेयरवेल- तथा अवनि को मिस फेयरवेल-2026 के खिताब से किया गया सम्मानित

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 12 मई। बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए फेयरवेल समारोह ह्लस्मृति-2026ह्व का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि बीआरसीएम संस्थान का प्रत्येक विद्यार्थी देश एवं समाज की अमूल्य धरोहर है और संस्थान को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, अनुशासन एवं निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान छात्रों ने न केवल तकनीकी ज्ञान एवं व्यावसायिक कौशल अर्जित किए हैं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी आत्मसात किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान के विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज एवं देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

फेयरवेल समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम में समूह नृत्य, एकल नृत्य, गायन, संगीत प्रस्तुति एवं रैंप वॉक विशेष आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

समारोह के दौरान विभिन्न शाखाओं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें निशा को सिविल इंजीनियरिंग, मानस कुमार आर्य को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, राजन अर्याल को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा सागर को मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा में सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं के आधार पर ऋषब पांडेय को ह्लमिस्टर फेयरवेल-2026ह्व तथा अवनि को ह्लमिस फेयरवेल-2026ह्व के खिताब से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अंजू जीडीसी महाविद्यालय एवं डॉ. पवन कुमार बीआरसीएम लॉ कॉलेज ने निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन राजवर्धन एवं खुशी तंवर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील शुक्ला प्राचार्य लॉ कॉलेज , राजेश झाझड़िया प्राचार्य बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, संदीप टंडन प्राचार्य बीआरसीएम शिशुकुंज स्कूल, डॉ. विवेक कुमार, सुरेश कुमार, अमित रंजन, पवन पंघाल, रजिस्ट्रार, रजनीश मितड, रविंद्र श्योराण, रविंद्र चहल, नेहा, दीपिका सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पौष्टिक आहार व समय पर दवा के सेवन व सावधानी रखकर ही मरीज खुद को कर सकता है टीबी मुक्त: सिविल सर्जन

## निक्षय मित्र योजना के तहत 31 टीबी मरीजों को वितरित की गईं पोषण किट

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल-लोहारू। स्थानीय उपमंडल नागरिक अस्पताल में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों के पोषण एवं स्वास्थ्य संवर्धन के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डा. रघुवीर सिंह शांडिल्य व उप सिविल सर्जन डा. सुमन विश्वकर्मा ने अस्पताल स्टाफ के सहयोग से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोहारू सीएचसी के अंतर्गत विभिन्न गांवों के 31 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित की गईं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर सिंह शांडिल्य ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए दवा के साथ पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। निक्षय मित्र योजना मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर उनके स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने मरीजों से अपील करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए वे विभाग द्वारा जारी हिदायतों की पालना अवश्य करे तथा खांसते व छींकते समय रुमाल या कपड़े का प्रयोग अवश्य करें। मरीज अपने खानपान पर विशेष ध्यान रखे तथा दवाई का नियमित रूप से प्रयोग करें ताकि वे जल्द से जल्द टीबी रोग मुक्त हो सके। इस दौरान उन्होंने टीबी रोगियों की शंकाओं का भी समाधान किया। उन्होंने मरीजों को नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने लोहारू अस्पताल स्टाफ की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ किया जा रहा कार्य सराहनीय है। उन्होंने अधिकारियों से टीबी मरीजों के परिवार के सदस्यों की समय पर स्क्रीनिंग व टेस्ट करने के निर्देश दिए।

उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने कहा कि टीबी अब पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, यदि समय पर जांच, नियमित दवा और उचित पोषण मिले। उन्होंने कहा कि निक्षय पोषण किट मरीजों को उपचार अवधि में आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लोगों से टीबी के प्रति जागरूक रहने, लक्षण मिलने पर तुरंत जांच करवाने और मरीजों के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने की अपील की।

**लिंगानुपात में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जाए: सिविल सर्जन**

कार्यक्रम के पश्चात सिविल सर्जन ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक भी ली तथा निर्देश दिये कि वे लिंगानुपात की स्थिति में सुधार के लिए प्रयास करें तथा अपने क्षेत्र के अंतर्गत होने वाली गैरकानूनी लिंग जांच, अवैध गर्भपात की दवाओं की बिक्री करने वालों पर सख्ती से नजर रखे तथा विभाग को इसकी सूचना दी जाए ताकि उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि गिरता लिंगानुपात चिंता का विषय है तथा इसकी स्थिति में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल से सक्रियता से प्रयास करें। इस दौरान सिविल सर्जन ने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी न रहे और उपचार व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। सिविल सर्जन ने कहा कि ड्यूटी में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाह कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड सही तरीके से मेंटेन किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान एसएमओ लोहारू डॉ. ओपी डूडी ने सिविल सर्जन को आश्वस्त किया कि विभाग की योजनाओं का लाभ मरीजों तक पहुंचाया जाएगा तथा क्षेत्र में लिंगानुपात की स्थिति में सुधार के लिए और अधिक सक्रियता से सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. प्रीति, डॉ. आकांक्षा, डॉ खुशबू, डॉ. संदीप यादव, डॉ. राहुल, डॉ रोमा राठी, अमित वालिया, सुशीला देवी, अनीता देवी, सुमेर सिंह, अजय दहिया, राजेश कुमार सहित समस्त अस्पताल स्टाफ व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सीनियर सैकेण्डरी नियमित व मुक्त विद्यालय परीक्षा का परिणाम घोषित, बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं परीक्षा परिणाम

**- नियमित परीक्षार्थियों का 84.67 व स्वयंपाठी का 69.57 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम**

**- मुक्त विद्यालय फ्रैश कैटेगरी का परिणाम 42.15 व रि-अपीयर का 50.09 प्रतिशत रहा**




**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 12 मई। : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० पवन कुमार ने आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सैकेंण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) वार्षिक परीक्षा-2026 का परिणाम आज घोषित किया जा रहा है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर देख सकते हैं।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 84.67 फीसदी तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 69.57 फीसदी रहा है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी।

उन्होंने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा में 2,42,856 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 2,05,618 उत्तीर्ण हुए तथा 10,498 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस परीक्षा में प्रविष्ठ हुई 1,19,893 छात्राओं में से 1,05,467 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 87.97 रही, जबकि 1,22,963 छात्रों में से 1,00,151 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 81.45 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 6.52 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है। उन्होंने बताया कि कला संकाय में पास प्रतिशतता 82.60, विज्ञान संकाय में 90.08 तथा कॉमर्स संकाय में 88.20 रही है।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 82.44 रही तथा प्राईवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 87.94 रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 84.98 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 83.91 रही है। उन्होंने बताया कि पास प्रतिशतता में जिला चरखी-दादरी टॉप तथा जिला नूंह सबसे नीचले पायदान पर रहा।

उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यालय/संस्थाएं बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए परिणाम डाऊनलोड कर सकते हैं। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 69.57 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में 2,642 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए जिनमें से 1,838 पास हुए। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी/त्रुटि के लिए बोर्ड कार्यालय जिड्ढमेवार नहीं होगा।

उन्होंने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त प्रदेशभर में संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय वार्षिक परीक्षा-2026 (फ्रैश व रि-अपीयर इत्यादि) विषय की परीक्षा का परिणाम भी आज घोषित किया जा रहा है। सीनियर सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (फ्रैश) का परिणाम 42.15 तथा (रि-अपीयर) का परिणाम 50.09 फीसदी रहा है। परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in से अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि अथवा पंजीकरण संड्ढया भरते हुए अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि सीनियर सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (फ्रैश) की परीक्षा में 15,288 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 6,444 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 42.15 रही। इस परीक्षा में 9,647 छात्र बैठे थे, जिनमें से 3,667 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 38.01 रही है, जबकि 5,640 प्रविष्ठ छात्राओं में से 2,777 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 49.24 रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 40.44 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 44.87 रही है।

उन्होंने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (रि-अपीयर) का परिणाम 50.09 फीसदी रहा। इस परीक्षा में 5,868 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 2,939 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

उन्होंने आगे बताया कि प्रदेशभर में तीनों संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 03 छात्र/छात्राओं में से छात्रा दीपिका, विवेकानंद विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छिल्लर, रेवाड़ी ने 499 अंक, छात्रा उदिता, विश्ववर्या कन्या गुरूकूल, रूडकी ने 498 अंक तथा छात्रा योगिता, शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल, बुड़ायन, जीन्द व छात्रा मुस्कान, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, धमतान साहिब, जीन्द ने 497 अंक अर्जित किए हैं ।

उन्होंने बताया कि इन परीक्षा परिणामों के आधार पर जो परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जाँच अथवा पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं तो वे निर्धारित शुल्क सहित परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दौरा कार्यक्रम को लेकर एडीसी व एसपी ने किया रेलवे स्टेशन व रूट का निरीक्षण

**समाज जागरण**



सिरसा/कालांवाली 12 मई (सुरेश जोरासिया) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 15 मई को सिरसा से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए सिरसा से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को सिरसा से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल एवं पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने संयुक्त रूप से स्थानीय रेलवे स्टेशन तथा मुख्यमंत्री के निर्धारित रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सफाई व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का बारीकी से अवलोकन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री के आगमन एवं कार्यक्रम को लेकर निर्धारित रूट पर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम तथा प्रशासनिक तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीर्थ यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन एवं मुख्यमंत्री के रूट पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा कार्यक्रम के दौरान आमजन को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रेलवे विभाग, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सहायक प्रोफेसर पवन कुमार को दिया नियुक्ति पत्र



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) आज राजकीय महाविद्यालय कालांवाली सिरसा में उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राचार्य दिलराज सिंह द्वारा हिंदी विषय की नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर पवन कुमार को पद ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर राम लाल बलजोत ने बताया कि अब तक महाविद्यालय में तीन नए नियमित सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति से महाविद्यालय के शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा तथा स्टाफ की कमी से जूझ रहे महाविद्यालय को सहारा मिलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य दिलराज सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर पवन कुमार को शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम लाल बलजोत, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र, प्रोफेसर सुषमा, डॉ.हरजीत कौर, सहायक मुकेश कुमार,सुनील कुमार,ललित कुमार स्टाफ सदस्यों द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर पवन कुमार के पिता वरयाम सिंह भरोखा उपस्थित रहे।

# किसानों ने मांगों को लेकर सिवानी में निकाला प्रदर्शन

## बिजली टावर मुआवजा, बीमा राशि और फसलों की पेमेंट को लेकर SDM को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-सिवानी। मंगलवार को सिवानी में अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक किसान भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रधान रामकिशन भाकर ने की, जबकि संचालन किसान सभा के तहसील सचिव अंतर कस्वां द्वारा किया गया।

बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर विस्तार




से चर्चा की गई। किसानों ने मांग उठाई कि सिवानी तहसील के जिन गांवों में बिजली के टावर और तार निकाले जा रहे हैं, उनकी जमीनों का मुआवजा दोबारा तय किया जाए। इसके अलावा किसानों ने करीब 350 करोड़ रुपये के कथित बीमा घोटाले की राशि किसानों के खातों में डालने तथा गेहूं और सरसों की लंबित पेमेंट तुरंत जारी करने की मांग की।

किसानों ने यह भी बताया कि 3 मई 2026 को आई तेज आंधी के बाद कई ट्यूबवेलों की बिजली अब तक बहाल नहीं हो सकी है, जिससे खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों ने बिजली व्यवस्था जल्द सुचारू करने की मांग भी उठाई। इन मांगों को लेकर किसानों ने सिवानी बाजार में जुलूस निकाला और बाद में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मोहया को ज्ञापन सौंपा। किसानों के अनुसार एसडीएम ने उनकी मांगों पर विचार करने तथा ज्ञापन सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन में किसान सभा नेता दयानन्द पूनिया, बलवान बागड़ी, रामचन्द्र फौजी, मास्टर उमराव सिंह, राजबीर सिंह सिन्धु सहित बड़ी संख्या में किसान और किसान सभा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जैतो की हरलीन शर्मा जिसने 10वीं कक्षा में पंजाब में पहला स्थान हासिल किया को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया

## 650 में से 646 अंक लाकर जैतो का नाम रोशन किया

**जैतो मन्नू शर्मा पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो,12 मईः फरीदकोट जिले के सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो ने कल सोमवार को पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणामों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।जैतो की होनहार छात्रा हरलीन शर्मा, जो गांव चैना (जैतो) की रहने वाली है, ने 650 में से 646 अंक हासिल करके पूरे पंजाब में पहला स्थान प्राप्त किया है। हरलीन शर्मा की इस शानदार उपलब्धि से फरीदकोट जिले जैतो शहर और स्कूल का नाम पूरे पंजाब में रोशन हुआ है। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक अनूठी पहल करते हुए हरलीन शर्मा को तत्काल प्रभाव से सम्मानित किया और उन्हें 50 हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और होनहार बच्चों को हर संभव अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्रा हरलीन शर्मा की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र लगातार कड़ी मेहनत और लगन से पूरे देश में पंजाब का नाम रोशन कर रहे हैं, जो कि गर्व का विषय है। इस अवसर पर हरलीन शर्मा की माता रेनू बाला और पिता जसविंदर कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने हरलीन शर्मा और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि फरीदकोट जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि छात्र ऐसी ऊंचाइयों को छू पाते हैं। उन्होंने फोन पर हरलीन शर्मा से बात की और उन्हें तथा उनके माता-पिता को बधाई दी। इस अवसर पर फरीदकोट के विधायक गुरदित सिंह सेखों, जैतो के विधायक अमोलक सिंह, पंजाब की स्कूल शिक्षा सचिव मैडम सोनाली गिरी, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) अंजना कौशल और सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो की प्रिंसिपल कुसुम कालड़ा ने भी हरलीन शर्मा को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जैतो के भाजपा नेता प्रदीप सिंगला ने केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू से रेल भवन में की मुलाकात

## जैतो की रेलवे संबंधी समस्याएं निश्चित हल करवायेंगे : सिंगला

**जैतो मन्नू शर्मा पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**





जैतो,12 मई : पंजाब राज्य उद्योगिक विकास निगम के पूर्व डायरैक्टर एवं नगर कौंसल जैतो के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा नेता प्रदीप सिंगला द्वारा केंद्रीय रेल भवन दिल्ली में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से मुलाकात की और उन्हें मिलकर जैतो शहर में रेलवे संबंधी सुधार/ समस्याओं संबंधी ज्ञापन सौंपा।

प्रदीप सिंगला ने पूरे तथ्यों के साथ जैतो शहर की प्रमुख समस्या श्री मुकतसर साहिब सड़क मार्ग पर बने रेलवे फाटक के बंद रहने के कारण हो रही प्रेशानी को लेकर केंद्रीय रेल मिनिस्टर रवनीत सिंह बिट्टू को अवगत करवाया ।इसके साथ ही फिरोजपुर से हरिद्वार एवं श्री हजूर साहिब नांदेड़ साहिब तक तीर्थ यात्रियों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए फिरोजपुर से चलने वाली ट्रेनों को जैतो में स्टॉपेज के लिए केंद्रीय रेल मंत्री रवनीत बिट्टू से को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में जैतो के रेलवे स्टेशन के #प्लेटफार्म को छोटा एवं नीचा होने के कारण आ रही मुश्किल के बारे में भी जानकारी दी जिस कारण यात्रियों के ट्रेन में चढ़ने और उतरने पर भारी दिक्कत रहती है ।केंद्रीय रेल राज्य रवनीत सिंह बिट्टू ने तुरंत रेल मंडल फिरोजपुर के इंजीनियर को श्री मुकतसर साहिब सड़क मार्ग पर बने रेलवे फाटक की समस्या को खत्म करने के लिए एवं रेलवे स्टेशन जैतो के प्लेटफार्म को पूरी तरह से विकसित करने के लिए आदेश जारी किया एवं जैतो रेलवे स्टेशन पर मौके पर जाकर प्रदीप सिंगला की हाजिरी में लोगों की समस्या सुनकर उचित कार्यवाई के निर्देश दिए है

प्रदीप सिंगला ने बताया कि केंद्रीय रेल मिनिस्टर रवनीत सिंह बिट्टू के आदेश के बाद रेलवे के इंजीनर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बात हो गई है एवं जल्दी ही उनकी टीम जैतो में आकर मिनिस्टर साब को सारी रिपोर्ट भेजेगी प्रदीप सिंगला ने कहा कि जैतो की रेलवे संबंधी सारी समस्याएं निश्चित तौर पर जरूर हल करवायेंगे ।भाजपा नेता प्रदीप सिंगला केंद्र रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से मुलाकात कर जैतो की रेलवे की समस्याओं के बारे जानकारी देते हुए।

# भाजपा नेताओं पर स्याही फेंकने की घटना की कड़ी निंदा

**( लुधियाना रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

लुधियाना, 12 मई :राष्ट्रीय वरिष्ठ भाजपा नेता और वकील सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) के लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती राजिंदरपाल कौर छीना के करीबी सहयोगियों द्वारा किए गए शर्मनाक स्याही हमले की कड़ी और स्पष्ट शब्दों में निंदा की। लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के ग्यासपुरा में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, ग्रेवाल ने कहा कि अअढ कार्यकर्ता सुमित लोहारा और लुधियाना दक्षिण की विधायक के मीडिया प्रभारी विशाल गोगलिया ने लुधियाना में एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ भाजपा पंजाब नेताओं श्री अनिल सरीन, श्री गुरदेव शर्मा डेबी, श्री जतिंदर मित्तल, सरदार गुरदीप सिंह "नीतू" और अन्य इखढ कार्यकताओं पर बेशर्मी से स्याही फेंकी। उन्होंने कहा कि इस शर्मनाक घटना ने पंजाब की जनता के सामने अअढ पंजाब का असली चेहरा पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। ग्रेवाल ने कहा कि जब कोई राजनीतिक दल जनता का समर्थन खो देता है, तो वह विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए गुंडागर्दी, धमकियों, डराने-धमकाने और सड़क-छाप गुंडागर्दी वाली चालों पर निर्भर हो जाता है।ग्रेवाल ने आगे कहा कि राजिंदरपाल कौर छीना अपने करीबी सहयोगियों के आपराधिक कृत्यों की ज़िम्मेदारी से बच नहीं सकतीं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कायरतापूर्ण राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। ग्रेवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को डर, धमकियों या सस्ती राजनीतिक चालों से कभी चुप नहीं कराया जा सकेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस शर्मनाक कृत्य में शामिल हर व्यक्ति को कानून के तहत कड़े से कड़े कानूनी नतीजों का सामना करना पड़ेगा।

# शारदा इनर्जी एण्ड मिनिरल्स लिमिटेड के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**समाज जागरण**

समाज सेवा एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सपूत केके मेमोरियल समिति द्वारा दिनांक 10 मई 2026 को एक विशाल स्वास्थ्य जागरूकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का प्रायोजन शारदा इनर्जी एण्ड मिनिरल्स लिमिटेड द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी एस आर )मद से कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया।

शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना रहा।

इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें डां राजेश पांडेय,डां गंगेश टांडिया,डां बृजेश पटेल तथा डॉ अंशुमान सोनारे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप परीक्षण, शुगर जांच, बच्चों की स्वास्थ्य जांच तथा अन्य चिकित्सकीय सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। साथ ही लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम हैं। स्थानीय नागरिकों एवं सपूत के के मेमोरियल के संचालक श्री रविकांत द्विवेदी जी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों एवं चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राजेंद्र ग्राम घाट में स्लाइडर समस्या खत्म, अब सुगम हुआ आवागमन

## गुणवत्तापूर्ण निर्माण से लोगों को राहत, सुरक्षा दीवार और बेहतर जल निकासी से मजबूत हुआ घाट मार्ग

**समाज जागरण**

अनूपपुर। लंबे समय से भूस्खलन (स्लाइडर) की समस्या से जूझ रहे राजेंद्र ग्राम घाट क्षेत्र में अब लोगों को बड़ी राहत मिली है। बरसात और मौसम परिवर्तन के दौरान अक्सर होने वाले स्लाइडर के कारण जहां आवागमन बाधित हो जाता था, वहीं अब घाट मार्ग सुरक्षित और सुचारु हो गया है। गतिमान कांट्रेक्शन को कार्य का टेंडर मिलने के बाद तेजी से कराए गए निर्माण कार्यों ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है।

राजेंद्र ग्राम घाट पहाड़ी और संवेदनशील इलाका होने के कारण वर्षों से स्लाइडिंग की समस्या से प्रभावित रहा है। बारिश के दौरान मिट्टी और पत्थरों के खिसकने से सड़क पर मलबा जमा हो जाता था, जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहता था। स्थानीय ग्रामीणों, छात्रों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार एम्बुलेंस और अन्य जरूरी सेवाएं भी प्रभावित होती थीं।

समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा घाट क्षेत्र के सुधार कार्य का टेंडर जारी किया गया, जिसे गतिमान कांट्रेक्शन कंपनी को सौंपा गया। कंपनी ने कार्यभार संभालते ही स्लाइडर प्रभावित हिस्सों की पहचान कर वहां स्थायी समाधान की दिशा में काम शुरू किया। निर्माण कार्य के तहत ढलानों को मजबूत किया गया, रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) बनाई गई तथा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की गई।

निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया गया है। सड़क की सतह को मजबूत बनाने के साथ-साथ किनारों को भी सुरक्षित किया गया है, जिससे भविष्य में स्लाइडिंग की संभावना कम हो सके। विशेषज्ञों की निगरानी में हुए इस कार्य के बाद अब घाट मार्ग पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित माना जा रहा है।

गतिमान कांट्रेक्शन के ठेकेदार ने कहा कि परियोजना में गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा,

यहां हजारों लोगों का रोजाना आना-जाना होता है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चाहे नुकसान हो जाए, लेकिन काम की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। कार्य पूरा होने के बाद अब राजेंद्र ग्राम घाट में यातायात पूरी तरह सुचारु हो गया है। जहां पहले जाम और सड़क बंद होने की स्थिति बनी रहती थी, वहीं अब वाहन बिना किसी रुकावट के आसानी से गुजर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी निर्माण कार्य पर संतोष जताया है।

एक ग्रामीण ने बताया कि पहले इस मार्ग से गुजरने में डर लगता था, लेकिन अब सड़क सुरक्षित और बेहतर हो गई है। सड़क के सुचारु होने से स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी फायदा पहुंचा है। व्यापारी वर्ग को समय पर माल पहुंचाने में सुविधा मिल रही है, जबकि छात्रों और कर्मचारियों को भी राहत मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण और रखरखाव आवश्यक है। यदि प्रशासन समय-समय पर निगरानी करता रहे, तो भविष्य में भी इस मार्ग को सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है। राजेंद्र ग्राम घाट में स्लाइडर समस्या का समाधान न केवल एक आधारभूत संरचना सुधार है, बल्कि यह लोगों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य ने यह साबित कर दिया है कि जिम्मेदारी और सही योजना के साथ किसी भी बड़ी समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

# ब्यारमा नदी में नहाते युवक पर मगरमच्छ का हमला, ग्रामीणों की बहादुरी से बची जान

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनारी गांव में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब ब्यारमा नदी में नहाने गए एक 18 वर्षीय युवक पर मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनारी निवासी अभिषेक सिंह राजपूत रोज की तरह नदी में नहाने गया था। तभी अचानक पानी में मौजूद मगरमच्छ ने पीछे से हमला कर उसका पैर दबोच लिया। मगरमच्छ युवक को गहरे पानी में खींचने की कोशिश करने लगा और कई बार जोरदार झटके दिए।

अभिषेक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ पर पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों के शोर और पत्थरबाजी के कारण मगरमच्छ युवक को छोड़कर पानी में चला गया, जिससे अभिषेक की जान बच सकी।

घटना के बाद परिजन घायल युवक को तत्काल दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ऐश्वर्य प्रताप सिंह की निगरानी में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक मगरमच्छ के दांतों से युवक के दाहिने पैर में गहरे और गंभीर घाव हुए हैं।

**वन विभाग ने लिया संज्ञान**

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को तत्काल राहत स्वरूप 1000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। नदी किनारे मगरमच्छ के हमले की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने और लोगों को सतर्क करने की मांग की है।

# दमोह-सागर हाईवे पर दर्दनाक हादसा या रहस्य? भाजपा नेता देवेंद्र ठाकुर की मौत से उठे कई सवाल

**समाज जागरण**
**जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। देहात थाना क्षेत्र स्थित उद्यानिकी कार्यालय के सामने भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं बांसा तारखेड़ा निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र ठाकुर की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार देवेंद्र ठाकुर मंगलवार शाम लक्ष्मण कुटी मंदिर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार भोपाल पासिंग कार (MP04SJ0999) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और कार उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गई। हादसा इतना वीभत्स था कि शव के अंग सड़क पर बिखर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

**हादसे के बाद चालक फरार, पुलिस को मामला लग रहा संदिग्ध**

घटना के बाद कार सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही देहात थाना टीआई अमित गौतम और सागर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले की जानकारी ली।

पुलिस इस हादसे को केवल सामान्य सड़क दुर्घटना मानने के बजाय कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सागर से एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) टीम को भी बुलाया गया है, ताकि घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए जा सकें।

**एसपी बोले - मामला संदिग्ध, हर एंगल से जांच जारी**

एसपी आनंद कलादगी ने बताया कि हादसे के बाद कार सवार लोग फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें रवाना की गई हैं। उन्होंने कहा कि मामला कुछ संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए एफएसएल टीम की मदद से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।


**राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर**

घटना की जानकारी लगते ही दमोह विधायक जयंत मलैया भी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। देवेंद्र ठाकुर के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है और समर्थकों में भारी आक्रोश व दुख का माहौल बना हुआ है।

सवाल अब भी बाकी है... यह सिर्फ हादसा था या इसके पीछे कोई और कहानी छिपी है?

# 200 फीट ऊंचे हाई वोल्टेज टावर पर चढ़ा युवक, पुलिस-प्रशासन ने घंटों मशक्कत के बाद उतारा





**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत फुटेरा कला गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मानसिक रूप से परेशान युवक अचानक करीब 200 फीट ऊंचे हाई वोल्टेज टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी आनंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए गए। वहीं बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी भी प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर तक समझाइश और बातचीत के बाद टावर पर चढ़े युवक गणेश पटेल को धीरे-धीरे नीचे उतारा गया।

पूरी कार्रवाई पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया के निर्देशन में संपन्न हुई। पुलिस और प्रशासन की सूझबूझ एवं सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया। युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के बाद अधिकारियों ने उसकी समस्याएं भी सुनीं।

**दमोह में हाई वोल्टेज टावर बन रहे समस्याओं का मंच ?**

देखा जाए तो जिले में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जहां लोग अपनी मांगें मनवाने, पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव या नशे की हालत में हाई वोल्टेज टावरों पर चढ़ जाते हैं। कोई शादी की मांग को लेकर टावर पर चढ़ रहा है, तो कोई प्रशासनिक अधिकारियों को बुलाने के लिए यह रास्ता अपना रहा है।

बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगाए गए ये विशाल टावर अब लोगों के ह्लहाई वोल्टेज ड्रामेह्व और समस्याओं के प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हैं। हर बार पुलिस और प्रशासन को घंटों मशक्कत करनी पड़ती है और जान जोखिम में डालकर लोगों को नीचे उतारना पड़ता है।

सवाल यह भी है कि आखिर लोग अपनी बात रखने के लिए इतने खतरनाक रास्ते क्यों चुन रहे हैं?


## कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र. 2214/न.पा./ लो.नि./2026 — बिजुरी, दिनांक 06/05/2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एत्तद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र०स० | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD _504677_1 | Construction of WATER PARK including plantationelectrification, fountain, pathw ay, watertower,irregularpoolwithslides,wave pool filtration system, artificial beach and Boundarywall | 2097.32 लाख | 1048660. 0 | 50000.00 | 05-06-2026 (17:30 HRS) |
| 2 | 2026_UAD _504707_1 | Construction of Swimming Poolincluding filtration and electrification work, sanitation work, Boundary wall, Approah road, Pathway, Drain, Entrance gate, Club House, Restaurent, Landscaping And OutdoorLighting. | 2112.77 लाख | 1056385. 00 | 50000.00 | 05-06-2026 (17:30 HRS) |
| 3 | 2026_UAD 504678_1 | Construction of Outdoor Stadium and Rain Dance Including Campusinternal CC roads, Electrification work, Drain, cycling Stand, Shed, Boundary-Wall, running Track, Land Scaping. | 2446.04 लाख | 1223020. 00 | 50000.00 | 05-06-2026 (17:30 HRS) |
| 4 | 2026_UAD _504708_1 | Parking area, internal CCroad, Fountain and Boundarywall Construction of Community Hall includinggardenarea, electrification, | 1347.77 लाख | 673885.00 | 50000.00 | 05-06-2026 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बिजुरी
जिला-अनूपपुर (म०प्र०)



## कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र. 2218/न.पा./ लो.नि./2026 — बिजुरी, दिनांक 07/08/2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म/ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु निकाय द्वारा आयटम रेट आधारित ई-निविदाएं आमंत्रित की गई है।

| क्र० स० | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_ 505369_1 | Inviting RateofContract for Flex Materials for various events and programs at Municipal Council Bijurifor Year 2026-27 | 40.00 लाख | 30000.0 | 5000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 2 | 2026_UAD_ 505292_1 | Inviting Rate of Contractfor Construction Related Maintenance Materials at Municipal Council Bijuri for Year2026-27 | 90.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 3 | 2026_UAD _505239_1 | InvitingRateofContract for-Cleaning Materials at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 50.00 लाख | 37500.00 | 5000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 4 | 2026 UAD 505295_1 | Inviting Rate of Contractfor-Electrical Materials for all Electrical Maintenance workatMunicipal Council BijuriforYear2026-27 | 40.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 5 | 2026_UAD 505122_1 | Inviting Rate of Contractfor Handpump Materialsfor all Handpump Maintenance work at Municipal Council Bijuri forYear2026-27 | 50.00 लाख | 37500.00 | 5000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 6 | 2026 UAD _505289_1 | Inviting Rate of Contractfor Motor Pumps repair Works for all types of motor pumps available at Municipal Council Bijuri forYear2026-27 | 40.00 लाख | 30000.0 | 5000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 7 | 2026 UAD _ 505293_1 | Inviting RateofContractfor Supplyof Varioustypesof motor pumps for water supplyworkatMunicipal Council Bijuri for Year 2026-27 | | 37500.00 | 10000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 8 | 2026 UAD _505294_1 | Inviting RateofContract for Tent Materials at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 90.00 लाख | 30000.0 | 5000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 9 | 2026 UAD 505105_1 | Inviting Rate of Contractfor Water Purification Material at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | | 67500.00 | 10000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |
| 10 | 2026 UAD 0505113_1 | Inviting Rate of Contractfor Water Supply Materials for all Water Supply Maintenance work at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 90.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08-06-2026 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बिजुरी
जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

# अंश निर्धारण कार्य में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी ने चलाया विशेष अभियान

**अंश निर्धारण अभियान में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही**

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि जनपद के ग्राम पंचायतों में अंश निर्धारण हेतु अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनपद में 12 मई से 16 मई, 2026 तक पांच दिवसीय विशेष अंश निर्धारण अभियान चलाकर ग्रामवार खातेदार एवं सहखातेदारों की खतौनी में अंश निर्धारण कार्य को तेजी से पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील स्तर पर सुव्यवस्थित कार्य योजना तैयार कर क्षेत्रीय लेखपालों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाएं तथा लगातार मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंश निर्धारण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी, अंश निर्धारण के कार्य में शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि सभी क्षेत्रीय लेखपाल ग्रामवार कार्य योजना तैयार कर अपनी प्रगति प्रत्येक दिन तीन घंटे के अंतराल पर गूगल शीट में अनिवार्य रूप से अंकित करेंगे, जिससे कार्यों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के माध्यम से लंबित अंश निर्धारण प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर राजस्व अभिलेखों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जाएगा, जिससे आमजन को राजस्व संबंधी कार्यों में सहूलियत प्राप्त होगी। आज अंश निर्धारण अभियान के प्रथम दिवस में सांय 04:00 बजे तक तहसील राबर्ट्सगंज में 490, तहसील घोरावल में 489, तहसील ओबरा 304, तहसील दुद्धी 1528 अंश निर्धारण की कार्यवाही की गयी, जनपद में कुल 2811 अंश निर्धारण किये गये है।

# मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर डीएम सख्त

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ की तैनाती एवं जिला खनिज फाउंडेशन निधि (डीएमएफ) से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि नर्सिंग स्टाफ से जुड़ी सभी समस्याओं का जनपद स्तर पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों के समाधान के लिए शासन स्तर पर कार्रवाई आवश्यक हो, उनसे संबंधित प्रस्ताव और पत्राचार तत्काल शासन को भेजा जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन निधि से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया कि पांच करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की गुणवत्ता जांच आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से कराई जाए। इसके अतिरिक्त अन्य निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता जांच के लिए अलग टीम गठित कर नियमित परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही अगली कार्यवाही की जाए तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह, सीनियर माइंस ऑफिसर कमल कश्यप, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नूर आलम सहित संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

# साइबर ब्लैकमेलिंग गैंग का पदार्फाश, 5 आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धन उगाही, साइबर उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग कर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने राजस्थान से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और नगदी बरामद की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रृषभ रुणवाल ने बताया मामला रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र का है,



जहां मृतक राजेंद्र पाठक की पत्नी अंकिता पाठक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बताया कि उनके पति को लगातार धमकी देकर पैसों की मांग की जा रही थी। जांच में सामने आया कि साइबर ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर राजेंद्र पाठक ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर साइबर थाना, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त जांच शुरू की। तकनीकी जांच में पता चला कि आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर पुलिस और आर्मी अधिकारियों की फोटो लगाई जाती थी। इसके बाद एआई तकनीक से अश्लील वीडियो तैयार कर लोगों को डराकर धन उगाही की जाती थी। जांच के दौरान वीडियो कॉल राजस्थान के अलवर क्षेत्र से होना पाया गया, जबकि धनराशि महाराष्ट्र के बैंक खातों में भेजी गई थी और भिवाड़ी क्षेत्र से निकाली गई। पुलिस टीम ने राजस्थान पहुंचकर स्थानीय पुलिस की मदद से सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में धन उगाही करने वाले, बैंक खातों की व्यवस्था करने वाले और एटीएम से रकम निकालने वाले आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन, दो म्यूल अकाउंट के एटीएम कार्ड तथा नगदी बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक त्रृषभ रुणवाल ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पिपरी पुलिस की सक्रियता से घर से गए चारों नाबालिग बच्चे सकुशल बरामद, परिजनों को किया सुपुर्द

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र से घर से लापता हुए चार नाबालिग बच्चों को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बच्चों के सुरक्षित मिलने के बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया।

जानकारी के अनुसार, थाना पिपरी क्षेत्र के चाचा कॉलोनी वार्ड नंबर-3 निवासी नन्दु पाल ने 10 मई 2026 को थाना पिपरी में सूचना दी थी कि उसका 14 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार पाल अपने दोस्तों रोहित कुमार (12 वर्ष), विवेक हरिजन (14 वर्ष) और अनिकेत राम (16 वर्ष) के साथ 9 मई को बिना बताए घर से कहीं चला गया है। काफी तलाश के बाद भी बच्चों का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पिपरी में मु.अ.सं.- 83/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद बच्चों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर खोजबीन शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने लगातार सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और अन्य तकनीकी माध्यमों का परीक्षण किया।

इसी क्रम में मंगलवार को थाना पिपरी पुलिस ने चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे आपस में मित्र हैं और घूमने के उद्देश्य से बिना किसी को बताए ट्रेन से पटना चले गए थे। पुलिस ने बताया कि बच्चों के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। आवश्यक पूछताछ और विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की तत्परता और तकनीकी जांच के चलते बच्चों की सुरक्षित बरामदगी संभव हो सकी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी मामले में रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी के घर कुर्की की तैयारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी मनोज चौबे के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर कुर्की की प्रक्रिया तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने देवरिया, बिहार और मध्य प्रदेश सहित कई जिलों के युवकों से नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धनराशि वसूली थी। इस मामले को लेकर लंबे समय से जांच चल रही थी। पीड़ित युवकों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। हालांकि आरोपी काफी समय से फरार चल रहा है और पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश एवं न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रायपुर थाना पुलिस ने आरोपी के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा कर दी है। पुलिस ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि आरोपी जल्द न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उसके घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# भारत का दृष्टिकोण "महिलाओं के विकास" से बदलकर "महिलाओं के नेतृत्व में विकास" हो गया है: श्री ओम बिरला

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कहा कि भारत और श्रीलंका गहरे सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों से बंधे हुए हैं, जो सदियों से विकसित हुए हैं। दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये अटूट संबंध आज भी भारत और श्रीलंका के बीच मैत्रीपूर्ण रिश्तों का आधार हैं। श्री बिरला ने ये उद्गार आज संसद भवन में श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के साथ बातचीत के दौरान व्यक्त किये। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीलंका सरकार की महिला एवं बाल मामलों की मंत्री महामहिम सुश्री सरोजा सावित्री पॉलराज कर रही थीं।

हाल ही में श्री एस.एम. मरिक्कर के नेतृत्व में आए श्रीलंकाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई अपनी बातचीत को याद करते हुए श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच बढ़ते संसदीय आदान-प्रदान पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सांसदों के बीच निरंतर संवाद और नियमित मुलाकातों ने भारत-श्रीलंका के संसदीय संबंधों को नई गति दी है और आपसी समझ को मजबूत किया है। भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज महिलाएं शासन और राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में–चुनाव प्रक्रिया से लेकर नीति निर्धारण और नेतृत्व की भूमिकाओं तक–सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण अब "महिलाओं के विकास" के स्थान पर "महिलाओं के नेतृत्व में विकास" हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ विश्वास है कि जब महिलाएं विकास का नेतृत्व करती हैं, तो समाज अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनता है। श्री बिरला ने यह भी बताया कि नए संसद भवन में भारत की संसद द्वारा पारित पहला कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' था। यह कानून लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया, जिससे महिलाएं देश की विधायी प्रक्रियाओं में अधिक निर्णायक भूमिका निभा सकेंगी और यह भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक नए अध्याय की शुरूआत है।

# दुद्धी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को झारखंड बॉर्डर से दबोचा

**समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोनभद्र पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रही थाना दुद्धी पुलिस टीम ने 'उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट)' के तहत वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

झारखंड बॉर्डर से हुई गिरफ्तारी; पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज दिनांक 12 मई 2026 को दुद्धी पुलिस टीम ने सटीक सूचना और कड़े प्रयासों के बाद वांछित अभियुक्त सफीउद्दीन अंसारी को झारखंड बॉर्डर के पास, ग्राम विण्ढमगंज (थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र) से गिरफ्तार किया।

गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज है मामलाः पकड़ा गया अभियुक्त सफीउद्दीन अंसारी, पुत्र नसीरुद्दीन, वार्ड नंबर-06, खाला, थाना धुरकी, जनपद गढ़वा (झारखंड) का निवासी है। उसके खिलाफ थाना दुद्धी में मुकदमा अपराध संख्या 101/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम, 1986 के तहत मामला पंजीकृत है  इस मामले में सफीउद्दीन समेत कुल पांच आरोपी नामजद हैं, जिनमें से इसे गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है ।

इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली दुद्धी पुलिस टीम में मुख्य रूप से निम्नलिखित पुलिसकर्मी शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और फरार आरोपियों को भी जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# सनातनी किन्नर अखाड़ा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

दुद्धी/सोनभद्र। स्थानीय कस्बा दुद्धी में सनातनी किन्नर अखाड़ा द्वारा  दिनांक 13 मई दिन बुधवार को अमवार रोड स्थित मनोरमा होटल में किरण नंद गिरी को महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा का जिलाअध्यक्ष सोनभद्र बनाए जाने के उपलक्ष में मंडलेश्वर पटटाभिषेक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जहां कार्यक्रम के दौरान आचार्य महामंडलेश्वर श्री स्वामी कौशल्या नंद गिरी (टीमा माँ) सनातनी किन्नर अखाड़ा की उपस्थिति रहेगी और इन्के द्वारा दुद्धी क्षेत्र की लोकप्रिय किन्नर समाज की किरण नंद गिरी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के लिए पटटाभिषेक के द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जानकारी देते हुए किरण नन्द गिरी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें सर्वप्रथम माता बहनों के द्वारा कलश यात्रा नगर में भ्रमण कर निकाला जाएगी जो काली मंदिर पर जाकर समाप्त होगा इसके उपरांत सुबह लगभग 11:00 बजे से किन्नर समाज के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम के बाद भव्य शोभायात्रा विभिन्न जिलों एवं प्रदेशों से आए हुएगुरु माताओ की टीम के द्वारा कस्बे के मनोरमा होटल से प्रारंभ होगा जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए बढ़नी नाला तक पहुंच कर पुन :पैदल वापस होते हुए कचहरी रोड के रास्ते शिवाजी तालाब स्थित श्री रामलला एवं शनि भगवान का दर्शन कर पूजन कर मुख्य मार्ग से होकर संकट मोचन मंदिर एवं मां काली मंदिर के दर्शन उपरांत अमवार रोड स्थित मनोरमा होटल पर पहुंचकर शोभा यात्रा समाप्त होकर सम्मान समारोह कार्यक्रम में तब्दील हो जायेगा, जहां पट्टा अभिषेक का कार्यक्रम किया जाएगा।




# अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों तथा अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत बीजपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।



थानाध्यक्ष बीजपुर राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक दीना नाथ राम अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बैढ़न-सिरसोती रोड स्थित ग्राम सिरसोती के पास रमाशंकर के मकान के सामने एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद सफेद रंग की बोरी से 35 पैकेट सिरा ब्रांड की देशी शराब बरामद हुई। प्रत्येक पैकेट 200 एमएल का था। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 7 लीटर बताई गई है।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवक की पहचान आशीष सिंह पुत्र स्वर्गीय हरि सिंह निवासी मुनगहवां थाना बैढ़न जनपद सिंगरौली मध्य प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बीजपुर में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस के अनुसार मामला जमानती होने के कारण अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के बाद मुचलका भरवाकर रिहा कर दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दीना नाथ राम, कांस्टेबल राहुल गोड़ एवं रिक्रूट कांस्टेबल सुन्द्रम शामिल रहे।

# सपनों को मिला सहारा, संघर्ष से सफलता तक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से आत्मनिर्भर बने उद्यमी

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ह्लमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानह्व आज प्रदेश के युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। यह योजना न केवल युवाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का एक सशक्त माध्यम भी दे रही है। इसी योजना का लाभ लेकर जनपद सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज निवासी केतन कुमार पाण्डेय ने अपने सपनों को साकार करते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। केतन कुमार पाण्डेय, पुत्र श्री अशोक पाण्डेय, आर्य नगर (मेन रोड), रॉबर्ट्सगंज के निवासी हैं। एक साधारण परिवार में पले-बढ़े केतन के मन में शुरू से ही कुछ अलग करने और स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का सपना था। वे चाहते थे कि वे नौकरी की तलाश में भटकने के बजाय खुद का रोजगार स्थापित करें और दूसरों के लिए भी अवसर पैदा करें। लेकिन सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण उनका यह सपना बार-बार अधूरा रह जाता था। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानह्व के बारे में जानकारी मिली। यह योजना उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई। उन्होंने बिना देर किए इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने का निर्णय लिया। प्रारंभ में उन्हें प्रक्रिया को समझने और आवश्यक दस्तावेजों को एकत्रित करने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। संबंधित विभागों और बैंक अधिकारियों के मार्गदर्शन से उन्होंने सभी औपचारिकताएं पूरी कीं।

उनके प्रयासों को सफलता मिली और उन्हें यूको बैंक, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र से रूपया 5,00,000 (पांच लाख रुपये) का ऋण स्वीकृत हुआ। यह उनके जीवन का वह महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया, प्राप्त ऋण राशि का सदुपयोग करते हुए केतन ने रॉबर्ट्सगंज के मुख्य मार्ग पर एक आधुनिक एवं व्यवस्थित फूड रेस्टोरेंट की स्थापना की। उन्होंने अपने रेस्टोरेंट में स्वच्छता, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। शुरूआत में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा ग्राहकों का विश्वास जीतना, बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखना, और व्यवसाय को स्थिरता प्रदान करना। लेकिन उन्होंने धैर्य, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ हर चुनौती का सामना किया। धीरे-धीरे उनके रेस्टोरेंट की पहचान बनने लगी। स्वादिष्ट भोजन, बेहतर सेवा और स्वच्छ वातावरण के कारण उनके यहां ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ने लगी। आज उनका फूड रेस्टोरेंट न केवल स्थानीय लोगों के बीच लोकप्रिय हो चुका है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी लोग यहां आने लगे हैं। सबसे प्रेरणादायक पहलू यह है कि केतन ने अपने इस व्यवसाय के माध्यम से केवल स्वयं को ही आत्मनिर्भर नहीं बनाया, बल्कि पाँच अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान किया है। इस प्रकार वे समाज में रोजगार सृजन के माध्यम से भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग भी अब अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर पा रहे हैं। केतन कुमार पाण्डेय बताते हैं, ह्लयह योजना मेरे जीवन के लिए एक टर्निंग पॉइंट साबित हुई है। अगर मुझे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का सहयोग नहीं मिलता, तो शायद मैं आज भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा होताह्व वे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि उनकी दूरदर्शी सोच और युवाओं के हित में बनाई गई योजनाओं ने हजारों युवाओं को नई दिशा दी है। वे आगे कहते हैं कि इस योजना से जुड़े जनपद के अधिकारियों और बैंक कर्मियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा है। उनके मार्गदर्शन और समर्थन के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। केतन का मानना है कि यदि युवाओं को सही दिशा और अवसर मिले, तो वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

केतन की यह सफलता यह सिद्ध करती है कि सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। जरूरत है तो केवल जागरूकता, सही प्रयास और दृढ़ संकल्प की। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, आत्मविश्वास और सही अवसर मिलने पर कोई भी व्यक्ति अपनी किस्मत खुद लिख सकता है।

आज केतन अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। वे युवाओं से अपील करते हैं कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें, उनका लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उनका संदेश है, ह्लडर और संकोच को छोड़कर आगे बढ़िए, अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं।

केतन कुमार पाण्डेय की यह सफलता की कहानी न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धि की गाथा है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी है। यह कहानी बताती है कि यदि इरादे मजबूत हों और सही दिशा मिले, तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता।

यह कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो अपने जीवन में कुछ बड़ा करना चाहता है बस जरूरत है एक कदम आगे बढ़ाने की।

# प्रभास पाटन, गुजरात में सोमनाथ अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री के भाषण का मूल पाठ

आज प्रभास पाटन का पवित्र क्षेत्र एक अद्भुत प्रभा से भरा हुआ है। महादेव का ये साक्षात्कार, ये सौन्दर्य, धरती और आसमान से हुई पुष्पवर्षा, भगवा ध्वजों की ये आभा, कला, संगीत और नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियां, वेदमंत्रों का उच्चार, गर्भगृह में हो रहा शिव पंचाक्षरी का अखंड पाठ और इस सबके साथ-साथ सागर की लहरों का जयघोष, ऐसा लग रहा है, जैसे ये सृष्टि एक साथ बोल रही है- जय सोमनाथ ! जय-जय सोमनाथ !

समय खुद जिनकी इच्छा से प्रकट होता है, जो स्वयं कालातीत हैं, जो स्वयं कालस्वरूप हैं, आज उन देवाधिदेव महादेव की विग्रह प्रतिष्ठा के हम 75 वर्ष मना रहे हैं। ये सृष्टि जिनसे सृजित होती है, जिनमें लय हो जाती है, यतो जायते पाल्यते येन विश्वं, तमीशं भजे लीयते यत्र विश्वम् ! आज हम उनके धाम के पुनर्निर्माण का उत्सव मना रहे हैं। जो हलाहल को पीकर नीलकंठ हो गए, आज उन्हीं की शरण में यहां सोमनाथ अमृत महोत्सव हो रहा है। ये सब भगवान सदाशिव की ही लीला है।

दादा सोमनाथ के अनन्य भक्त के रूप में, मैं कितनी ही बार यहां आया हूं, कितनी ही बार उनके सामने नतमस्तक हुआ हूं। लेकिन, आज जब मैं यहां आ रहा था, तो समय की ये यात्रा एक सुखद अनुभूति दे रही थी। अभी कुछ ही महीने पहले मैं यहां आया था। तब हम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहे थे। प्रथम विध्वंस के 1000 वर्ष बाद भी सोमनाथ के अविनाशी होने का गर्व और आज इस आधुनिक स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष, हम केवल दो आयोजनों का हिस्सा भर नहीं, सिर्फ हिस्सा भर नहीं बने हैं, हमें हजार वर्षों की अमृत यात्रा को अनुभव करने का शिव जी ने मौका दिया है। 75 साल पहले, आज के ही दिन सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना, ये कोई साधारण अवसर नहीं था। अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था, तो 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। आजादी के समय, सरदार साहब ने 500 से ज्यादा रियासतों को जोड़कर एक भारत का आधुनिक स्वरूप गढ़ा था। तो साथ ही, सोमनाथ के पुनर्निर्माण से उन्होंने दुनिया को बताया था, भारत केवल आजाद नहीं हुआ है, भारत अपने प्राचीन गौरव को पुनः हासिल करने के मार्ग पर भी अब आगे बढ़ चुका है। इसलिए, आज इस अवसर पर, मैं केवल 75 वर्षों की झांकी नहीं देख रहा हूं। मैं यहां देख रहा हूं, विनाश में सृजन के संकल्प को, जिसे सोमनाथ ने चरितार्थ किया है। मैं यहां देख रहा हूं, असत्य पर सत्य की विजय को, जिसे प्रभास-पाटन ने बार-बार जिया है। मैं यहां देख रहा हूं, हजारों वर्षों की आध्यात्मिक चेतना को, जिसने मानव मात्र के कल्याण की सीख समूचे विश्व को दी है। मैं यहां देख रहा हूं, भारत के उस अविनाशी स्वरूप को, जिसे सदियों के कुत्सित प्रयास भी न मिटा सके, न हरा सके। और मैं यहां देख रहा हूं, सोमनाथ अमृत-महोत्सव, ये केवल अतीत का उत्सव नहीं है, ये अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। मैं सभी देशवासियों को, दादा सोमनाथ के कोटि-कोटि भक्तों को इस महोत्सव की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज का दिन एक और वजह से भी विशेष है। 11 मई 1998, 1998, यानि आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। देश ने 11 मई को पहले तीन परमाणु परीक्षण किए। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को, वैज्ञानिकों ने दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। भारत, उसकी ये हैसियत, कौन होता है भारत, जो परमाणु परीक्षण करें और दुनिया की आंखें लाल हो गई, दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के बंधन लग गए। आर्थिक संकट की संभावनाओं के रास्ते सारे के सारे बंद कर दिए गए। कोई भी हिल जाता। जब दुनिया भर की बड़ी-बड़ी शक्तियां इतना बड़ा आक्रमण कर दे, तो आगे के रास्ते दिखते नहीं है। लेकिन हम कोई और मिट्टी के बने हुए हैं। 11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी। 11 मई को वैज्ञानिकों ने अपना काम कर लिया था।

# कालेज प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जक्खिनी वाराणसी में उच्च स्थान प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अभिभावक बैठक का भी आयोजन किया गया।विद्यालय प्रबंध एवं विकास समिति को पुनगर्ठित किया गया,जिसमें नए सदस्यों का चुनाव हुआ । साथ




ही विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों तथा कार्ययोजना की संक्षिप्त आख्या प्रधानाचार्या श्रीमती अनामिका द्वारा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत की गई।एस.एम.डी.सी. सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन का कार्य श्रीमती रेनू सिंह के द्वारा किया गया। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 12 की छात्रा रंजना यादव प्रथम स्थान पर, सुहानी द्वितीय तथा खुशी मिश्रा तृतीय स्थान पर रही। वहीं हाई स्कूल की परीक्षा में अंशिका , प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर जाह्नवी और तृतीय स्थान पर सानिया गुप्ता रहीं ।कार्यक्रम में श्रीमती रति कुमारी ने विशेष सहयोग प्रदान किया । श्रीमती सरिता देवी, दीपिका खरवार, आशा ,सुनीता भारती सहित समस्त विद्यालय परिवार ने उपस्थित होकर विद्यालय की गरिमा बढ़ाई।

# एक परमात्मा ही तीनों कालों में सत्य है : स्वामी सूरदास जी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में कल सोमवार को राधे श्याम पटेल के यहां यथार्थ गीता का भाव मय पाठ का आयोजन किया गया जिसका समापन मंगलवार की शाम को हुआ ' वही इस अवसर पर परमहंस आश्रम करधना से पधारे पूज्य श्री स्वामी सूरदास महाराज जी का आगमन हुआ जहां सैकड़ो की संख्या में भक्तों



ने पहुंचकर महाराज जी का आशीर्वाद लिया ' वही महाराज जी ने भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि एक परमात्मा ही तीनों कालों में सत्य है सनातन है व अविनाशी है हर प्राणी को चाहिए की वह एक परमात्मा के प्रति समर्पित होकर राम अथवा ॐ का जाप करते हुए अपने जीवन को सार्थक करें ' यही मात्र एक कल्याण का रास्ता है दूसरा कोई उपाय नहीं है भवसागर से पर जाने का ' वही महाराज श्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यह मानव तन भगवान की प्राप्ति के लिए मिला है अन्य योनियां तो भोग भोगने के लिए है लेकिन यह मानव तन हो एक ऐसा तन है जिसमें भगवान की प्राप्ति हो सकती है अतः हर प्राणी को चाहिए कि वह एक परमात्मा के प्रति समर्पित होकर अपने जीवन को सफल बनाये ' इस अवसर पर दुर दराज से पधारे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाया ' इस कार्यक्रम में परमहंस आश्रम द्वारा यथार्थ गीता पुस्तक का वितरण व अन्य भजन किसका करें पुस्तक का वितरण भी किया गया

# बुजुर्ग महिला छत से गिरकर घायल, अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बिलरा पटेहरा गांव में मंगलवार की सुबह बुजुर्ग महिला 65 वर्षीय चमेली छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजनों ने तत्काल घायल को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग अपने घर की छत पर किसी काम से चढ़ी थी इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गए, जिससे शरीर में गंभीर चोटें आईं।हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से घायल को तुरंत उठाकर अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने बुजुर्गों को छत या ऊंची जगह पर काम करते समय सावधानी बरतने की अपील की है ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / राजगढ़ थाना क्षेत्र के आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत दूसरा घायल। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 11:30 बजे के आसपास प्रभाकर सिंह राजगढ़ से निकले थे कि जिला सहकारी बैंक के मिजार्पुर सोनभद्र हाईवे के पास दो बाइको की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार प्रभाकर सिंह 58 वर्षीय पुत्र लालमन निवासी



कैलहट गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानी लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार अधेड़ को ग्रामीणों ने राजगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना राजगढ़ थाने को दी। मौके पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने मृतक की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और परिजनों की सूचना दे दी गई

# भारतीय तटरक्षक बल ने गोवा में स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल का गर्डर लेइंग समारोह आयोजित किया

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के चौथे, पांचवें और छठे एयर कुशन व्हीकल (एसीवी) का गर्डर लेइंग समारोह 11 मई, 2026 को गोवा के चौगुले शिपयार्ड के रस्सैम यार्ड में आयोजित किया गया। 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत इन एसीवी का निर्माण 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ भारत में किया जा रहा है, जो आत्मनिर्भरता और प्रौद्योगिकीय उन्नति की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

भारतीय तटरक्षक सुरक्षा बल (आईसीजी) के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित इन 6 एसीवी का अनुबंध 24 अक्टूबर, 2024 को चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, गोवा के साथ हस्ताक्षरित किया गया था। ये आधुनिक एसीवी बहुउद्देशीय समुद्री भूमिकाओं में उपयोग किए जाएंगे, जिनमें उच्च गति तटीय गश्त, उथले जल, दलदले क्षेत्रों और गहरे समुद्र में टोही अभियान, दिन-रात अवरोधन/निरोधक अभियान तथा खोज एवं बचाव अभियान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ये संकटग्रस्त जहाजों और नौकाओं को सहायता प्रदान करने में भी सक्षम होंगे है।

# मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## वाराणसी में विशेष अभियान के दौरान 16 वाहनों का चालान, 6 वाहन सीज

**समाज जागरण**

वाराणसी, 12 मई। वाराणसी जनपद में परिवहन विभाग द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट एवं अन्य दोपहिया वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान एआरटीओ (प्रवर्तन) सुधांशु रंजन एवं यात्रीकर अधिकारी अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान संचालित किया गया।



अभियान के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग कर अत्यधिक एवं अनावश्यक ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 16 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 6 वाहनों को सीज कर दिया गया। साथ ही वाहनों में लगे अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर को मौके पर ही जब्त किया गया।

परिवहन विभाग ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तीव्र एवं कर्कश ध्वनि ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाने के साथ-साथ आमजन, वृद्धजनों, विद्यार्थियों एवं मरीजों के लिए गंभीर असुविधा का कारण बनती है। विभाग ने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी काशी की सांस्कृतिक गरिमा और शांत वातावरण के विपरीत इस प्रकार की गतिविधियां स्वीकार्य नहीं हैं।

विभाग के अनुसार वाहनों में अनधिकृत परिवर्तन करना केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 के नियम 119 एवं 120 तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 190(2) के तहत वाहन चालक पर 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त वाहन में अवैध मॉडिफिकेशन पाए जाने पर धारा 53 के अंतर्गत वाहन का पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) निलंबित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। वहीं बार-बार नियमों का उल्लंघन करने अथवा खतरनाक तरीके से वाहन संचालन करने पर चालक के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के निलंबन के लिए सक्षम प्राधिकारी को संस्तुति भेजी जा सकती है।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने सभी वाहन स्वामियों एवं बाइक चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें तथा यातायात एवं पर्यावरण संबंधी नियमों का पालन करते हुए शांत, स्वच्छ एवं सुरक्षित काशी के निर्माण में सहयोग दें।

# सत्यदेव नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज डे का भव्य आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के परिसर में फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिन के रूप मे नर्स डे मनाया गया । इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप के रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी , विशिष्ट अतिथि सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज के कॉउसलर दिग्विजय उपाध्याय , डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ०







सुनील सिंह ,सत्यदेव कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्रिंसिपल डॉ० तेज प्रताप , सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रसेन तिवारी ,सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल राज कुमार त्यागी द्वारा सर्वप्रथम सेमिनार हॉल के गेट पर फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । विद्यार्थियों ने सभी अतिथिगण का तिलक लगाकर और बैज लगाकर स्वागत किया । इसी क्रम में सभी अतिथि गण द्वारा मां सरस्वती और फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर दीप प्रज्वल, माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया गया ।तत्पश्चात सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के बाद सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने बुके देकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का सम्मान किया।गणेश वंदना और केक कटिंग के पश्चात रंगारंग कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमे मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने वहा ऊपस्थित सभी लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्किट कम्पलीट होने के बाद प्रांगण में तालियो की गूज सुनाई दी , फिर एक के बाद एक जैसे मश अप डांस,सोलो डांस,ग्रुप डांस,स्पीच इत्यादि की मनमोहक प्रस्तुति हुई ।नर्स डे प्रोग्राम के अंत मे नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल राज कुमार त्यागी ने अपने भाषण मे कहा कि नर्स सिर्फ दवा नही देती,वे मरीज को हिम्मत देती है । हॉस्पिटल मे डॉक्टर इलाज करते है पर नर्स उस इलाज को पुरा करती है । नर्स अनवरत सेवा करती है । त्योहार हो या आधी रात, नर्स ड्यूटी पर मिलेंगी । कोविड के समय हमने देखा की नर्स अपनी जान जोखिम मे डालकर लाखो जाने बचाई । आइए आज प्रण ले कि हम नर्सो के काम को समझेगें, हॉस्पिटल मे उनसे आदर से बात करेंगे और उनके सघर्ष को सलाम करेंगे । क्योकि जब नर्स मजबूत होगी तभी हमारा स्वास्थ्य तंत्र मजबूत होगा। इस कार्यक्रम का संचालन पलक तिवारी और सोना रोशन के द्वारा किया गया ।इस अबसर पर सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज मे अरुन कुमार, गुड़िया यादव ,प्रियांशु शर्मा, निधि जायसवाल, अनुज यादव, शनि मौर्य, मनीष चौहान, सुनंदा पामिनी समेत सभी शिक्षक गण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 बैंक में महिलाओं और बालिकाओं को योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बरी, थाना हलिया में महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा से जुड़े कानूनों की भी जानकारी दी जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बरी में आयोजित किया गया। इसमें बैंक परिसर में मौजूद महिला ग्राहकों और आसपास की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। पुलिस टीम ने महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ आपात स्थिति में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया पुलिस हेल्पलाइन 112,महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,साइबर हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन 108,अग्निशमन हेल्पलाइन 101, आशा ज्योति केंद्र 181 उप निरीक्षक रमाशंकर ने महिलाओं को उनके *कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी परेशानी या हिंसा की स्थिति में बिना डरे हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकती हैं। कार्यक्रम में कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य और महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में भी जागरूक किया।

बैंक स्टाफ और उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आपात स्थिति में मदद लेने में आसानी होगी।

# संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी ने एपीटी 2.0 की समीक्षा की

**समाज जागरण**

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी ने आज इंडिया पोस्ट के अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म एपीटी 2.0 की विस्तृत समीक्षा की और इसे इंडिया पोस्ट को एक आधुनिक लॉजिस्टिक्स एवं सेवा केंद्र में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

श्री पेम्मासानी ने कहा कि एपीटी 2.0 शाखा कार्यालयों को वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध करा रहा है, जिससे वे स्थानीय मांग का विश्लेषण कर पा रहे हैं, प्रदर्शन की निगरानी कर रहे हैं, तथा क्षेत्रीय स्तर पर त्वरित और डेटा-आधारित निर्णय ले पा रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण से इंडिया पोस्ट बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी डेटा का विश्लेषण, परिणामों का पूवार्नुमान, नियमित कार्यों को स्वचालन तथा पूरे डाक नेटवर्क में सेवा वितरण को बेहतर बनाने में सक्षम हो रहा है।

डॉ. पेम्मासानी ने बताया कि इन क्षमताओं से इंडिया पोस्ट को स्पष्ट और मापनीय लाभ मिल रहे हैं, जिनमें तेज सेवा वितरण, मानवीय हस्तक्षेप में कमी, बेहतर निर्णय-निर्माण, ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि तथा अधिक विश्वसनीय और कुशल संचालन शामिल हैं।

उन्होंने इस प्लेटफॉर्म के मजबूत व्यावसायिक प्रभाव पर भी जोर दिया, विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ग्राहकों तक बेहतर पहुंच और संवाद स्थापित करने, शाखा स्तर पर सेवाओं के उपयोग को बढ़ाने तथा समयबद्ध और डेटा-आधारित संपर्क के माध्यम से नए राजस्व अवसर पैदा करने की क्षमता पर। शाखा स्तर क डेटा को उपयोगी जानकारी में बदल कर एपीटी 2.0 बदलते लॉजिस्टिक्स परिदृश्य में इंडिया पोस्ट की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत कर रहा है।

डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि यह परिवर्तन इंडिया पोस्ट को एक राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स आधारभूत संरचना के रूप में विकसित करने की दिशा में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है, जो डिजिटल रूप से सशक्त और सेवा-केन्द्रित संस्था के विजन के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि गौरतलब है कि केन्द्र सरकार जमीनी स्तर से इसके कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रही है। यह सक्रिय प्रबंधन संबंधी दृष्टिकोण संगठन के भीतर एक स्पष्ट सांस्कृतिक बदलाव ला रहा है - एक पारंपरिक विरासत प्रणाली से एक अधिक चुस्त, कॉर्पोरेट-शैली की, और प्रौद्योगिकी-आधारित संस्था की ओर।

डॉ. पेम्मासानी ने आगे कहा कि सरकार की डिजिटल पहल एक मजबूत और सुरक्षित संरचना सुनिश्चित करती है, जो डेटा की अखंडता की रक्षा करती है तथा साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाती है। इससे विश्वसनीय, सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल सार्वजनिक सेवा वितरण संभव हो रहा है। यह भारत के विस्तारित डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में विश्वास को और मजबूत करता है, जहां व्यापकता के साथ सुरक्षा और विश्वास को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

# जीवन में सेवा भाव का दायित्व निभाना हमारा अंतिम दम तक लक्ष्य है

**- नर्स सेवा भाव का दायित्व निभाते हुए देश व समाज को स्वस्थ बनाने का दायित्व पूरा करती हैं।**

**- असहाय की सेवा भगवान के सेवा के बराबर होता है।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ क्षेत्र में स्थित 'न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल एवम ट्रामा सेंटर' सातो महुआ सरायकाजी ,हरहुआ में आज मंगलवार "अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस" के मौके पर फ्रंटलाइन वारियर्स नर्सिंग योद्धाओं का केक काटकर सम्मान करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ0 विकास नागर 'एमसीएच न्यूरो सर्जन' व डॉ0 अभिषेक पांडेय एमएस आर्थो सर्जन ने कहा कि नर्स सेवा की भावना से कार्य कर देश व समाज को स्वस्थ बनाने का दायित्व निभाती हैं। साथ ही साथ डॉ0फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा सेवा भाव को अपने जीवन में उतारने की सीख दी।



कार्यक्रम में क्षेत्रीय पत्रकारों, नर्सिंग इंचार्ज व सभी नर्सिंग स्टाफ को हॉस्पिटल के एमडी डॉ0 अनिल यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ0 यशवंत सिंह एमडी एनेस्थेटिक ,डॉ0 अभिषेक पांडेय एमएस आर्थो सर्जन, डॉ0 रणधीर सिंह एमडीएस, डॉ0 चंद्रशेखर सिंह चेस्ट फिजिशियन डॉ0 आकांक्षा सिंह, डॉ0 एस0के0 सिंह, डॉ0 विजय ,डॉ0 अनिल तिवारी व डॉ0 विकास नागर सहित नर्सिंग इंचार्ज व नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। सभी नर्स को नर्सिंग योद्धाओ के रूप में सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने पर गर्व करते हुए नर्सिंग स्टाफ की ओर से स्वाति भाष्कर ,सपना पटेल व चांदनी शर्मा ने कहा जीवन में सेवा का दायित्व निभाना हमारा अंतिम दम तक लक्ष्य है। जिसे डिजिटल युग मे पूरा करने का कार्य करते रहेंगे।

उक्त अवसर पर अस्पताल में गरीबों ,असहायों में निःशुल्क दवा, बिस्कुट, पानी बोतल, फल,लंच पैकेट अस्पताल के एमडी डॉ0 अनिल कुमार यादव ने वितरित किया।

उक्त अवसर पर नर्स शिवानी राजभर,अंजू यादव,स्वाति पटेल , नीशु पटेल, स्वाति ,सपना व चांदनी रनिंग स्टाफ सुनील पटेल, ऋषभ पाल व आकाश पटेल शामिल रहे।

अतिथियों का स्वागत राहुल यादव व कार्यक्रम का संचालन मैनेजर संजय शर्मा ने की।

# सेवा ,समर्पण ,करुणा की प्रतीक नर्स समाज को स्वस्थ बनाने में सराहनीय योगदान: डॉ0 राकेश सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र में सेवा में अग्रणी भूमिका ,जनहित सेवा में कार्यरत' दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर, सरायकाजी, हरहुआ में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नर्सिंग ऑफिसरों के सम्मान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग कर्मियों के सेवा, समर्पण एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना रहा।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ0 राकेश सिंह ने कहा कि नर्सें सेवा, समर्पण और करुणा की प्रतीक हैं तथा समाज को स्वस्थ बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सेवा भाव, अनुशासन एवं मानवता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर डाली एवं विनय कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं मरीजों के प्रति सेवा भावना के लिए हॉस्पिटल के चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर नर्सिंग ऑफिसरों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि मानव सेवा का दायित्व निभाना उनका अंतिम लक्ष्य है और वे डिजिटल युग में भी अपनी सेवाओं को और बेहतर ढंग से समाज तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अभिनव कुमार राय, डॉ. मनीष कुमार उपाध्याय, डॉ. पलक खेमका, डॉ. अनुप मिश्रा, संस्था के निदेशक विनय सिंह, परामर्श चिकित्सक डॉ. भरत तिवारी, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट मीनू मौर्या सहित सभी नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस नर्सों के प्रति सम्मान, आभार और उनके अमूल्य योगदान को पहचानने का अवसर है। समाज को स्वस्थ और सुरक्षित रखने में नर्सों की भूमिका अतुलनीय है तथा उनकी मेहनत, त्याग और समर्पण के लिए हम सभी उनके ऋणी हैं। नर्स सेवा धर्म के द्वारा लोगों को जीवन और सम्मान देने का कार्य करती हैं।

# रात के अंधेरे में हो रहे फर्जी भुगतान को लेकर रैकरी गांव के ग्रामीणों ने मचाया हंगामा वीडियो प्रसारित

**समाज जागरण**

मीरजापुर/राजगढ़ ब्लाक के रैकरी गांव में रविवार की रात्रि प्रधान पति प्रधान और सेक्रेटरी की मिली भगत से रात्रि के 10:00 बजे पंचायत भवन को खोलकर भाड़े के देवपुरा गांव के पंचायत सहायक को बुलाकर फर्जी भुगतान कराया जा रहा था जिसका पता चलने पर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने हंगामा मचाया और उसका वीडियो बनाकर प्रसारित कर दिया।लेकिन उसके बाद भी संबंधित अधिकारी गोल मटोल जवाब दे रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में रोष है।



पंचायत का चुनाव कब आ जाए कब ग्राम प्रधान का डोंगल और मोहर सरकार के पास जमा हो जाए इसी आशंका में ज्यादा से ज्यादा ग्राम प्रधान कागज पर या धरातल पर मशीनों से कार्य करा कर तेजतर्रा प्राइवेट ऑपरेटरों को बुलाकर फर्जी भुगतान करा रहे हैं।

क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में इस तरह का मामला धड़ल्ले से चल रहा है लेकिन संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

रविवार को रात्रि 9:00 बजे रात्रि ग्राम सभा में ग्राम प्रधान पति ग्राम प्रधान दूसरे पंचायत सहायक को बुलाकर कंप्यूटर पर कार्य कर रहे थे तो ग्रामीणों को पता चला तो वह पंचायत भवन पर पहुंचे और कंप्यूटर ऑपरेटर से पूछा कि आप यहां पर कैसे आ गए तो उन्होंने बताया कि हमें सेक्रेटरी साहब ने भुगतान करने के लिए भेजा है।तो ग्रामीणों ने कहा कि आप रात में क्यों आए दिन में आए होते तो गांव की पंचायत सहायक भी रहती उसको जो नहीं आता वह उसको आप बता देते रात्रि में क्यों आए वह इसका जवाब नहीं दे पाया और ग्रामीण उग्र हो गए। रात को ही ग्राम विकास अधिकारी फोन नहीं उठाएं। उन्होंने सहायक पंचायत अधिकारी राजगढ़ और खंड विकास अधिकारी एवं कार्य प्रभारी से उसकी शिकायत की जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया।

इसी प्रकार से एक हफ्ते पहले जिले के जिला पंचायत राज अधिकारी भी कार्यों का निरीक्षण करने आए थे तो उन्होंने पाया कि रैकरी गांव में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई गई हैं सरकार के आदेशों का अनुपालन नहीं हुआ है।

इसी प्रकार से फर्जी मास्टर रोल के जरिए 14 साल से लेकर 74 साल तक के लोगों को भुगतान किया गया है।इतना ही नही गांव के संभ्रांत लोग जो कभी अपने घरों में भी काम नहीं करते ऐसे लोगों को भी ग्राम प्रधान ने हजारों हजार रुपए मनरेगा मजदूरी में दिया है। जांच हुई सत्यता पकड़ी गई।फिर भी इस प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुआ जिससे इसका मनोबल बढ़ा हुआ है।

ग्रामीण संजय सिंह प्रवीण कुमार सिंह सिद्धनाथ सिंह इंद्राज सिंह आशीष सिंह आदि लोगों ने कहा कि यदि ग्राम प्रधान सेक्रेटरी और बाहरी कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण इसकी शिकायत जिला अधिकारी से करेंगे। इस संबंध में ऐडियो पंचायत राजगढ़ श्री कृष्ण उपाध्याय से बात कोई तो उन्होंने कहा कि दूसरे ग्राम सभा का कंप्यूटर ऑपरेटर काम नहीं कर सकता है। इसकी जांच कराई जाएगी।

**कार्य प्रभारी बोले**

राजगढ़ के देवपुरा धौरहा न्याय पंचायत के कार्य प्रभारी बीओपीआरडी अभय कुमार सिंह ने बताया कि गांव की पंचायत सहायक किसी कार्य को नहीं कर पा रही थी तो यदि आपने बाहर के पंचायत सहायक को बुलाया तो दिन के उजाले में उसे भी बैठा कर कार्य किए होते तो यह समझ में आता की उसकी सहायता के लिए बाहर से कंप्यूटर ऑपरेटर बुलाया गया लेकिन रात के अंधेरे में उसकी अनुपस्थिति में कंप्यूटर पर कार्य करना यह सही नहीं है इससे आशंका को आत्म बल मिलती है। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# राष्ट्रपति ने 15 नर्सों को प्रदान किए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार-2026

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में नर्सिंग के क्षेत्र में काम करने वालों को वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। विभिन्न क्षेत्रों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से कुल 15 नर्सों को उनकी अनुकरणीय सेवा, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रति अटूट समर्पण और समाज के कल्याण के प्रति उत्कृष्ट स्तर की प्रतिबद्धता के सम्मान में सम्मानित किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि "नर्सिंग कर्मी सेवा के उच्चतम मानकों का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और अक्सर सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों में करुणा, दृढ़ता और समर्पण की अडिग भावना के सम्मान में श्री नड्डा ने कहा, ह्लइस वर्ष के विषय 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन की रक्षा करती हैं', को दोहराते हुए हम देखते हैं कि कैसे नर्सें हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करती हैं और राष्ट्रीय प्रगति को गति प्रदान करती हैं। उनके कल्याण में पूंजी लगाकर हम स्वस्थ समुदायों, समृद्ध समाजों और मजबूत भविष्य का निर्माण करते हैं।

# संतो के सत्संग से जीवन को सही दिशा मिलने से जीव का कल्याण होता है सत्यानंद महाराज।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय सोहम् महामंडल के अध्यक्ष स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने सत्संग चर्चा करते हुए संतो के सत्संग चर्चा करने से जीव को जीवन जीने की सही दिशा और मिलती है और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्त होती है। जैन नगर आश्रम में संत प्रवचन के दौरान महाराज जी सत्संग विषय पर चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं को समझाया कि संत महापुरुषों के सानिध्य और उनके सत्संग प्रवचनों से बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ मन शुद्ध होता है और सद् चरित्र का निर्माण होता है।



संतो के प्रवचन का एकाग्रता से चिंतन और मनन करना चाहिए जो जीवन के लिए कल्याणकारी होता है।

सत्संग से जीव का विवेक जागृत होता है आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ भक्ति भाव सुदृढ़ बनता है क्रोध मोह आदि दुगुर्णों पर नियंत्रण होता है। संत कृपा मिलने से जीव मात्र को ईश्वर प्राप्ति और मोक्ष का मार्ग सरल हो जाता है।

सत्संग में संत स्वामी प्रीतम दास जी महाराज स्वामी नारायणनंद जी स्वामी कृपालु जी महाराज स्वामी सुवोध स्वरूप जी ने अपने श्रद्धालुओं को धर्म उपदेश दिए गए। जैननगर आश्रम में16 मई शनिवार तक प्रतिदिन 4 से 6 बजे तक सत्संग प्रवचन का आयोजन रहेगा।

# कैलाश राजपूत को मंत्री बनाए जाने पर हर्ष, जसराना क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी लोधी देवेंद्र सिंह ने दी बधाई।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय कैलाश राजपूत जी को मंत्री पद की शपथ दिलाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी लोधी देवेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया।

विकास की गति को मिलेगी नई ऊर्जा
समाजसेवी देवेंद्र सिंह ने बधाई संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि कैलाश राजपूत जी का मंत्री बनना उनके अथक परिश्रम और जनता के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है।



उन्होंने कहाः माननीय कैलाश राजपूत जी जमीन से जुड़े नेता हैं। उनके मंत्री बनने से न केवल तिर्वा विधानसभा, बल्कि पूरे जनपद में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। यह हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का क्षण है।"

समर्थकों में उत्साह का माहौल
विधायक कैलाश राजपूत को मंत्री बनाए जाने की खबर मिलते ही समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पटाखे छुड़ाकर खुशी का इजहार किया। देवेंद्र सिंह के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

क्षेत्र के लोगों का मानना है कि कैलाश राजपूत के मंत्री बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा और तिर्वा की समस्याओं का निस्तारण अब और भी प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

# निर्दोष को जेल भेजने का परिणाम ,कानपुर में पति को छुड़ाने के लिए 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी महिला

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। जब भी किसी के खिलाफ पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है ,तो पुलिस निष्पक्ष विवेचना नहीं करती। वह पहले आरोपी से सौदेबाजी करती है और जब बात नहीं बनती तो निर्दोष होने के बाद भी दोषी साबित करते हुए संबंधित व्यक्ति को जेल भेज देती है। इसी आशय की घटना के परिणाम ने एक महिला को पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास बने 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़वा दिया। जानकारी के मुताबिक उसने ऐसा इसलिए किया ,क्योंकि उसके कथित निर्दोष पति को पास्को एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है, जिसे छुड़ाने की मांग को लेकर ही महिला ने यह कदम उठाया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर समेत कई अधिकारी महिला को टावर से नीचे उतर आने के लिए मनाते रहे लेकिन वह तैयार नहीं हुई। उसका कहना था कि जब तक उसके पति को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा ,तब तक वह टावर से नीचे नहीं उतरेगी। इस स्थिति से समाचार लिखे जाने तक पुलिस में भीहड़कंप देखा गया।



यह महिला टावर पर चढ़ते ही चिल्लाने लगी कि मेरे पति को छोड़ दो नहीं तो यहां से कूदकर जान दे दूंगी। टॉवर पर महिला को देखकर आसपास काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

मौके पर पहुंचे स्टाफ ऑफिसर अमरनाथ यादव ने महिला को समझाने की कोशिश की ,जिस पर महिला ने कहा कि जब तक मेरे पति जेल से नही छूटेंगे तब तक मैं टॉवर से नहीं उतरूंगी।

करीब आधे घंटे बाद अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा भी पहुंचे उन्होंने भी समझाने की कोशिश की। बोले- नीचे उतर जाओ लेकिन समाचार लिखे जाने तक अपनी बात पर पड़ी रही। यद्यपि पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ इस तरह की यह घटना पहले नहीं है इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं महानगर में हो चुकी हैं। अधिकांश पीडतों का यही आरोप है कि अगर किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो जाती हैतो पुलिस निर्दोष को भीअपना शिकार बनती है और जेल जाने से बचने के नाम पर पैसे की मांग करती है और जब वह मांग पूरी नहीं हो पाती तो वह कथित निर्दोष को भी दोषी साबित करते हुए जेल भेज देती है ,जबकि इसी बात का फायदा उठाकर बहुत से लोग पैसे के बल पर दोषी होने के बाद भी बच जाते हैं। कानपुर में पुलिस कमिश्नर ऑफिस के टावर पर चढ़ने वाली महिला रानी का भी मामला कुछ इसी तरह का होने का दावा किया गया है जिसमें उसके पति महेश को जेल भेजा गया था।

# उन्नत पूर्वानुमान प्रणालियां 10 दिन पहले तक स्थानीय मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएंगी: डॉ. जितेंद्र सिंह

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत विकसित दो उन्नत मौसम पूवार्नुमान उत्पादों का शुभारंभ किया। इनका उद्देश्य देश भर में अत्यंत-स्थानीय, प्रभाव-आधारित और एआई-संचालित मौसम सेवाएं उपलब्ध कराना है।

आज शुभारंभ किए गए दो उत्पादों में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा पहली बार "देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून की आगे बढ़ने का पूवार्नुमान" के रूप में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित प्रणाली और एक पायलट सेवा के रूप में "उत्तर प्रदेश के लिए उच्च स्थानिक रिजॉल्यूशन वर्षा पूवार्नुमान" शामिल है। इन प्रणालियों को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे और राष्ट्रीय मीडियम रेंज मौसम पूवार्नुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की मौसम पूवार्नुमान क्षमताओं में बड़ा बदलाव आया है। प्रौद्योगिकी, डेटा एकीकरण और उन्नत मॉडलिंग ने पूवार्नुमान की सटीकता और आईएमडी सेवाओं में जनता के विश्वास को काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आईएमडी आज गवर्नेंस, आपदा तैयारी, कृषि योजना और रोजमर्रा के सार्वजनिक निर्णय लेने का एक अभिन्न अंग बन गया है। मंत्री महोदय ने कहा कि नवनिर्मित प्रणालियां पारंपरिक मौसम पूवार्नुमान से हटकर प्रभाव-आधारित और निर्णय-सहायक पूवार्नुमान की ओर एक बड़े बदलाव का प्रतीक हैं। यह प्रणालियां किसानों, प्रशासकों, आपदा प्रबंधकों और नागरिकों को सटीक, स्थान-विशिष्ट और कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करने में सक्षम हैं। यह शुभारंभ कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मि-हका हॉल में आयोजित किया गया। इसमें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन, आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय मोहपात्रा, आईआईटीएम पुणे के निदेशक डॉ. सूर्यचंद्र राव, आईएमडी, आईआईटीएम और एनसीएमआरडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अधिकारी तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भारत के मौसम संबंधी बुनियादी ढांचे के तेजी से आधुनिकीकरण का जिक्र करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि लगभग एक दशक पहले देश में मुश्किल से 16 से 17 डॉप्लर मौसम रडार थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर लगभग 50 हो गई है और मिशन मौसम के तहत 50 और रडार लगाने की योजना है। उन्होंने कहा कि निगरानी नेटवर्क, स्वचालित मौसम स्टेशनों, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणालियों और डिजिटल प्रसार प्लेटफार्मों के इस विस्तार से पूरे देश में मौसम पूवार्नुमान क्षमता और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में काफी सुधार हुआ है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि एआई-आधारित मानसून अग्रिम पूवार्नुमान प्रणाली प्रत्येक बुधवार को मानसून की प्रगति का संभाव्य पूवार्नुमान चार सप्ताह पहले तक उपलब्ध कराएगी। यह प्रणाली कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्रसार ढांचे के माध्यम से 16 राज्यों और 3,000 से अधिक उप-जिलों के किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली कृषि नियोजन और तैयारियों के लिए उपयोगी पूवार्नुमान प्रदान करने हेतु एआई-आधारित पूवार्नुमान मॉडल, विस्तारित रेंज पूवार्नुमान प्रणालियों और सांख्यिकीय तकनीकों को एकीकृत करती है।

मंत्री महोदय ने कहा कि दूसरा उत्पाद, ҧҧउत्तर प्रदेश के लिए उच्च स्थानिक रिजॉल्यूशन वर्षा पूवार्नुमानҧҧ, पायलट सेवा के रूप में विकसित किया गया है। यह प्रणाली 1-किलोमीटर के स्थानिक रिजॉल्यूशन पर 10 दिन पहले तक वर्षा पूवार्नुमान उपलब्ध कराएगी। यह प्रणाली उन्नत एआई-आधारित डाउनस्केलिंग तकनीकों का उपयोग करती है और स्वचालित वषार्मापी (एआरजी), स्वचालित मौसम स्टेशनों (एडब्ल्यूएस), डॉप्लर मौसम रडार और उपग्रह-आधारित वर्षा डेटासेट से प्राप्त डेटा को एकीकृत करती है।

# जिला कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर दीपक कालू का हुआ जोरदार स्वागत

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। संस्कार भारती के महानगर जिला कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर दीपक गुप्ता कालू का भव्य स्वागत व सम्मान स्थानीय शिवम रेस्टोरेंट में अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता व नवनियुक्त अध्यक्ष उद्देश्य तिवारी द्वारा पूरी टीम के साथ संयुक्त रूप से किया गया जिसमें संस्कार भारती महानगर के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे जिसमें पीत पट्टिका पहनाकर व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया




इस अवसर पर फिरोजाबाद महानगर जिला कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू ने कहा कि मुझ पर जो विश्वास भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जताया है, मैं उसे अपनी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगा भाजपा सिर्फ एक राजनैतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहाँ हर कार्यकर्ता को अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मिलता है हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया महाराज योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश नेतृत्व के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए मैं संगठन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा और आप सभी के सहयोग से 2027 विधानसभा का चुनाव में पूरे फिरोजाबाद में भारतीय जनता पार्टी के कमल के फूल को जीताने का कार्य किया जाएगा

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रवीण अग्रवाल स्मार्ट टॉक द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवाकांत पलिया, प्रवीण अग्रवाल सेवा सदन सोनम सेठ, मयंक भटनागर, शैलेश अग्रवाल, रविंद्र बंसल,अजय गुप्ता, अभिषेक मित्तल, क्रांति, कपिल अग्रवाल, अनुग्रह, गोपाल, मयंक सारस्वत, बृजेश यादव संजीव जैन, विकी, अनिल अग्रवाल, प्रदीप, राकेश मित्तल, अंकित अग्रवाल, आलोक जांगरिया, अनुज गुप्ता, अनंत गुप्ता, अमित गुप्ता, स्नेहलता शर्मा आदि पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर बनाए आकर्षक पोस्टर।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद की शाखा के तत्वाधान में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में कु गुंजन, तनु, कोमल, मोहिनी, सुमिति, मुस्कान, अतिमा, अंजली, नैना, हार्दिक, अंश, अभिराज, देव, प्रियांशु, हर्षित, रामगोपाल, अनिरुद्ध, आदित्य, प्रिंस, नीलेश, गुफरान, गौरव, दिव्यांशु, कार्तिक ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आकर्षक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण पोस्टर प्रदर्शित करके अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों के बनाए आकर्षक पोस्टरों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अंजय जैन एवं विपुल जैन ने विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मोहनलालगंज में ट्रैवलर की टक्कर से बाइक सवार रिटायर्ड एसआई की मौत, चालक फरार--

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ मोहनलालगंज थाना क्षेत्र मे सड़क हादसे में पुलिस से रिटायर्ड उपनिरीक्षक वासुदेव यादव की मौत हो गई। हरिकंशगढ़ी चौकी के सामने कट पर पीछे से आ रही ट्रैवलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

पुलिस के अनुसार, पीजीआई के बाबूखेड़ा निवासी 74 वर्षीय वासुदेव यादव एसआई पद सेवानिवृत्त थे। वे सोमवार रात बाइक UP32LR3589 से पीजीआई से मोहनलालगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीजीआई से मोहनलालगंज जा रही ट्रैवलर UP33BT3279 ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।



स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से ट्रॉमा-2 पीजीआई भेजा। पुलिस ने उनके मोबाइल से बेटी रेनू यादव को घटना की जानकारी दी। परिवारीजनों की मौजूदगी में इलाज के दौरान वासुदेव यादव ने दम तोड़ दिया।हादसे के बाद ट्रैवलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेष त्रिपाठी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# स्वशासी राज्य चिकित्सालय से सबन्धित जिला अस्पताल में लपके सक्रिय

## ऑपरेशन के नाम पर ठग ले गये हजारों रुपये।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सालय से सम्बंधित जिला अस्पताल में दलाल व लपको के सक्रिय होने की बजह से मरीजो को उपचार के नाम पर खुले आम लूटा जा रहा है लेकिन अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की जाती है

ऐसा ही एक मामला थाना मटसेना के सोहराम गढ़ी निवासी रोहित जो पैर में फैक्चर होने की बजह से 07 अप्रैल 2026 से जिला अस्पताल में ऑपरेशन होने के कारण भर्ती कराया गया है। रोहित की बहन पूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहित उसका भाई है। जिसके पैर में एक्सीडेंट होने से फ्रैक्चर हो गया। जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसी दौरान वहां घूम रहे एक युवक जिसने अपना नाम सुमित बताया उसने कहा कि रोहित का ऑपरेशन करवा दिया जायेगा। जिसके बदले उसने 17 हजार दो सौ रुपये ले लिए और फरार हो गया। जिसकी काफी तलाश की लेकिन कही पता नही चल सका। उसके बाद चिकित्सक से उपचार कराने के लिये बात की गयी। तो उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के लिये बाहर से सामान आयेगा। जिसके लिये 25 हजार रुपये फिर से जमा करवाये गये है।



लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, कि उपचार के नाम पर 17 हजार लेकर फरार होने वाला व्यक्ति कौंन है। जो उपचार कराने के नाम पर रुपये लेकर गायब हो गया। पूजा ने बताया कि में इसकी शिकायत लेकर जिला अस्पताल के सीएमएस के पास भी गयी थी। उसके बाबजूद भी कोई कार्यवाही नही की गयी। ऐसा ही दूसरा मामला दीपक नामक मरीज का है उससे भी इस विभाग ने6000 ले लिए हैं आखिर स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय बनने के बाद हर जगह सुरक्षा गार्डों को तैनात किया गया है। फिर लपके व दलाल कैसे सक्रिय हो गये।

# ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान 13-14 मई 2026 को छत्तीसगढ़ के दौरे पर जाएंगे

**समाज जागरण**

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान 13-14 मई 2026 को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे के दौरान माननीय राज्य मंत्री नवा रायपुर में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य में संचालित प्रमुख ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा का मुख्य फोकस योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण आजीविका एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाले कार्यक्रमों के परिणामों को बेहतर बनाने पर रहेगा।



माननीय राज्य मंत्री लाभार्थियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा सामुदायिक हितधारकों के साथ संवाद भी करेंगे, ताकि विभिन्न योजनाओं के जमीनी प्रभाव का प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया जा सके। यह संवाद ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में सामुदायिक भागीदारी तथा क्षेत्रीय स्तर पर क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेगा। दौरे के दूसरे दिन श्री कमलेश पासवान विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत संचालित कार्यों की जमीनी प्रगति का निरीक्षण करने हेतु क्षेत्रीय भ्रमण करेंगे। वे विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों का अवलोकन भी करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं एवं अन्य लाभार्थियों से संवाद करेंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन एवं आजीविका संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह दौरा ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूत करने, आजीविका के अवसरों का विस्तार करने तथा कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रभावी जमीनी पहुंच सुनिश्चित करने के प्रति भारत सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। साथ ही, यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन के अनुरूप ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के मंत्रालय के संकल्प को मजबूत करता है।

# पोड़ाहातू गांव में 72 लाख की लागत से बनेगा चेकडैम, विधायक संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर के पोटका प्रखंड अंतर्गत चाकड़ी पंचायत के पोड़ाहातू गांव में मंगलवार को ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई) की ओर से रामगढ़ नाला पर बनने वाले एकल चेकडैम निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार द्वारा पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। करीब 72 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही सिंचाई समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने विधायक संजीव सरदार का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि इस चेकडैम के निर्माण से गांव की तस्वीर बदल जाएगी और खेती को नई दिशा मिलेगी।

किसानों के लिए वरदान साबित होगा चेकडैम
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजीव सरदार ने कहा कि यह चेकडैम क्षेत्र के किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पोटका और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन बरसात के बाद पानी की कमी के कारण किसानों को खेती में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पर्याप्त सिंचाई सुविधा नहीं होने के कारण किसान वर्ष में केवल एक फसल ही उगा पाते थे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती थी।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को उनके समक्ष रखा था। इसके बाद उन्होंने इस मुद्दे को राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री की पहल पर योजना को स्वीकृति मिली और अब इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विधायक ने कहा कि चेकडैम बनने के बाद वर्षभर पानी उपलब्ध रहेगा, जिससे किसान रबी और सब्जी जैसी अतिरिक्त फसलें भी उगा सकेंगे। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।





गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की अपील
विधायक संजीव सरदार ने निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य को तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य की निगरानी करने की अपील की ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग न हो सके।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उनका धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता से ही योजनाएं सफल होती हैं। यदि ग्रामीण जागरूक रहेंगे तो विकास कार्यों की गुणवत्ता भी बनी रहेगी और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचेगा।

गांव, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रयास विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार गांवों के समग्र विकास और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिंचाई, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों में योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है और इसी उद्देश्य से लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित
शिलान्यास कार्यक्रम में मुखिया संगीता सरदार, वार्ड सदस्य मालती सरदार, गणेश सरदार, ग्राम प्रधान बिनोद सरदार, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, मनोज सरदार, धनेश्वर सरदार, धीरेन सरदार, हेमसिंह सरदार, धनपति सरदार, मैथिसन सरदार, पोको सरदार, भुवनेश्वर सरदार, बिरेन पात्र, साइबनी सरदार, उर्मिला सरदार, बसंती सरदार, अगंती सरदार और संजय सरदार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने विधायक संजीव सरदार की जनसमर्पित कार्यशैली और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि चेकडैम निर्माण के बाद गांव में कृषि और जल संरक्षण की स्थिति बेहतर होगी तथा क्षेत्र के किसानों को लंबे समय तक इसका लाभ मिलेगा।

# डॉ. जितेंद्र सिंह कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 16वीं पेंशन अदालत की अध्यक्षता करेंगे

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित नीतियों के निर्माण संबंधी प्रमुख विभाग- पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों की शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निवारण कर उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य में पेंशन अदालत एक अनूठी पहल है, जो सरकार के संपूर्ण दृष्टिकोण (जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न मंत्रालयों, एजेंसियों और विभागों का साझा लक्ष्य के तहत एकीकृत होकर काम करना) के सिद्धांत पर काम करती है। इसमें किसी भी शिकायत से संबंधित सभी हितधारकों को साझा मंच पर लाकर वहीं पर शिकायतों का समाधान किया जाता है। ये अदालतें पेंशन संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए मौके पर ही निर्णय लेती हैं, जिससे पेंशनभोगियों को अदालतों का सहारा नहीं लेना पड़ता। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचता है और उन्हें प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र मिलता है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 2017 में पेंशन अदालतें आरंभ किए जाने के बाद से ही काफी समय से लंबित और जटिल पेंशन शिकायतों के समाधान में इसकी प्रभावी उपयोगिता रही है। अब तक आयोजित 15 पेंशन अदालतों में 27,812 मामलों पर सुनवाई हुई है, जिनमें 19,948 का मौके पर ही समाधान किया गया है। यह पेंशन अदालतों की 71.72 प्रतिशत से अधिक की सफलता दर को दशार्ता है। शेष मामलों का समाधान भी संबंधित पेंशन अदालतों के बाद अंतर-मंत्रालयी समीक्षा बैठकों द्वारा किया गया है।

इसी पहल को जारी रखते हुए पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग कल - कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 16 वीं पेंशन अदालत आयोजित करेगा।

# नवीनगर में 20 साल के पीयूष हत्याकांड का खुलासा, 4 नाबालिग गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना क्षेत्र में 2 मई 2026 को हुए 20 वर्षीय पीयूष कुमार की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में संलिप्त 4 विधि-विरुद्ध बालकों यानी नाबालिगों को पुलिस ने निरुद्ध कर लिया है।ग्राम-दिग्धी पोखराही स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के पास खेत से 2 मई को पीयूष कुमार, पिता विजय सिंह का शव बरामद किया गया था। गौरतलब है कि 28 अप्रैल को एक शादी समारोह में जाने के बाद पीयूष लापता था।शुरूआत में मामला गुमशुदगी कांड के रूप में दर्ज था, जिसे बाद में पोस्टमार्टम और जांच के आधार पर हत्या की धाराओं में बदल दिया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 के नेतृत्व में SIT का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 संजय कुमार पांडे ने हत्या कांड का खुलासा करते हुए बताया कि तकनीकी विश्लेषण और खुफिया सूचना के आधार पर 4 आरोपियों की पहचान हुई। पूछताछ में नाबालिगों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पीयूष ने आरोपियों में से एक की चाची के साथ बदसलूकी की थी। उसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए पीयूष को नवीनगर स्टेशन के पास नहर पुल पर बुलाया। वहां से उसे पोखराही रेलवे अंडर पास के पास ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल सामान और कुल 5 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसमें मृतक का मोबाइल और आरोपियों में से एक का जला हुआ फोन भी शामिल है। आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मोबाइल जला दिया था।औरंगाबाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। फिलहाल सभी चारों नाबालिगों को पुलिस अभिरक्षा में

# नबीनगर रेफरल अस्पताल में दिव्यांग शिविर : 55 में से 23 को मिला प्रमाण पत्र, 32 रेफर

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर रेफरल अस्पताल में मंगलवार को आयोजित दिव्यांग जांच एवं प्रमाण पत्र शिविर में 55 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। शिविर में जांच के बाद 23 दिव्यांगों को मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया, जबकि शेष 32 लोगों को आवश्यक जांच के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद थी। टीम ने दिव्यांगता की प्रकृति, प्रतिशत और श्रेणी के आधार पर जांच की।जिन 23 दिव्यांगों की जांच पूरी हो गई और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध थे, उन्हें मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया गया।वहीं 32 दिव्यांग को अन्य विशेष जांच की जरूरत बताकर सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने कहा कि विस्तृत जांच रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी दिव्यांगता का सही प्रतिशत तय हो सकेगा।अस्पताल प्रशासन ने कहा कि रेफर किए गए लोगों को जल्द से जल्द सदर अस्पताल में जांच कराकर प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह दी गई है। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार, डॉ सूरज कुमार ,डॉ सुमित कुमार,डॉ अरविंद कुमार,अस्पताल प्रबंधक ऊषा चौधरी,लिपिक आनंद कुमार, परिचारी विनोद कुमार, इमाम उल हक मौजूद थे

# पटना में प्रेमिका के घर में युवक को लगी गोली, मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के कदमकुआं थाना क्षेत्र में सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक घर के भीतर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने एक युवक को कुर्सी पर खून से लथपथ पाया। मृतक की पहचान राहुल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से एक शोरूम में काम करता था। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, राहुल का शव उसकी कथित प्रेमिका के घर से बरामद हुआ है। पुलिस की शुरूआती जांच इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। बताया जा रहा है कि राहुल और उसकी प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई थी, जिसके बाद राहुल ने खुद को गोली मार ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी ओर, मृतक के परिजनों ने आत्महत्या की बात को सिरे से खारिज करते हुए इसे सोची-समझी साजिश और हत्या करार दिया है। परिजनों का दावा है कि बीते 6 मई को राहुल का 'छेका' (सगाई की रस्म) हुआ था, जिससे उसकी प्रेमिका नाराज चल रही थी। आरोप है कि इसी रंजिश में राहुल को घर बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई। राहुल सुबह घर से खाना लेकर काम पर निकला था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत की खबर आई।घटना की गंभीरता को देखते हुए कदमकुआं थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमिका और उसके परिवार के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया है। मौके पर पहुंची एफएसएल (FSL) टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी कि यह आत्महत्या है या हत्या। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर गहराई से छानबीन कर रही है।

# बिहार में 20 मई को दवा दुकानों की महाहड़ताल

## ऑनलाइन फामेर्सी के विरोध में केमिस्टों का हल्ला बोल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के मरीजों और आम जनता के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण खबर है। ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने आगामी 20 मई को राज्यव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इस देशव्यापी बंद के समर्थन में बिहार के थोक और खुदरा दवा विक्रेता शामिल हो रहे हैं, जिससे प्रदेश में दवाइयों की किल्लत होने की पूरी संभावना है।

एसोसिएशन के अनुसार, विरोध प्रदर्शन का सिलसिला 16 मई से ही शुरू हो जाएगा, जिसके तहत दुकानदार 19 मई तक काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। हड़ताल की शुरूआत 19 मई की रात से ही हो जाएगी और 20 मई को पूरे दिन मोहल्लों की छोटी दुकानों से लेकर थोक मंडियां तक पूरी तरह बंद रहेंगी। दवा कारोबारियों का मुख्य आरोप है कि ऑनलाइन दवा कंपनियों (E-Pharmacies) के विस्तार से पारंपरिक मेडिकल स्टोर के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। कारोबारियों के अनुसार इंटरनेट आधारित कंपनियों के कारण छोटे दुकानदारों का रोजगार छिन रहा है। ऑनलाइन बिक्री में नियमों की अनदेखी होती है, जिससे नकली या गलत दवाओं के पहुंचने का जोखिम रहता है। पारंपरिक दुकानों पर प्रशिक्षित फार्मासिस्ट मरीजों को सही सलाह देते हैं, जो ऑनलाइन माध्यम में संभव नहीं है। हड़ताल की खबर से मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों में चिंता बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और दवा विक्रेताओं ने आम जन से अपील की है कि वे 20 मई से पहले अपनी जरूरत की आवश्यक दवाइयां खरीदकर सुरक्षित रख लें, ताकि बंद के दौरान किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े।विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल दौर में तकनीक और पारंपरिक व्यापार के बीच संतुलन बनाना अनिवार्य है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों और ऑनलाइन दवाओं की सख्त निगरानी पर ध्यान नहीं देती है, तो भविष्य में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। फिलहाल, लोगों की नजरें सरकार और व्यापारियों के बीच होने वाली संभावित बातचीत पर टिकी हैं।

# पटना के सिपारा में वाहन जांच के दौरान हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान में बेऊर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सिपारा इलाके में सघन वाहन जांच के दौरान एक ऑटो से चार अपराधियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ धर दबोचा। जानकारी के अनुसार, वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 11 और 12 मई 2026 की मध्य रात्रि बेऊर थाना पुलिस बासटाल सिपारा के पास बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच कर रही थी। तभी एक संदिग्ध ऑटो संख्या BR01PL 0282 को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही ऑटो में सवार युवक वाहन छोड़कर भागने लगे, जिन्हें पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की तलाशी लेने पर उनके पास से ल एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस, सात हजार रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त ऑटो को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान पटना सिटी क्षेत्र के चौक थाना के मंगल तालाब नोवासी रौशन कुमार, मालसलामी थाना के इमली मुरारपुर निवासी कारू कुमार, छोटी नगला निवासी सुजीत कुमार, नवाबगंज निवासी मोनु कुमार के रूप में हुई।मामले की पुष्टि करते हुए फुलवारीशरीफ-01 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) सुशील कुमार ने बताया कि इस संबंध में बेऊर थाना कांड संख्या 281/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों पर आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे या नहीं। इस सफल छापेमारी टीम में बेऊर थानाध्यक्ष अफसर हुसैन, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक जयप्रकाश राय और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# राजस्थान महोत्सव सह मेला 2026 की तैयारियां शुरू, गोपाल मैदान में भूमि पूजन के साथ पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित ‬राजस्थान महोत्सव सह मेला 2026‬ की तैयारियां अब पूरी रफ्तार पकड़ चुकी हैं। इसी क्रम में सोमवार को बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में विधिवत भूमि पूजन, बजरंग ध्वज स्थापना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के बीच पूरे मैदान में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और आयोजन समिति के सदस्यों में उत्साह साफ झलकता रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना से हुई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने भगवान से आयोजन की



सफलता, समाज की उन्नति तथा शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। बजरंग ध्वज स्थापना के दौरान श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। भूमि पूजन के साथ ही मेले के लिए भव्य पंडाल निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।

मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाला राजस्थान महोत्सव सह मेला पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य, आकर्षक और विस्तृत होगा। मेले में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। पारंपरिक लोक कला, राजस्थानी लोक संगीत, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प इस महोत्सव के प्रमुख आकर्षण होंगे।

उन्होंने बताया कि मेले में शहरवासियों के लिए कई विशेष आकर्षण तैयार किए जा रहे हैं। राजस्थान की प्रसिद्ध खानपान संस्कृति को दशार्ने वाले स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां दाल-बाटी-चूरमा, घेवर, कचौरी, गट्टे की सब्जी सहित कई पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लोग ले सकेंगे। इसके अलावा रंग-बिरंगे सजावटी सामान, हस्तनिर्मित कलाकृतियां, पारंपरिक वस्त्र एवं आभूषणों के स्टॉल भी लोगों को आकर्षित करेंगे।

बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, गेम जोन एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों की भी व्यवस्था की जाएगी। वहीं महिलाओं एवं युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह महोत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होगा, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास भी होगा।

मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ शहरवासियों को सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोग मेले में शामिल होंगे और राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में जुट गए हैं।

ज्ञात हो कि आगामी 17 मई से 20 मई 2026 तक बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में राजस्थान महोत्सव सह मेला 2026 का आयोजन किया जाएगा। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव को लेकर समाज के लोगों के साथ-साथ शहरवासियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाने की तैयारी की जा रही है ताकि लोगों को राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति का वास्तविक अनुभव मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल, जिला महासचिव प्रदीप मिश्रा, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री विमल अग्रवाल, जिला संरक्षक सुशील रामरायका, संयुक्त महासचिव अंकुश जवानपुरिया, आकाश शाह, उपाध्यक्ष दिलीप गोयल, मनोज चेतानी, सुरेश कुमार अग्रवाल, राकेश अग्रवाल (बागा), विकास गढ़वाल, पंकज संघी, महेश छापोलिया, अंकित मोदी, विमल हरलूपका, सुनील सोंथालिया, विकास सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# पटना के बोरिंग कैनाल रोड की आभूषण दुकान से 25 लाख की चोरी, तिजोरी ले उड़े चोर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के पॉश इलाके बोरिंग कैनाल रोड में बेखौफ अपराधियों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। बीती रात चोरों ने “सोना दो पैसा लो” नामक आभूषण दुकान का शटर काटकर लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरों में कैद हो गई है। दुकान के मालिक आशीष द्वारा बुद्धा कॉलोनी थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, चोरी की घटना रात लगभग 2:39 बजे हुई। फुटेज में दो नकाबपोश युवक दुकान के पास आते दिख रहे हैं। शातिर चोरों ने पहचान छिपाने के लिए सबसे पहले बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की दिशा मोड़ दी। इसके बाद शटर काटकर अंदर प्रवेश किया और महज कुछ ही मिनटों में गहनों और नकदी से भरी भारी-भरकम तिजोरी लेकर फरार हो गए। दुकानदार के मुताबिक, चोरी गई तिजोरी में लगभग सात किलो चांदी के आभूषण और पांच लाख रुपये नकद रखे थे। चोरी हुई संपत्ति की कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि दुकान के ठीक ऊपर भारतीय स्टेट बैंक का कार्यालय है और यह एक व्यस्त रिहायशी इलाका है, फिर भी अपराधियों ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। घटना की सूचना मिलते ही बुद्धा कॉलोनी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दुकान और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह एक सुनियोजित चोरी लग रही है और अपराधियों को दुकान की आंतरिक बनावट की जानकारी पहले से थी। स्थानीय व्यापारियों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर आक्रोश जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का दावा है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जे एम एम पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय गतका चैंपियनशिप संपन्न, 250 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**



हजारीबाग, 11 मई : जे एम एम पब्लिक स्कूल में आयोजित तीसरी जिला स्तरीय गतका चैंपियनशिप प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के आठ विद्यालयों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि जे एम एम पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा। वहीं रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल एवं डीपीएस स्कूल बरही ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेप-7 के कमांडेंट आईपीएस अधिकारी अविनाश कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के निर्देशक राजन मेहता, निर्देशिका अफरीन मेहता एवं प्राचार्य मनीष रंजन मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अविनाश कुमार ने कहा कि गतका मार्शल आर्ट विशेष रूप से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का प्रभावी माध्यम है तथा झारखंड में यह तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका हर्ष राजपूत, मिथलेश कुमार, पलक सिंह, सुहानी, अनन्या ऋतुराज, रिद्धि केसरी, आर्यन राज, आशुतोष एवं श्रेष्ठ ने निभाई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। झारखंड गतका संघ के महासचिव प्रिंस मिश्रा ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# पदमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया, नर्सों को किया गया सम्मानित

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**




पदमा : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमा में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आवाज प्रेस संवाददाता पंकज कुमार एवं डॉ. दीपक कोनगाड़ी के विशेष सौजन्य से किया गया।

इस अवसर पर डॉ. दीपक कोनगाड़ी ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और मरीजों की सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। वहीं पंकज कुमार ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी नर्सों का समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। पंचायत समिति सदस्य मीना देवी ने नर्सों को स्वास्थ्य सेवा की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में केक काटकर नर्स दिवस मनाया गया तथा नर्सों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रियंका टोप्पो, खुशबू कुमारी, सुमति मिंज, रीना कुमारी, ज्योति कुमारी, रूपा कुमारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सरायकेला जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र का मार्ग बना जानलेवा, नहीं है कोई लेने वाला सुध

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 12 मई 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र फेज एक की जर्जर सड़क की स्थिति को लेकर जनता का परेशानी और खतरा बढ़ता जा रहा है. सड़क की बदहाल स्थिति के वजह से आए दिन छोटे मोटे सड़क दुर्घटना होते रहती है। पम्मी धर्म कांटा से लेकर मिरुडीह जाने वाले मार्ग में रोजाना अपने ड्यूटी के लिए आम जनता को आना जाना करना पड़ता है,वही बड़े बड़े गड्ढों के वजह से गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

औद्योगिक क्षेत्र फेज एक के मार्ग केवल क्षेत्र ही नहीं, बल्कि मिरुडीज के हजारों लोगों के लिए अपने घर पहुंचने का प्रमुख संपर्क मार्ग है. इसके बावजूद सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है. सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन चुके हैं,आसपास स्थिति बेहद भयावह हो गई है. भारी वाहनों के लगातार परिचालन के कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और आए दिन वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं. इससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।गर्मी में उड़ती धूल और बारिश में जमा कीचड़ ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है.

# ICSE 12वीं में राष्ट्रीय टॉपर बनी आदित्यपुर निवासी शांभवी तिवारी को "ब्राह्मण गौरव सम्मान "से किया गया सम्मानित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 12 मई 2026: श्री परशुराम शक्ति सेना के द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय टॉपर बनी आदित्यपुर निवासी शांभवी तिवारी को उनके आवास पर "ब्राह्मण गौरव सम्मान "प्रदान कर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने शांभवी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी और इस उपलब्धि को संपूर्ण ब्राह्मण समाज के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर अभिषेक पाण्डेय,राहुल झा, संजय तिवारी, दिनेश पाठक, वीरेंद्र तिवारी,अभिषेक मिश्रा अभय मिश्रा, सौरभ पाठक एवं अन्य उपस्थित थे।

# जीडीपी आंकड़ों के प्रकाशन की तिथि में बदलाव, अब 7 जून को जारी होंगे अनंतिम अनुमान

## आंकड़ों की गुणवत्ता और व्यापकता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया निर्णय

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनंतिम अनुमानों तथा चौथी तिमाही के जीडीपी के त्रैमासिक अनुमानों की प्रकाशन तिथि में संशोधन किया है। अब तक ये आंकड़े मई माह के अंतिम कार्य दिवस को जारी किए जाते थे, लेकिन अब इन्हें प्रत्येक वर्ष 7 जून को अथवा यदि 7 जून अवकाश का दिन हो तो उससे पूर्व के कार्य दिवस पर जारी किया जाएगा।

मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार यह निर्णय राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी सलाहकार समिति (एसीएनएएस) से परामर्श के उपरांत लिया गया है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय आय से संबंधित आंकड़ों की गुणवत्ता, व्यापकता और विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। मंत्रालय ने बताया कि कुछ महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े दो माह की देरी से उपलब्ध होते हैं, जिसके कारण प्रकाशन तिथि में संशोधन आवश्यक हो गया था। विशेष रूप से सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा अपने लेखापरीक्षित चौथी तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत करने की वैधानिक समय-सीमा वित्तीय वर्ष समाप्त होने के 60 दिन बाद तक होती है। इसी कारण बड़ी संख्या में कंपनियां 31 मई के आसपास अपने वित्तीय विवरण दाखिल करती हैं।

# बांग्लादेश में सफल पोर्ट कॉल के बाद आईओएस सागर का चट्टोग्राम से प्रस्थान

हिंद महासागर जहाज (आईओएस) सागर पहल के तहत तैनात, भारतीय नौसेना का आईएनएस सुनयना, बांग्लादेश नौसेना (बीएन) के साथ पेशेवर गतिविधियों, समुद्री सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से संपन्न सफल पोर्ट कॉल के बाद 10 मई, 2026 को बांग्लादेश के चट्टोग्राम से रवाना हुआ। जहाज वर्तमान में श्रीलंका के कोलंबो रूट पर है। बांग्लादेश नौसेना द्वारा औपचारिक विदाई समारोह के साथ जहाज को रवाना किया गया। इस यात्रा के दौरान, आईओएस सागर के कमांडिंग ऑफिसर ने बांग्लादेश नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की, जिनमें कमांडर बटालियन फ्लीट और कमांडर चट्टोग्राम नौसेना क्षेत्र शामिल थे।

# बिसरख जलालपुर के 10 किसानों को मिले आबादी भूखंड, ड्रॉ और सीधा आवंटन संपन्न

## समान आकार के 8 भूखंडों का ड्रॉ, 3 भूखंडों का सीधा आवंटन



समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। बिसरख जलालपुर के किसानों को 6 प्रतिशत आबादी भूखंड आवंटन प्रक्रिया के तहत बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को आयोजित प्रक्रिया में 10 किसानों को उनके भूखंड आवंटित किए गए।

### 8 भूखंडों का ड्रॉ, 3 का सीधा आवंटन

किसानों की उपस्थिति में ओएसडी गुंजा सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन सुधीर कुमार, प्रबंधक प्रमोद कुमार और प्रबंधक कपिल तोंगड़ की देखरेख में समान आकार वाले 8 भूखंडों का ड्रॉ कराया गया। वहीं, 3 भूखंडों का आकार भिन्न होने के कारण उनका ड्रॉ नहीं किया गया और उन्हें सीधे किसानों के नाम आवंटित कर दिया गया।

### पूरी प्रक्रिया की फोटो और वीडियोग्राफी भी कराई गई।

### वर्षों से लंबित था मामला

जानकारी के अनुसार, बिसरख जलालपुर के किसानों की भूमि अधिग्रहण के बाद से 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों का आवंटन लंबे समय से लंबित था। किसानों ने इस संबंध में प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार से भी गुहार लगाई थी, जिसके बाद संबंधित विभागों को शीघ्र आवंटन के निर्देश दिए गए। इसके बाद नियोजन विभाग और आबादी भूखंड विभाग ने प्रक्रिया पूरी कर आवंटन सुनिश्चित किया।

### प्राधिकरण की प्राथमिकता: किसानों को भूखंड

ओएसडी गुंजा सिंह ने कहा कि किसानों को 6 प्रतिशत आबादी भूखंड उपलब्ध कराना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि बिसरख जलालपुर की तरह अन्य गांवों के पात्र किसानों को भी शीघ्र भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इस निर्णय से किसानों में संतोष और राहत का माहौल देखने को मिला।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई: भनौता में अतिक्रमण ध्वस्त, 40 हजार वर्ग मीटर भूमि मुक्त

## अवैध कॉलोनी निर्माण पर चला बुलडोजर, लगभग 80 करोड़ रुपये की जमीन कराई गई कब्जा मुक्त

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र ग्राम भनौता में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 40,000 वर्ग मीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया है। इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

यह कार्रवाई प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन.जी. रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख एवं परियोजना विभाग की टीम द्वारा की गई। कार्रवाई परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-2 के अंतर्गत संपन्न हुई।

### अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

अधिकारियों के अनुसार कॉलोनाइजर इस अधिसूचित भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान मौके पर बने अवैध निमार्णों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। ग्राम भनौता के खसरा संख्या-



135 की यह भूमि प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित एवं अधिसूचित है।

### लगभग दो घंटे चली कार्रवाई

वर्क सर्किल-2 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रदीप यादव के नेतृत्व में सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी एवं प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों की टीम ने यह कार्रवाई की, जो लगभग दो घंटे तक चली। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमित यादव ने चेतावनी दी कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति या नक्शा स्वीकृत कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी भूमि की खरीद से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग से पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि अवैध कॉलोनियों में उनकी मेहनत की कमाई न फंसे।

### भविष्य में भी जारी रहेगी कार्रवाई

प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों और अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मिजार्पुर पुलिस की साइबर कार्रवाई: 05 पीड़ितों को वापस मिले 79,393

## फेक इन्वेस्टमेंट ऐप, APK फाइल और आंगनवाड़ी योजना के नाम पर हुई थी ठगी

मिजार्पुर। साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए मिजार्पुर पुलिस ने पांच पीड़ितों से ठगी गई 79,393 की धनराशि वापस कराई है। अलग-अलग माध्यमों से साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों को पुलिस की कार्रवाई से राहत मिली।

### इन तरीकों से की गई साइबर ठगी

पुलिस के अनुसार अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा:
गुम हुए मोबाइल फोन,
फेक इन्वेस्टमेंट ऐप,
APK फाइल इंस्टॉल कराने,
तथा आंगनवाड़ी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर
पीड़ितों से ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई थी।

# टीएमयू में नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर बीटेक छात्रों का जलवा

## प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन, कोडिंग और टेक्निकल क्विज प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया हुनर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुरादाबाद। Teerthanker Mahaveer University के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (सीओई) एवं कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (सीसीएसआईटी) द्वारा नेशनल टेक्नोलॉजी डे-2026 के अवसर पर विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीटेक कंप्यूटर साइंस एवं अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।



### कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

नेशनल टेक्नोलॉजी डे के अवसर पर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन, पोस्टर प्रजेंटेशन, टेक्निकल ब्लॉग राइटिंग, कोडिंग कंटेस्ट तथा टेक्निकल क्विज जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
प्रतियोगिताओं के विजेता

### सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन में बीटेक एआई की सृद्धि गुप्ता प्रथम रहीं।

हार्डवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अनमोल कुमार, अंश शर्मा और शिवम राज की टीम विजेता रही। पोस्टर प्रजेंटेशन में बीएससी एनीमेशन की तनिषा सक्सेना ने बाजी मारी।
टेक्निकल ब्लॉग राइटिंग में बीटेक साइबर सिक्योरिटी के अभिवंश विजेता रहे।
कोडिंग कंटेस्ट में बीटेक एआई के यशवीर सैनी प्रथम रहे।
टेक्निकल क्विज में बीटेक आईबीएम के तन्मय सेठी और बीटेक एआई की दिपाली जैन विजेता घोषित किए गए।

प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता के विजेताओं को दो-दो हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### "टेक्नोलॉजी सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति"

कार्यक्रम की थीम "रेस्पॉन्सिबल इनोवेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ" रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।
मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एसेंचर के डिसीजन साइंस एनालिस्ट स्वतंत्र जैन ने कहा कि तकनीक आज देश के विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सेवाएं, नवीकरणीय ऊर्जा और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में भारत लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

### दूरसंचार और नई तकनीकों पर विशेष सत्र

एलटीटीसी के असिस्टेंट डायरेक्टर कृष्ण कुमार सिंह यादव ने ऑनलाइन सत्र में आधुनिक दूरसंचार प्रणाली, ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन और भविष्य की कम्युनिकेशन तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी।
फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने छात्रों को शोध, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रो. अनुराग वर्मा, प्रो. गुलिस्ता खान, डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. अलका वर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रों आशीष उपाध्याय और वर्णिका ने किया।

# फ्लोरेंस नाइटिंगेल जयंती पर जिला चिकित्सालय नोएडा में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया

## नर्सिंग स्टाफ के सेवा भाव की सराहना, उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्स सम्मानित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। दिनांक 12 मई 2026 को जिला चिकित्सालय नोएडा में फ्लोरेंस नाइटिंगेल जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने नर्सिंग अधिकारी, सिस्टर इंचार्ज एवं स्टाफ नर्सों के सेवा भाव की सराहना की।
डॉ. अजय राणा ने कहा कि मरीजों के प्रति करुणा, धैर्य और समर्पण ही एक नर्स की वास्तविक पहचान है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्स सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ के योगदान को स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बताया गया।



अस्पताल में मरीजों की स्थिति (दिनांक 12.05.2026)
ओपीडी मरीज: 3228
आभा स्कैन ओपीडी: 2983
श्री अमरनाथ यात्रा श्रद्धालु: 13
आई ऑरेशन: 11
सिजेरियन ऑपरेशन: 3
जनरल ओटी (माइनर): 14
जनरल ओटी (मेजर): 12
नए डॉग बाइट मरीज: 63
पुराने डॉग बाइट मरीज: 277
कुल डॉग बाइट मामले: 340
मेडिकोलीगल (पुलिस): 5
अन्य मामले: 38
कुल मामले: 383

### सेवा भावना का संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ का समर्पण ही अस्पताल की सेवा व्यवस्था को मजबूत बनाता है और समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कानपुर देहात के 400 करोड़ के जमीन घोटाले में पूर्व एडीएम सहित कंपनियों व बैंक अधिकारियों पर एफआईआर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई, मूसानगर थाने में तहसीलदार ने दर्ज कराया मुकदमा

### जालसाजी में तत्कालीन प्रशासनिक अफसरों और बैंक कर्मियों की भूमिका आई सामने

कानपुर देहात, 12 मई। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को जारी रखते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कानपुर देहात के भोगनीपुर क्षेत्र में करीब 400 करोड़ के जमीन घोटाले में सख्त कार्रवाई की गई है। थर्मल पावर प्लांट लगाने के नाम पर हुई वित्तीय अनियमितताओं को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व एडीएम और संबंधित कंपनियों व बैंकों के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

यह मामला साल 2011 से शुरू हुआ था। शासन ने चपरघटा और आसपास के गांवों (कृपालपुर, भुण्डा, रसूलपुर और भरतौली) की ग्राम समाज और निजी काश्तकारों की जमीन थर्मल प्लांट के लिए आवंटित की थी। जिलाधिकारी कपिल सिंह के संज्ञान में जब यह आया कि बिना सरकार की अनुमति के सरकारी जमीन को बैंकों में बंधक रखा गया है, तो उन्होंने जांच के आदेश दिए। जांच में पता चला कि कंपनियों ने अफसरों के साथ मिलकर राजस्व क्षति पहुंचाई है। इसके बाद भोगनीपुर तहसीलदार प्रिया सिंह की तहरीर पर थाना मूसानगर में एफआईआर दर्ज की गई है।

### थर्मल प्लांट लगाने का था प्रस्ताव

कानपुर देहात के भोगनीपुर में वर्ष 2011 में हिमावत पावर और लैन्को अनपरा पावर कंपनियों को थर्मल पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए 7 गांवों की लगभग 2332 एकड़




भूमि दी गई थी। समझौते की शर्तों के अनुसार, इन कंपनियों को 3 साल के भीतर निर्माण कार्य शुरू कर बिजली उत्पादन करना था। लेकिन 15 साल बीत जाने के बाद भी कंपनियों ने वहां कोई काम नहीं किया और वह सरकारी तथा अधिग्रहीत भूमि आज भी खाली पड़ी है।
इन कंपनियों ने धोखाधड़ी करते हुए भूमि समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया। प्रशासन को यह भी शिकायत मिली कि पावर कंपनियों ने इस सरकारी भूमि को गिरवी रखकर बैंकों से 1500 करोड़ रुपये का कर्ज ले लिया। कंपनियों ने न तो बिजली घर बनाया और न ही बैंकों का कर्ज चुकाया।

### जांच में क्या आया सामने

जांच में सामने आया है कि इस पूरे मामले में कंपनियों और बैंकों के साथ-साथ तत्कालीन अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) ओ.के. सिंह की भी मिलीभगत थी। जब बैंकों ने इस कीमती भूमि को अवैध रूप से नीलाम करने की कोशिश की, तो वर्तमान जिलाधिकारी कपिल सिंह ने इसका संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्काल एक्शन लिया गया। नीलामी पर रोक लगाकर इसे सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कराया गया।

वर्तमान में इस जमीन की कीमत सर्किल रेट के मुताबिक 300 करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि बाजार मूल्य इससे भी कहीं अधिक है। शासन के निर्देश पर अब दोनों कंपनियों, संबंधित बैंकों (IDBI, कैनरा, PNB) के अधिकारियों और दोषी प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ थाना मूसानगर में जालसाजी और साजिश की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# आगरा में अखण्ड हिन्दू राष्ट्र सम्मेलन आयोजित, विभिन्न मुद्दों पर उठी मांगें

## अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हिन्दू राष्ट्र, समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण कानून की उठाई मांग

समाज जागरण/संदीप गर्ग

आगरा। अखिल भारत हिन्दू महासभा की आगरा जिला इकाई द्वारा संजय प्लेस स्थित यूथ हॉस्टल सभागार में अखण्ड हिन्दू राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




### हिन्दू राष्ट्र और समान नागरिक संहिता की मांग

सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भारत को संवैधानिक रूप से हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने, गौहत्या पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने तथा मजबूत जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की भी मांग उठाई।

उन्होंने टेंपल एक्ट समाप्त करने और लव जिहाद तथा लैंड जिहाद से जुड़े मामलों में कठोर कानून बनाए जाने की आवश्यकता बताई।

### हिन्दू संगठनों और गौरक्षकों की सुरक्षा की मांग

डॉ. शर्मा ने कहा कि हिन्दू संतों, गौरक्षकों एवं हिन्दूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से रक्षा क्षेत्र को और मजबूत बनाने तथा भारतीय सेना के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

### "हिन्दू एकता राष्ट्रीय आवश्यकता"

उन्होंने कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन कर रही है। उन्होंने ह्लराजनीति का हिन्दूकरण और हिन्दुओं का सैनिकीकरणह्व को राष्ट्रीय आवश्यकता बताया।

साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव समाप्त कर हिन्दू एकता स्थापित करने का आह्वान किया।

### जिला कार्यालय का उद्घाटन

सम्मेलन के बाद डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने अखिल भारत हिन्दू महासभा के आगरा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया और मीडिया प्रतिनिधियों से भी बातचीत की।

# अमरोहा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

## चोरी की वारदात का खुलासा, 24 लाख के आभूषण बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

अमरोहा। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अमरोहा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के एक शातिर अभियुक्त को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 24 लाख रुपये मूल्य के चोरी के आभूषण बरामद किए हैं।

### सुनसान मकानों को बनाता था निशाना

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त फैक्ट्रियों की आवासीय कॉलोनियों के आसपास घूमकर पहले बंद और सुनसान मकानों की रेकी करता था। मौका मिलते ही वह अपने साथ लाए गए औजारों की सहायता से मकानों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर जाता था।

### सोने-चांदी के आभूषण और नकदी करता था चोरी

अभियुक्त मुख्य रूप से घरों में रखे सोने-चांदी के



आभूषण और नकदी को निशाना बनाता था। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से विभिन्न राज्यों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

### पुलिस की सतर्कता से मिली सफलता

अमरोहा police की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर अभियुक्त को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया। बरामद आभूषणों की कीमत लगभग 24 लाख रुपये आंकी गई है।

### गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# यूपी पुलिस की तत्परता: ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति को वापस मिले 52,320

## रामपुर पुलिस की साइबर कार्रवाई से पीड़ित को मिली राहत

रामपुर। ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते से ठगे गए 52,320 वापस कराए हैं। साइबर ठगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पीड़ित को राहत दिलाई।

### साइबर ठगों से सतर्क रहने की अपील

यूपी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, ओटीपी, सीवीवी या अन्य व्यक्तिगत वित्तीय जानकारी साझा न करें। पुलिस ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के खाते से धोखाधड़ी के माध्यम से धनराशि निकल जाती है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

पुलिस अधिकारियों के अनुसार समय रहते शिकायत दर्ज कराने पर ठगी गई रकम को वापस कराने की संभावना बढ़ जाती है। साइबर अपराधों से बचाव के लिए लोगों को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है।

# बांदा पुलिस की बड़ी सफलता: 10 वर्षीय अपहृत बालक 24 घंटे में सकुशल बरामद

## सगे मामा समेत 03 अपहरणकर्ता गिरफ्तार, हरियाणा के रोहतक से मिला बच्चा

बांदा। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बांदा पुलिस ने अपहरण के एक सनसनीखेज मामले का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए 10 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बच्चे के सगे मामा सहित तीन अपहरणकताओं को गिरफ्तार किया है।

### स्कूल से किया गया था अपहरण

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पैसों के लालच में सुनियोजित तरीके से बच्चे का स्कूल से अपहरण किया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल विभिन्न टीमों का गठन कर जांच शुरू की।
तकनीकी साक्ष्यों और लगातार की गई कार्रवाई के आधार पर पुलिस ने



अपहृत बच्चे को हरियाणा के रोहतक से सकुशल बरामद कर लिया। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि अपहरण की साजिश में बच्चे का सगा मामा भी शामिल था। पुलिस ने मामा समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के शीघ्र खुलासे और बच्चे की सुरक्षित बरामदगी को लेकर पुलिस की कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चंदौली में 03 हत्याओं का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, उपचार के दौरान मौत

## ट्रेन और अस्पताल में 24 घंटे के भीतर तीन हत्याओं से दहशत फैलाने वाला अभियुक्त ढेर

चंदौली। उत्तर प्रदेश पुलिस की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चंदौली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर तीन जघन्य हत्याओं को अंजाम देने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। गंभीर रूप से घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेन और अस्पताल में की थीं हत्याएं

पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने बिना किसी ठोस कारण के निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर गोली मार दी थी। आरोपी ने ट्रेन और अस्पताल परिसर में ताबड़तोड़ फायरिंग कर तीन लोगों की हत्या कर दी थी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था।

### पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

घटनाओं के खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चंदौली पुलिस लगातार अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस और अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें आरोपी घायल हो गया।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार



दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरुद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरुद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज



जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी सेहत को क्या नुकसान होता है -

डायबिटीज़

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

वजन बढ़ना

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

सेक्स ड्राइव में कमी

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते हैं जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

एंग्जायटी और डिप्रेशन

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

इम्युनिटी कमजोर होना

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।